ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक कृष्ण पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 30 अक्टूबर 2023 • वर्ष-30 • अंक-15 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

कंगना रनौत ने दर्शकों से 'तेजस' देखने की...

पेज 10 पर





## गागर में सागर

### सडक हादसे में चार घायल

**मेदिनीनगर।** नावाबजार थाना क्षेत्र के रजहरा निवासी दिनेश राम के पुत्र वशिष्ठ राम और उसी गांव के रामभजो राम शनिवार की रात बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि दोनों किसी काम से मेदिनीनगर आये थे। घर लौटने के दौरान रजहरा रेलवे स्टेशन के पास अनियंत्रित होकर बाइक गिर गई। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं दूसरी घटना में चैनपुर थाना क्षेत्र के पनेरी बांध निवासी रामा बैगा के पुत्र छोटू कुमार और सुदामा सिंह बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि छोटू और सुदामा एक बाइक पर सवार होकर बुधवार की सुबह किसी काम से मनिका रिश्तेदार के घर गए हुए थे। वापसी के दौरान रास्ते में पोलपोल गांव के पास चार पहिया वाहन की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गये।

### यज्ञ समिति के भोला अध्यक्ष व विरेंद्र बने सचिव



**सतबरवा।** प्रखंड के खामडीह गांव में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ आयोजित कराने को लेकर रविवार को बैठक की गई। जिसमें भोला सिंह को यज्ञ समिति का अध्यक्ष व विरेंद्र कुमार मेहता को सचिव नियुक्त किया गया। इसी क्रम में बबलू साव को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में सोनू साव, अशोक साव, रामवनेश्वर चौधरी, लालबाबू चौधरी, सत्येन्द्र चौधरी, बिष्णु साव, सुरेश विश्वकर्मा, बागेश्वर मेहता , रामधनी यादव, बिक्रम यादव, निवास ठाकुर आदि को भी अहम जिम्मेदारी दी गई। संस्थापक विनय कुमार सिंह ने बताया कि यज्ञ 14 फरवरी से शुरू होगा जो पूणार्हुति के साथ 22 फरवरी 2024 को भंडारा के साथ समाप्त होगा। यज्ञ बिहार के छपरा जिला के आलोक उपाध्याय की देखरेख में संपन्न होगा। बैठक में मुख्य रूप से नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार उर्फ अकलू बाबा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### शहर में बढ़ रहा नकली शराब का कारोबार

**मेदिनीनगर।** नकली शराब के कारोबार में बढ़ोतरी की गई है। उत्पाद अधीक्षक के निर्देशानुसार नकली शराब की कारोबारी में बढ़ोतरी की गई है। सरकार द्वारा संचालित शराब की दुकान पर खुलेआम नकली शराब बेची जा रही है। यह शराब से कितने लोगों को जान माल के हानि होती है। कई लोग इसका विरोध करने पर शराब दुकानदार बोलते हैं कि जो करना है वह करो ऊपर भी खर्चा देना पड़ता है जोकि झारखंड सरकार का निर्देश है कि प्रिंट मूल्य पर शराब दुकानदार को बेचना है। लेकिन यहां क्वार्टर पर? 20रुपया, हाफ पर? 40 रुपया, फूल पर 50रुपया का अवैध रूप से वसूली की जाती है। अभी शराब में झारखंड का सबसे ज्यादा राजस्व की वसूली होता है। जिसमें आम आदमी बिल्कुल सही तरीका से मुक्त भोगी होता है। कितने लोग नकली शराब का सेवन कर मौत के घाट चढ़ गए हैं। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक से बात करने पर बताया जाता है कि कहां पर नकली शराब बिक रहे हैं यह जानकारी हमें तुरंत दे। लेकिन जो दुकान में नकली शराब की बिक्री होती है वह दुकानदार खुद बोलता है कि ऊपर तक देना पड़ता है। इस संबंध में पब्लिक बुरी तरीका से फंस जाते हैं। कि आखिर पर न्याय मिले तो कहां मिले। अभी नकली शराब पर कारोबारी बहुत तेजी से फैल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में नकली शराब की अधिक मात्रा में सेवन की जा रही है। इसमें कितने लोग सेवन करने से मर भी जा रहे हैं।

### स्कूल भवन शिलान्यास कार्यक्रम आज

**पाटन।** छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कल प्रातः 11:00 बजे पाटन प्रखंड के ग्राम सतौवा में स्कूल भवन का शिलान्यास तथा 12:00 बजे पाटन ब्लॉक प्रखंड परिसर में बिल्डिंग का शिलान्यास करेंगी। यह जानकारी भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने दी।

### भीम आर्मी ने पांकी विधायक के खिलाफ किया बड़ा आंदोलन

**मेदिनीनगर।** भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के बैनर तले पांकी विधायक शशिभिषण मेहता के खिलाफ आंदोलन का आयोजन किया गया। ज्ञात हो की बीते कुछ दिन पहले पांकी विधायक शशिभुषण मेहता ने मुस्लिम समाज के प्रति गैरसंवैधानिक बयान बाजी की गई थीं जिसमे उन्होंने कहा था की दाढ़ी टोपी वाले गाय का गोस्त खाने वाले व्यक्ति मंदिर के आस पास मिलेंगे तो उन्हें दौड़ा दौड़ा कर मारेंगे। आंदोलन में उपस्थित आजाद समाज पार्टी नेता नागमणि रजक ने कहा की भारतीय संविधान सभी धर्मो को बराबरी का हक देता है,बीजेपी विधायक की गैरसंविधानिक बयानबाजी पर पुलिस प्रशासन और चुनाव आयोग को विचार करना चाहीए। उन्होने कहा की विधायक जी अपने कार्यकाल में शून्य कार्य किए हैं अब हिन्दू मुस्लिम की गंदी राजनीति करके क्षेत्र को गंदा करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा की चुनाव के समय विधायक शशिभूषण मेहता जी ने हर गांव में 5 बोर, छोटे बड़े नदी पर पुल, सहिया और स्वम सहायता समूह के महिलाओं को मानदेय देने की बात,समान कार्य के लिए समान वेतन देने की बात कही थी,परन्तु आज इनके जुबान पर सिर्फ हिंदु मुस्लिम की बात सुनी जा रही है जो अपने मुद्दे से भटक गए हैं।इसबर जनता जग चुकी है और अगले विधानसभा चुनाव में जनता इस ब्यान का जवाब वोटों के रुप में देंगी।वहीं मौके पर उपस्थित आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव राम कुमार रवी जी ने कहा की विधायक जी क्षेत्र में दंगा करवाना चाहते हैं जो भीम आर्मी के रहते बिलकुल नहीं चलेगी। उन्होने कहा की जब विधानसभा सत्र चलती है तो विद्यायक जी के द्वारा रोजगार, स्वस्थ,शिक्षा,आकल की मुद्दा को भूलकर सिर्फ हिंदु मुस्लिम की बात कही जाती है जो निंदनीय है।वहीं जिला अध्यक्ष शशिरंजन भारती जी भी अपनी प्रतिक्रिया में कहा की अब पांकी में हिंदू भाई भी शशिभूषण मेहता जी के साथ नहीं है आज संविधान की युग है धर्म की बात नही संविधान की बात करने की जरूरत है। कार्यक्रम के अंतिम में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता पांकी विधायक शशिभिषण मेहता का पुतला भी जलाकर बिरोध जताया।मौके पर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष शशिरंजन भारती,पांकी प्रखंड अध्यक्ष मतीन अहमद सहित भीम आर्मी जिला सचिव अनुराग भारती ,सीताराम कुमार,सुहैल अंसारी, दिनेश अंबेडकर, दीपक अम्बेडकर,चंदन आजाद, जी,चुनमुन कुमार,आशा अंबेडकर ,गीता आंबेडकर, नजना सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सर्दी, खांसी व बुखार के मरीजों की ओपीडी में भीड़



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मौसम परिवर्तन के साथ ही हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी में सर्दी,खांसी व बुखार से पीडित मरीजों की भारी भीड उमड रही है। ओपीडी में कार्यरत डॉ. आकाश कुमार ने बताया कि अभी अधिकतर मरीज मौसमी बीमारी सर्दी, खांसी व बुखार के अस्पताल में आ रहे हैं। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि मौसमी बीमारियों के लिए खांसी की सीरफ को छोड़कर अन्य सभी दवाईयां उपलब्ध है। साथ ही जो दवा उपलब्ध नहीं है, उसके लिए जिले से मांग की गई हैं। एएनएम संगीता कुमारी ने बताया कि प्रसव कक्ष में चार गर्भवती माताएं भर्ती हैं। जिसमें एक का प्रसव नॉर्मल कराया गया है। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं। प्रभारी अस्पताल उपाधीक्षक डा. दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि यहां तीन बजे से सुबह नौ बजे तक इमरजेंसी सेवा दी जाती हैं। उसको छोड़कर ओपीडी में 200 से 250 मरीजों का इलाज प्रतिदिन किया जाता हैं।

## डीएसपी बिरेन्द्र राम की बेटी के एसडीएम बनने से हर्ष

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कटैया गांव निवासी बिंदेश्वरी राम के पुत्र सह पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में तैनात डीएसपी बिरेन्द्र राम की बेटी विनीता कुमारी ने 67वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में 126वां रैंक लाकर सफलता हासिल की है। गांव की बेटी की सफलता से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। विनिता ने बताया कि वह स्कूल की पढ़ाई रांची के डीएवी बरियातू से पूरी की है। उसके बाद उच्च शिक्षा बीआईटी मेसरा से की। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने पिता डीएसपी बिरेंद्र राम, माता लीलावती देवी सहित गुरुजनों को दी है। पिता से ही उन्हें लोक सेवा में आने की प्रेरणा मिली। कामयाबी के बाद भी वह यूपीएससी की तैयारी करती



रहेंगी। इनकी सफलता पर विनीता के दादा बिंदेश्वरी राम, दादी सीतापति देवी, छोटी बहन श्रुति कुमारी, भाई बिमलेंद्र कुमार, ज्योति देवी, रविशंकर कुमार सहित ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया है।

### मेदिनीराय मेडिकल कालेज के डा. उदय सिंह ने दी उपयोगी जानकारी

# बच्चों में फास्ट फुड की लत है खतरनाक, छुटकारे को करें उपाय

**फास्ट फूड के अधिक सेवन करने से बच्चे में डायबिटिज का खतरा बढ़ जाता है : डा. उदय सिंह**

**इससे बचने के लिए अभिभावकों को बच्चे के खान-पान को लेकर एक सूची तैयार करने की नसीहत दी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आजकल बच्चे पोषक तत्वों के लिए नहीं बल्कि स्वाद बढ़ाने के लिए भोजन करते हैं। यही वजह है कि फास्ट फूड उनकी पहली पसंद बनता जा रहा है। हाल ही में बच्चों पर फास्ट फूड के बढते दुष्प्रभाव के बावत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के डा. उदय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फास्ट फूड के बढते प्रचलन से स्कूली बच्चों में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है। लड़कों में पेट के हिस्से का मोटापा अधिक देखने को मिल रहा है। वहीं लड़कियों को पूरे शरीर का मोटापा घेर रहा है। उन्होंने बताया कि फास्ट फूड का अत्याधिक सेवन और खेल-कूद में रुचि न दिखाने से यह समस्या बढ़ी है। उन्होंने बताया कि फास्ट फूड का का सेवन करने से लीवर कमजोर हो जाता है। साथ ही बच्चों का दिमाग भी कमजोर होने लगता है। फास्ट फूड के अधिक सेवन करने से बच्चे में डायबिटिज का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने इससे बचने के लिए अभिभावकों को बच्चे के खान-पान को लेकर एक सूची तैयार करने की नसीहत दी। सूची तैयार करते समय उसकी पसंद का ध्यान रखते हुए आवश्यक पौष्टिक चीजों को शामिल करें। योग या व्यायाम करने से शरीर, स्वास्थ व मन शांत रहता है। घर पर बने खाने में ही कुछ बदलाव लाकर उसके स्वाद के साथ थोड़ा प्रयोग करना भी जरूरी है।





**बच्चों के लिए सुरक्षित है इंसुलेटेड बैग लंच बॉक्स :** उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए इंसुलेटेड बैग वाला लंच बाक्स ही सर्वाधिक सुरक्षित होता है। इसमे रखा पदार्थ जहां लीक नहीं होता वहीं काफी देर तक गर्म भी रहता है। इस तरह के लंच बॉक्स में न सिर्फ काफी जगह होती है बल्कि आसानी से उसे धोए भी जा सकते हैं।

### प्लास्टिक लंच बॉक्स का न करें प्रयोग

डा. उदय सिंह ने बताया कि प्लास्टिक लंच बॉक्स में रखा खाना बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। क्योंकि प्लास्टिक में मौजूद हानिकारक केमिकल जेनोएस्ट्रोजेन खाने में मिलकर बच्चे के शरीर में पहुंचकर उसके हार्मोन के संतुलन को बिगाड़ सकता है। बच्चों कांच से बने लंच बाक्स का भी प्रयोग नहीं करना चाहिए। क्योंकि गिरने से इनके टूटने का खतरा बना रहता है। इससे बच्चों को चोट लगने की संभावना भी बनी रहती है।

## सड़क दुर्घटना में दो बच्चियां घायल, इलाज जारी



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नप अंतर्गत डंडीलाखुर्द निवासी ग्रासिम कारखाना कर्मचारी जेपी शुक्ल की स्कूल से लौट रही पुत्रियां साक्षी कुमारी 17वर्ष और मुक्ति कुमारी 14वर्ष बस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। समीप स्थित लोगों ने दोनों को उपचारार्थ आदित्य चिकित्सालय में भर्ती कराया। हादसे से आक्रोशित लोगों ने पीछा कर बस को बीमोड पर पकड लिया। इस दौरान मौका पाकर चालक फरार हो गया। इस दौरान समाचार कवरेज कर रहे यूट्यूबर कधवन निवासी रविरंजन सिंह आक्रोशित भीड का शिकार हुए। जिन्हें रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने किसी प्रकार लोगों के चंगुल से छुडाया। घायलों के बडे भाई रविंद्र शुक्ला कांग्रेस के विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष और बीस सूत्री क्रियान्यवन समिति के उपाध्यक्ष हैं। धक्का मारने वाली बस गढवा से रांची जा रही थी। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को अपने कब्जे में ले लिया है।

### अंचल कमेटी की बैठक में समस्याओं पर मंत्रणा

## जमींदारों के मंसूबों को नहीं होने देगी भाकपा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के अंचल कमेटी की बैठक रविवार को सरईडीह में जगदीश सिंह की अध्यक्षता में की गई। जिसमें हरैया,रबदा,अमवाडीह सहित दर्जनों गांवों के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने आरोप लगाया कि नौडीहा बाजार अंचल इलाके में पूर्व में भी जमींदार परिवार ने जाली कागज के बल पर गरीबों को उजाड़ने का काम किया था। वर्तमान में भी वैसा ही कुचक्र रचा जा रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर साकार नहीं होने दिया जाएगा। जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पलामू जिला भीषण अकाल की चपेट में है। कामकाज के अभाव में युवक मारे-मारे फिर रहे हैं। प्रखंड से लेकर जिला तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है। किसी भी स्तर पर जन समस्याओं की सुनवाई नहीं की जा रही है। समस्याओं को लेकर नौ नवंबर को डीसी कार्यालय के समक्ष व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें सैकडों नागरिक भाग लेंगे। अंचल सचिव अलखदेव राम, राजेन्द्र बैठा ने कहा कि इलाके में जमींदारों के साथ शासन-प्रशासन का भी दमन लगातार जारी है। बैठक में सुरेश ठाकुर, नसीम राइन, लखन राम, अमरेश मिस्त्री, सुनील कुमार, खेदन बैटा, केईल भूइंया, सुनेशवर पासवान, मोमुउदईन अंसारी, बिगन राम उपस्थित थे।

### सांप के काटने से महिला गंभीर, रेफर



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बरवाडीह गांव निवासी पिंटू कुमार रजक की 19 वषीर्या पत्नी पुष्पा देवी को विषैले सांप ने डंस लिया। गंभीर स्थिति में परिजनों द्वारा उन्हें हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि वह खेत में घास काटने गई थी, उसी क्रम में विषैले सांप ने डंस लिया।

### 200 किलो जावा महुआ को पुलिस ने किया नष्ट



हुसैनाबाद। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में डीसी के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने देवरी ओपी अंतर्गत ग्राम बलीबीघा के सुदूर क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब भट्ठी एवं करीब 200 किलो जावा महुआ को नष्ट किया। अवर निरीक्षक इंद्रदेव राम ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## हिंदू समाज को संगठित करना ही विहिप का उद्देश्य : दामोदर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद के समरसता आयाम द्वारा पलामू क्लब के पास सेवा बस्ती में आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई । कार्यक्रम के प्रारंभ में विहिप के कार्यकताओं ने सेवा वस्ती के लोगों के साथ महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि विश्व के पहले कवि थे। वे प्रजापति प्रचेता के दसवें पुत्र थे। वे मात्र कवि नहीं, बल्कि दिव्य अस्त्रों के ज्ञाता भी थे। उन्होंने ही लव और कुश को वीर योद्धा बनाया। जिन्होंने भगवान श्रीराम की संपूर्ण सेना को परास्त किया था। विश्व हिंदू परिषद किसी धर्म या संप्रदाय के विरुद्ध नहीं, अपितु सम्पूर्ण हिंदू समाज को संगठित करने के प्रति कृत संकल्पित है। समाज में व्याप्त भेदभाव और छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त कर हम संगठित और सशक्त समाज का निर्माण करना चाहते हैं। जिला संपर्क प्रमुख किशोर पाण्डेय ने कहा कि सर्वे हिंदवा सोदरा, न हिंदू पतितो भवेत विश्व हिंदू परिषद के घोष वाक्य है। जिन्हें हम पिछड़ी जाति, दलित या आदिवासी कहते हैं। वे सब के सब धर्म योद्धा हैं। इन्होंने मुगलों के अन्याय को सहा, लेकिन अपने धर्म को नहीं छोड़ा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, बजरंगी प्रकाश विश्वकर्मा, हिंदू जागरण मंच से विशाल कुमार सहित राधिका कुमारी, पलक आदि उपस्थित थीं।

**कार्यक्रम** — धर्म व संस्कृति के संरक्षण पर बल

## वनवासी कल्याण समिति का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**1952 से जशपुर में स्व. बालासाह देशपांडे के अथक प्रयासों से स्थापित यह संस्था आज नेपाल से लेकर अंडमान तक देश के सभी राज्यों में कार्यरत है**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वनवासी कल्याण केन्द्र का दो दिनी विभागीय ,जिला व प्रखंड समिति के दो दिवसीय दायित्व बोध प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों को दायित्वों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण वर्ग में गढ़वा, लातेहार और पलामू जिला के जिला समिति और प्रखंड समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। वर्ग को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री देवनंदन सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम जनजातियों के बीच एक रक्त के भाव को लेकर कार्य करने वाली भारत की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था है। 1952 में जशपुर में स्व. बालासाह देशपांडे के अथक प्रयासों से स्थापित यह संस्था आज नेपाल से लेकर अंडमान तक देश के सभी राज्यों में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उदेश्य जनजातियों के धर्म, संस्कृति, परपराएं, नृत्य, गायन, भाषा का संरक्षण है। इसके साथ ही उनके शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी प्राथमिकता दी जा रही है। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आज स्वावलंबी हो रहीं है। जिला सचिव अश्विनी मिश्रा ने कहा कि नगरवासी-वनवासी सभी भारतवासी हैं। इसी भाव को लेकर संगठन आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह, विभाग संगठन मंत्री सुमन उरांव, विभाग श्रद्धा जागरण प्रमुख रामजी उरांव, जिला संगठन मंत्री अंबिका सिंह उपस्थित थे।




## मंडल अध्यक्ष ने सुनी पीएम के मन की बात



नवीन मेल संवाददाता

**नावा बाजार।** जिला स्थित नावा बाजार प्रखंड में सभी बूथो पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुनी गई। बूथ संख्या 346, 342 ,तथा 352 पर मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में दर्जनों जनोपयोगी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका लाभा आम नागरिकों को मिल रहा है। मौके पर उपस्थित मध्य भाग के प्रभारी गिरजा शंकर राम, उत्तरी भाग के प्रभारी बलराम सिंह, दक्षिणी भाग के प्रभारी अरुण मेहता, सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार तिवारी, महामंत्री पंकज चंद्रवंशी, अशोक चौहान, मंत्री महेंद्र शाह, मनोज कुमार शाह, एससी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान सुनील सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, मंदीश चंद्रवंशी, पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह, अर्जुन मेहता, निर्मल यादव, संतोष प्रजापति, मीडिया प्रभारी उपेंद्र यादव, मुन्नी यादव, अखिलेश यादव उपस्थित थे।

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2080 ● सोमवार, 30 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-15 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

कंगना रनौत ने दर्शकों से 'तेजस' देखने की... पेज 10 पर






## गागर में सागर

### रघुवर दास 31 को ओडिशा के राज्यपाल पद की शपथ लेंगे

**भुवनेश्वर।** दिग्गज भाजपा नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के 31 अक्टूबर को ओडिशा के 26वें राज्यपाल के रूप में शपथ लेने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह 31 अक्टूबर को सुबह 11:45 बजे भुवनेश्वर के राजभवन में आयोजित होने वाला है। इस बीच, मनोनीत राज्यपाल दास सोमवार सुबह ट्रेन से पुरी पहुंचेंगे। बाद में रघुबर दास पुरी में श्रीजगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। 31 अक्टूबर को शपथ लेने से पहले उनके भुवनेश्वर में भगवान लिंगराज मंदिर में पूजा-अर्चना करने और भगवान का आशीर्वाद लेने की भी संभावना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18 अक्टूबर को रघुबर दास को ओडिशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया था। उन्होंने पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल का स्थान लिया, जिन्होंने राज्य को अलविदा कहा और शुक्रवार को अपने गृह राज्य हरियाणा के लिए रवाना हो गए। रघुवर दास 2014 से 2019 तक झारखंड के मुख्यमंत्री थे।

### मारपीट और बम चलाने के दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेव नगर थाना पुलिस ने मारपीट करने और बम मारकर जख्मी करने के मामले में विक्की यादव और विक्रम यादव को रविवार को गिरफ्तार किया है। दोनों काफी दिनों से फरार थे। दोनों को अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। सुखदेव नगर थाने में बीते 19 अगस्त को नेहा तिर्की ने मारपीट और बम मारने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि विक्की यादव, विक्रम यादव और लालू यादव सभी आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। इसी दौरान विक्की यादव ने घर से बम लाकर फेंका। बम फेंकने से राहुल तिर्की गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद 100 डायल कर घटना की जानकारी पुलिस को दी । पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर घायल को रिम्स भेजा। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया।

### महिला की पत्थर से कूचकर हत्या

**रांची।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बाजार टांड़ के पास की गली में शनिवार रात एक महिला की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गयी है। महिला की पहचान पूनम उरांव के रूप में हुई है। वह मजदूरी का काम करती थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और आगे की करवाई में जुट गयी। रविवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा। परिजनों ने पुलिस के समक्ष कहा कि उसकी बेटी पूनम उरांव और बेटे के बीच जमीन के मुआवजे को लेकर विवाद चल रहा था।बेड़ो बाइपास सड़क में जा रही जमीन के मुआवजे को लेकर यह विवाद था। वह मूल रूप से बेड़ो के बिनय बगीचा की रहने वाली थी। फिलहाल विद्युत सबस्टेशन के नीचे किराए के मकान में रहती थी।

### स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**गुमला।** जिले की बसिया थाना पुलिस ने एक दर्जन स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के अपराधी दिन में स्विफ्ट कार से विभिन्न स्कूलों की रेकी कर घटना को अंजाम देते थे। गिरफ्तार आरोपितों में सिसई थाना क्षेत्र स्थित मेन रोड निवासी दानिश अकरम उर्फ विक्की (30) , रहमत नगर निवासी सरफराज अंसारी ( 24) और रांची जिले के बेड़ो थाना क्षेत्र स्थित कैशा निवासी मो इमरान आलम (25) शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर एक स्वीफ्ट कार, इन्वर्टर, गैस सिलेण्डर, बर्तन, ताला तोडने का औजार-सब्बल सहित अन्य समान बरामद किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि 29 सितम्बर को बसिया थाना क्षेत्र के कुम्हारी स्थित उच्च विद्यालय का ताला तोड़कर कर चोरी कि घटना को अंजाम दिया गया था। मामले को लेकर बसिया थाना (कांड- 73/2023) में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। बीते शनिवार को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023

भारत VS इंगलैंड

भारत - 229 /9 ( 50 ओवर)

इंगलैंड -129 /10 ( 34.5ओवर)

**आज का मैच**

अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका : पुणे (2:00 बजे से)

# हेमंत सोरेन सरकार ने दी आंदोलनकारियों को राहत

## साढ़े 4 करोड़ की राशि का आवंटन, दिवाली से पूर्व होगा भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलनकारियों को दिवाली का तोहफा दिया है। सरकार ने इनके लिए 4 करोड़ 41 लाख 42 हजार रुपये का आवंटन कर दिया है। यह राशि पूरे राज्य भर के आंदोलनकारियों के लिए है, जिनका आवंटन लंबित था उनका भुगतान दिवाली से पूर्व किया जाना है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2023-24 में झारखंड/ वनांचल अलग राज्य के गठन हेतु आंदोलनकारियों/ आश्रितों की पेंशन/ सुविधाओं के भुगतान के लिए 4 करोड़ 41 लाख 42 हजार रुपये का आवंटन दिया है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड सरकार संकल्प संख्या 2108 , दिनांक 7 मई 2012 अधिसूचना संख्या 4920, दिनांक 10 अगस्त 2015 अधिसूचना संख्या 5240, दिनांक 20 सितंबर 2017 अधिसूचना संख्या 5275, दिनांक 22 सितम्बर 2017 अधिसूचना संख्या 7259, दिनांक 26 दिसंबर 2017 अधिसूचना संख्या 7260, दिनांक 26 12 2017 एवं समय-समय पर निर्गत विभागीय अधिसूचनाओं के आलोक में झारखंड/ वनांचल अलग राज्य के गठन के लिए आंदोलनकारियों/ आश्रितों का पेंशन/ सुविधाओं में देय होगा।



इसमें बोकारो जिला 22 लाख 81 हजार रुपये, पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा 6 लाख 82 हजार रुपये चतरा 10 लाख 84 हजार रुपये , देवघर 7 लाख 70 हजार रुपये, धनबाद 32 लाख 71 हजार रुपये, दुमका 50 लाख 98 हजार रुपये, गिरिडीह 31 लाख 71 हजार रुपये, गोड्डा 15 लख रुपये,गुमला 7 लाख 92 हजार रुपये, हजारीबाग 40 लाख, 10 हजार रुपये, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर 67 लाख 35 हजार रुपये, जामताड़ा 11 लाख रुपये, कोडरमा 30 लाख 40 हजार रुपये, लातेहार 1 लाख रुपये, लोहरदगा 24 लाख 41 हजार रुपये, पाकुड़ 3 लाख रुपये, पलामू 1 लाख 50 हजार रुपये, रामगढ़ 22 लाख 50 हजार रुपये, रांची 22 लाख 50 हजार रुपये, साहिबगंज 1 लाख 74 हजार रुपये, सरायकेला खरसावां 14 लाख 28 हजार रुपये, सिमडेगा 4 लाख 30 हजार रुपये, खूंटी 10 लाख 85 हजार 9 सौ रुपये आवंटन आंदोलनकारियों के बीच वितरण करने के लिए प्रदान किया गया है।

### रांची में कचरे के ढेर में हुआ ब्लास्ट, एक घायल

**रांची।** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित सदाबहार चौक के पास कचरा जलाने के दौरान जबरदस्त विस्फोट हुआ। विस्फोट की वजह से मौके पर मौजूद एक युवक जख्मी हो गया वहीं एक घर के शीशे और कुछ सामान नष्ट हो गए। जिस स्थान पर विस्फोट हुआ उसकी पूरी जांच बम निरोधक दस्ते के द्वारा की गई है।

**कचरा जलाने के दौरान अचानक हुआ विस्फोट :** मिली जानकारी के अनुसार नामकुम थाना क्षेत्र के सदाबहार चौक के पास कचरे का ढेर लगा हुआ था। कुछ लोगों ने उसमें आग लगा दी ताकि कचरा जल जाए। कचरा में आग लगाने के कुछ ही देर बाद अचानक उसमें एक जोरदार धमाका हुआ। धमाके के दौरान मौके पर मौजूद एक युवक जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा आनन फानन में घायल युवक को अस्पताल भेजा गया और मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दी गई। धमाका इतना जोरदार था ,एक घर के सीसे चकनाचूर हो गए। जिस जगह कचरा जलाया जा रहा था उसके पास में ही नर्मदा देवी का घर है विस्फोट की वजह से उनके घर के खिड़कियों के शीशे टूट गए और एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया।

# शिक्षा विभाग के समन्वय से लाखों युवाओं के मतदाता पंजीकरण का प्रयास

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक

### 9.40 लाख भावी युवा वोटर्स लोकसभा व विधानसभा चुनाव में करेंगे मतदान



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के विशेष प्रयासों से झारखंड में नए युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए अनूठी पहल की गई है। झारखंड के स्कूलों में कक्षा 11वीं व 12वीं में अध्ययनरत ऐसे स्टूडेंट्स जिनकी आयु 17 वर्ष से 18 वर्ष के बीच है, उन्हें भावी मतदाताओं के रूप में चिन्हित कर उनके अग्रिम प्रीफिल्ड फॉर्म-6 भरवाये जा रहे हैं। ई-विद्या वाहिनी पोर्टल की मदद से निकाले गए इस प्रकार के आंकड़ों से 9.4 लाख भावी मतदाताओं को चिन्हित कर उनके जिलावार आंकड़े जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के पास भेजे गए हैं। यदि यह मॉडल सफल रहा तो लाखों नए मतदाता आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। पहल को मूर्त रूप देने के लिए शिक्षा विभाग तथा निर्वाचन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो इसको लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों व उप निर्वाचन पदाधिकारियों, ईआरओ, एईआरओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अगले तीन दिन सघन अभियान चलाएं तथा राज्य के भावी मतदाताओं के अग्रिम फॉर्म जमा करवाने की सभी औपचारिकताएं पूरी करवा लें। इस अभियान में दो कोटि के छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया है। एक वे जिनकी आयु 01 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष की पूरी हो रही है। दूसरे वे जिनकी आयु 01 अक्टूबर ,2024 या उससे पूर्व 18 वर्ष पूरी होने जा रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपील की कि सभी लोग इस मुहिम में सर्वश्रेष्ठ कोशिश करें ताकि इन युवा मतदाताओं की मदद से राज्य के अन्य मतदाताओं के बीच भी जागरूकता का सकारात्मक माहौल बने और कोई वोटर छूटे नहीं। अभी सिर्फ झारखंड एकेडमिक काउंसिल से संबद्ध छात्रों के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# दिग्गज क्रिकेटर एमएस धोनी को एसबीआई ने बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** इंडिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई यानी कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही एमएस धोनी अब बैंक ग्राहकों को एसबीआई की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए दिखेंगे। इसे लेकर बैंक की ओर से बयान जारी किया गया है जिसमें कहा गया है कि महेंद्र सिंह धोनी स्टेट बैंक के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर विभिन्न विपणन और प्रचार अभियानों में अहम भूमिका निभाएंगे।

**महेंद्र सिंह धोनी की ये क्षमताएं हैं खास :** एक रिपोर्ट के अनुसार, देश के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बयान जारी किया गया है जिसमें आगे कहा गया है कि तनावपूर्ण स्थिति भले ही कितनी भी क्यों न हो, ऐसे समय में भी संयम बनाए रखने की महेंद्र सिंह धोनी की उल्लेखनीय क्षमता के साथ ही उनकी स्पष्ट सोच और दबाव



की स्थिति में फटाफट सही निर्णय लेने की क्षमता अब भारतीय स्टेट बैंक के साथ होगी। देशभर में अपने ग्राहकों और हितधारकों से जुड़ने के लिए ही इन सभी क्षमताओं को देखते हुए एसबीआई ने ब्रांड एंबेसडर के रूप में महेंद्र सिंह धोनी को एक आदर्श विकल्प माना है। अपने बयान में आगे एसबीआई ने कहा है कि एसबीआई का यह करार एमएस धोनी के साथ विश्वसनीयता और नेतृत्व के मूल्यों को दर्शाते हुए अपने ग्राहकों के साथ गहरे संबंध बनाने की बैंक की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# देश भर की 300 यूनिवर्सिटी में चार वर्षीय अंडरग्रैजुएट प्रोग्राम होगा लागू

**नई दिल्ली।** आने वाले नए शैक्षणिक सत्र से देश भर की 300 से अधिक यूनिवर्सिटीज 4 वर्षीय अंडरग्रैजुएट प्रोग्राम यानि एफवाईयूपी लागू कर सकती हैं। हालांकि यह नियम बाध्यकारी नहीं होगा। छात्रों के पास एफवाईयूपी या फिर 3 वर्षीय अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम को अपनाने का विकल्प मौजूद रहेगा। यूजीसी के मुताबिक छात्रों को रिसर्च स्पेशलाइजेशन के साथ चार वर्षीय स्नातक 'यूजी ऑनर्स' डिग्री मिलेगी। फिलहाल देश भर की करीब 150 यूनिवर्सिटी में मौजूदा सत्र 2023-24 से एफवाईयूपी लागू हो गया है। यूजीसी चेयरमैन प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार के मुताबिक अगले सत्र में यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2023-24 की शुरूआत में देशभर के 105 विश्वविद्यालयों ने एफवाईयूपी को लागू किया था। 4 वर्षीय अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों को लागू करने वाले विश्वविद्यालयों में 19 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 24 राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय, 44 डीम्ड विश्वविद्यालय और 18 प्राइवेट विश्वविद्यालय शामिल थे। इनमें दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, विश्व भारती विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय व मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय शामिल हैं। अब इन विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़कर 150 तक पहुंच चुकी है। एफवाईयूपी की रूपरेखा के तहत यूजीसी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रावधानों का पालन करते हुए छात्रों को तीन वर्षीय स्नातक डिग्री के साथ-साथ 4 वर्षीय ऑनर्स डिग्री हासिल करने का विकल्प प्रदान किया है। यूजीसी चेयरमैन के मुताबिक छात्र 120 क्रेडिट पूरा होने पर तीन वर्षीय यूजी डिग्री और 4 वर्ष में 160 क्रेडिट पूरा करने पर एफवाईयूपी ऑनर्स डिग्री हासिल कर सकेंगे। रिसर्च स्पेशलाइजेशन के इच्छुक छात्रों को चार साल के अंडर ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम में एक रिसर्च प्रोजेक्ट शुरू करना होगा। इससे उन्हें रिसर्च स्पेशलाइजेशन के साथ साथ ऑनर्स की डिग्री हासिल होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि चार वर्षीय अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम (एफवाईयूपी) के नए ड्राफ्ट से विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों को मदद मिलेगी। भारतीय छात्रों में विदेशों में पढ़ाई को लेकर क्रेज साल दर साल बढ़ रहा है। बीते साल नवंबर तक 6 लाख से ज्यादा भारतीय छात्र, उच्च शिक्षा के लिए विदेश गए हैं, जबकि 2021 में यह संख्या 4.44 लाख थी। इन आंकड़ों में कहा गया है कि कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली ऐसे शीर्ष 5 देश हैं जहां पर भारतीय छात्र पढ़ने के लिए ज्यादा जा रहे हैं। यूजीसी के नए ड्राफ्ट के अनुसार, अब छात्र तीन साल के बजाय चार साल पूरा करने पर ही अंडरग्रेजुएट 'ऑनर्स' की डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। यूजीसी का कहना है कि एफवाईयूपी का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड : मॉनसून ने की बेवफाई, फूलों की खेती से होगी भरपाई

# लहलहा रहे उम्मीदों के फूल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के 24 में से 18 जिलों के लाखों किसान इस साल फिर मॉनसून की बेवफाई से मायूस हुए हैं, लेकिन इन्हीं जिलों में कम से कम चार हजार किसान ऐसे हैं जिनके खेतों में उम्मीदों के फूल लहलहा रहे हैं। ये वो किसान हैं, जिन्होंने खरीफ की परंपरागत फसल का भरोसा टूटने के पहले फूलों की खेती की तैयारी कर ली थी।



दशहरे के बाद दीपावली, भाईदूज, गोवर्धन पूजा, छठ, क्रिसमस और न्यू ईयर तक त्योहारों-उत्सवों की पूरी श्रृंखला है और इस दौरान फूलों की बंपर डिमांड रहेगी। इसे देखते हुए पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम के दर्जनों गांवों में बड़ी संख्या में किसानों ने फूलों की खेती की है। हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड के खंभाटांड़ की महिला किसान अंजनी तिर्की ने हर साल परती रह जाने वाली जमीन पर गेंदा फूल की खेती शुरू की है। उन्होंने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के महिला समूह से 10 हजार रुपए का कर्ज लेकर अफ्रीकन वैरायटी के गेंदे के फूल लगाए हैं। उनके खेतों में लगभग 8,000 पौधे लगे हैं। अभी तक तीन बार फूलों की तुड़ाई हुई है और उनकी खेती की लागत वसूल हो चुकी है। पूरे सीजन में कम से कम दस बार फूलों की तुड़ाई होगी। अनुमान है कि तीस से चालीस हजार रुपए की कमाई होगी। हजारीबाग जिले के दारू प्रखंड स्थित पेटो निवासी अजय कुमार कोरोना काल में बेरोजगार हो गए थे। वह एक निजी स्कूल में संगीत के शिक्षक थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने लीज पर जमीन लेकर फूलों की खेती शुरू की। उन्होंने इसके लिए नई तकनीक का सहारा लिया और रात में एलईडी बल्ब लगाकर फूलों के पौधों के रोशनी दी। इस तकनीक से पौधे जल्द तैयार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# स्पाइक होल बना सुरक्षाबलों से बचने की जुगत में नक्सली

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के कोल्हान में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे लड़ाई में सुरक्षाबलों के सामने अब स्पाइक होल बड़ी मुसीबत साबित हो रहे हैं। पहले से ही आईईडी बमों की वजह से सुरक्षाबलों को कई तरह के नुकसान उठाने पड़े थे ,लेकिन अब स्पाइक होल भी सुरक्षाबलों के लिए खरतनाक साबित हो रहे।

**लगातार जवान हो रहे हैं घायल :** कोल्हान में नक्सलियों के द्वारा घने जंगलों में बनाए गए स्पाइक होल की वजह से अभियान में लगे जवान लगातार घायल हो रहे हैं। दो दिन पूर्व सीआरपीएफ के 60 बटालियन के सब इंस्पेक्टर परमिंदर स्पाइक होल में गिर गए , इसमें उन्हें गंभीर चोट आई ,जिसके बाद उन्हें एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। परमिंदर अभी भी अस्पताल में इलाजरत हैं। पिछले तीन महीने से केवल स्पाइक होल में गिरने की वजह से ही आधा दर्जन जवान घायल हुए हैं।चाईबासा पुलिस से मिले जानकारी के अनुसार स्पाइक होल की वजह से सिर्फ जवान ही नहीं घायल हुए हैं ,बल्कि कई ग्रामीण भी शिकार हुए हैं। कई पालतू पशुओं की तो मौत भी हो चुकी है।

**क्या है स्पाइक होल :** कोल्हान के जंगलों में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### बालक व बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**भंडरिया।** युवा जागृति केंद्र के तत्वाधान में स्थानीय राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में बालक व बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच मंजूर टोला टीम बनाम कूटकू टीम के बीच खेला गया, जिसमें कूटकु जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। इससे पहले टूर्नामेंट की शुरुआत मुख्य अतिथि युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा, प्रखंड उप प्रमुख श्रद्धा देवी, सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार आदि ने किया। इस मौके पर सिन्हा ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है इस तरह के आयोजन कर खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने की। खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा, अशोक केसरी, चंद्रशेखर सिंह, राकेश मुंडा, दिलीप मुंडा, अर्जुन कुमार, विजय सिंह, देवनारायण सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय किशोर रजक, भाजपा नेता राजेश कुमार वर्मा, अरुण चंद्रवंशी, क्षामुमो प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की, पूर्व मुखिया सुशीला केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

### देव आश्रम में रक्तदान शिविर आयोजित

**भवनाथपुर।** संत प्रवर विज्ञान देव महराज के 45वें जन्म दिवस पर विश्वव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन महर्षि सदाफल देव आश्रम सिन्दुरिया में किया गया। इसका शुभारंभ महर्षि सदाफल देव महाराज, प्रथम आचार्य धर्मचंद्र देव महाराज एवं द्वितीय आचार्य स्वतंत्र देव महाराज के चित्र पर उपेंद्रनाथ मिश्र अन्न मंत्री झारखंड, विवेक प्रसाद गुप्ता जिला संयोजक गढ़वा, सरयू प्रसाद अग्रवाल जिला वित्त प्रभारी गढ़वा द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। रक्त देने वालों में विभिन्न प्रखंडो से आये विवेक प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रमनुज सिंह, अरविन्द गुप्ता इंद्रजीत गुप्ता, जयपाल, संदीप, प्रवीण, गुलाब राम चंद्रवंशी, बिरबल, सूर्यमन यादव, संतोष, रंजीत, चंद्रप्रकाश, संतोष गुप्ता, उज्जवल गुप्ता, विपिन, प्रतिमा देवी, रंजीता देवी इत्यादि शामिल रहे। जिला से आये चिकित्सा कर्मी प्रदीप, दया, रुपदेव, संगीता द्वारा यह कार्यक्रम किया गया। आश्रम की व्यवस्था त्रिभुवन साह, रामप्यारे राम, महेंद्र साह, लाल सिंह ने संपन्न किया।

### नंद किशोर प्रसाद की पुण्यतिथि आज

**केतार।** समाजवादी विचार मंच द्वारा सोमवार को लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के प्रांगण में दोपहर 11 बजे स्व. नंदकिशोर प्रसाद का 18वीं पुण्यतिथि मनाई जायेगी। इसकी जानकारी समाजवादी विचार मंच के संयोजक राम विचार साहू ने दी। इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी प्रबुद्ध लोगों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

### समाजसेवी रामवृक्ष यादव का निधन

**चिनिया।** प्रखंड के समाजसेवी 75 वर्षीय रामवृक्ष यादव उर्फ मुखिया जी का निधन रविवार अहले सुबह 4:30 बजे ब्रेन हमरेज हो जाने से हो गया। स्व. यादव अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बताते चलें कि स्व. यादव 6 महीने से बीमार चल रहे थे। बीते चार दिनों से उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। उनका इलाज गढ़वा के एक निजी अस्पताल में कराया गया, जहां से उन्हें डाल्टनगंज के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनका ब्रेन हमरेज हो गया। उनका दाह संस्कार रविवार को चिनिया के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें क्षेत्र के सभी वर्गों के सैकड़ों लोग शामिल थे।

### पाल्हे जतपुरा में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के समापन अवसर पर जीयर स्वामी के सानिध्य में हुआ कार्यक्रम

# 210 पुरुष व 74 महिलाओं ने ग्रहण की दीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव में देश के महान संत जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के समापन के अवसर पर शनिवार की रात 210 पुरुष व 74 महिलाओं ने दीक्षा ग्रहण की। शिष्य बनने वाले सभी 210 पुरुषों को जीयर स्वामी महाराज व सभी 74 महिलाओं को जगतगुरु रामानुजाचार्य अयोध्या नाथ स्वामी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शंख, चक्र व गुरु मंत्र प्रदान कर शिष्य बनाया।

बताते चलें की जीयर स्वामी महाराज पाल्हे जतपुरा गांव में पांच माह तक रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती महा महोत्सव के अवसर पर चातुर्मास्य व्रत में थे। व्रत के समापन के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। दीक्षा लेने वाले वाले सभी शिष्यों को एक में शंख व दूसरे में चक्र का चिह्न प्रदान करने के साथ ही गुरु मंत्र दिया गया। इस पल का साक्षी बनने के लिए हजारों श्रद्धालु नर-नारी सहित यज्ञ समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यगण मौके पर उपस्थित थे। महिला-पुरुष शिष्यों को दीक्षा देते ही स्वामी जी के जयकारा से वातावरण गूंज उठा। दीक्षा ग्रहण करने के बाद सभी महिला-पुरुष शिष्यों ने प्रसाद पाकर महाप्रसाद ग्रहण किया।





## संतश्री जीयर स्वामी महाराज ने दिया टीडीएम इंटर कॉलेज में दर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

सनातन धर्म के महान विद्वत विभूषित श्री त्रिदंडी स्वामी परंपरा के वर्तमान प्रधान संत जीयर स्वामी महाराज का रविवार को यहां टीडीएम इंटर कॉलेज में पदार्पण हुआ, जहां पुष्प वर्षा से उनका भव्य स्वागत किया गया। कॉलेज के कर्मचारी एवं भक्तगणों ने स्वामी जी से आशीष प्राप्त किया। इसके पूर्व संतश्री ने पाल्हे-जतपुरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को संपन्न कराने के बाद बाबा बंशीधर भगवान का दर्शन किया। ततपश्चात टीडीएम कॉलेज पहुंचे।

स्वामी जी ने कॉलेज परिसर में अपना प्रथम कदम रखते ही कॉलेज की प्रशंसा की एवं कहा कि यह बहुत बढ़िया शैक्षणिक संस्थान है। इसे बहुत सुंदर तरीके से बनाया गया है। स्वामी जी ने कॉलेज में श्री लक्ष्मी नारायण और मां सरस्वती की आरती की और वहां उपस्थित सभी जनों को दर्शन दिया। बाबा का दर्शन कर सभी अभिभूत थे। उसके बाद स्वामी जी ने निमार्णाधीन शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज स्थल पहुंचे। स्वामी जी ने कहा कि वह भी कई शैक्षणिक संस्थाएं खोल रखे हैं, जहां बच्चों को उत्तम शिक्षा दी जा रही है। वतर्मान समय में शैक्षणिक संस्थान खोलना बड़ा समर्पण का कार्य है। इसका लाभ संपूर्ण समाज को मिलता है। यह एक ऐसा केंद्र बन जाता है जहां से शिक्षा, संस्कार, रोजगार, सामाजिक ज्ञान, भाई बंधुत्व, सद्गुण और धर्म का ज्ञान मिलता हैं। सबको दर्शन देने के बाद स्वामी श्री ने अपने अगले प्रवास के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर टीडीएम इंटर कॉलेज और शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि पूज्य संत का कदम पड़ते ही कॉलेज धन्य एवं पवित्र हो गया। स्वामी जी ने कॉलेज में पधारने के उनके आग्रह को स्वीकार कर बड़ा उपकार किया है। इसके लिए संस्थान उनका सदैव अनुग्रहित रहेगा। यह महाविद्यालय स्वामी जी के आशीर्वाद को आदेश मानकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता रहेगा और शैक्षणिक सेवा के अपने कर्तव्य को अर्श तक पहुंचाएगा। इस मौके पर टीडीएम इंटर कॉलेज के अध्यक्ष राजेश्वर प्रताप देव, प्राचार्य धनन्जय सिंह, शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रशांत सहाय, अविभावक रामजन्म सिंह, नरेंद्र सिंह, दीदी स्नेहलता, दीदी प्रेमलता के अलावे इंद्र प्रताप देव, ब्रजकिशोर देव, राणा प्रताप देव, गिरजा गणेश प्रताप देव, विनय कुमार देव, बिनोद कुमार देव, धीरेंद्र चौबे, नीलू चौबे, वीरेंद्र कुमार चौबे, शिक्षक वरुण कुमार पांडेय, विवेक सिंह, अमरेश यादव, राजीव रंजन प्रताप देव, दिलीप कुमार गुप्ता, रजनीश कुमार, जूही कुमारी, ममता कुमारी, बेबी कुमारी, टूटू बाबू, अमित कुमार सिंह, नवनीत कुमार सिंह, आशीष शुक्ल, प्रवीण कुमार, विकास देव सहित कई लोग उपस्थित थे।

**कहा-वह भी कई शैक्षणिक संस्थाएं खोल रखे हैं, जहां बच्चों को उत्तम शिक्षा दी जा रही**

## एनएचएमकर्मियों ने मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर किया कार्य

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



एनएचएम कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। एनएचएम कर्मियों ने उपायुक्त के नाम लिखे आवेदन अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक को सौंपा। जानकारी देते हुये अनुमंडलीय अस्पताल के बीपीएम करुणा कुमारी ने कहा कि कर्मियों ने अपने मानदेय में 15 प्रतिशत कटौती का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि मई माह में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में रांची में बैठक हुई थी। बैठक में एनएचएम झारखंड राज्य एड्स प्रोग्राम समिति के अंतर्गत कार्यरत अनुबंध कर्मियों को सातवें वेतनमान के आलोक में 15 प्रतिशत मानदेय की वृद्धि की गई थी। इसके बाद सभी एनएचएम कर्मियों को जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर तक बढ़ा हुआ मानदेय भुगतान भी किया गया। इसके बाद 15 अक्टूबर को स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सिविल सर्जन को निर्देश जारी करते हुए कहा गया कि 15 प्रतिशत मानदेय वृद्धि निरस्त किया गया। साथ ही 4 महीने तक वृद्धि करने के बाद मिला मानदेय वसूलने को कहा गया। उन्होंने कहा कि यह आदेश किसी भी तरह से न्याय संगत नहीं है। इसका अनुबंध कर्मी काला बिल्ला लगाकर विरोध कर रहे हैं। यदि इस आदेश को विभाग ने वापस नहीं लिया तो सभी एनएचएम कर्मी हड़ताल करने पर विवश होंगे। मौके पर विजय पाठक, अनुरंजन पांडेय, शांति, प्रेम लकड़ा, कुमारी नीलम लता, अंजनी कुमारी, गरिमा तिर्की आदि उपस्थित थे।

### छात्र ने फांसी के फंदे से लटक कर की आत्महत्या

**डंडई।** थाना क्षेत्र स्थित बैला झगड़ा गांव के मदरसा में रहकर पढ़ाई कर रहे एक छात्र ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार रात्रि 3:00 बजे की है। मृतक का नाम गुलाम मुज्तबा (15), पिता हैदर अली घर धुरकी थाना के फाट पानी गांव का निवासी बताया जाता है। मृतक का शव मदरसा के रसोई घर से बरामद किया गया। शनिवार की अहले सुबह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा कार्रवाई को लेकर थाना में किसी भी तरह का लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। थाना प्रभारी ने कहा कि घटना आत्महत्या की है। छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे कई छात्र-छात्राएं डिप्रेशन में आकर इस तरह के घटना को अंजाम दे जाते हैं।

## तीन दिन से फरार चल रहे युवक-युवती पहुंचे थाना

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

पिछले तीन दिनों से फरार चल रहे युवक-युवती रविवार को दोनों एक साथ थाना पहुंच गए। बताया जाता है कि क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी सुरेंद्र पासवान के 22 वर्षीय पुत्र सोनू पासवान 18 वर्षीय युवती को अपने घर से लेकर शुक्रवार को फरार हो गया था। उसके बाद युवती की मां सुनीता देवी द्वारा थाने में लिखित शिकायत की गई थी। बताया जा रहा है कि युवती शुक्रवार की शाम भोजन को लेकर अपने घर में तैयारी कर रही थी। इसी बीच सोनू बहला फुसला कर वही से उसे अपने साथ लेकर फरार हो गया। इस संबंध में युवती की मां सुनीता देवी ने शनिवार की अहले सुबह स्थानीय थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया था।

युवक-युवती के थाना पहुंचने के बाद थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने दोनों पक्ष के लोगों को थाना बुलाया। दोनों पक्षों के बीच बातचीत का दौर शुरू करा दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि दोनों के बीच अगर बात नहीं बनती है तो अपहरण मामले में युवक को जेल भेज दिया जाएगा। उधर, युवती की मां सुनीता देवी ने बताया कि मेरी लड़की एक नेक इंसान वाली जीवन जीती है। किसी के साथ उसका किसी भी तरह की बातचीत नहीं होती है। वह प्रत्यक्ष रूप से घर में मेरे सामने रहती है, जबकि उसके पिता बाहर में मजदूरी का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी शुक्रवार शाम में भोजन की तैयारी कर रही थी। इसी बीच वह पड़ोस के एक घर चली गई। आधा घंटा का भी समय नहीं बीता होगा कि मैं वापस घर आई तो बेटी का नाम लेकर पुकारने लगी। नहीं बोलने पर उसकी खोजबीन करने लगी। इसी बीच गांव के ही एक दो युवकों द्वारा उक्त युवक के साथ उसके जाने की जानकारी दी गई। उसके बाद भी मैं रात भर अपनी बेटी की खोजबीन करती रह गई, लेकिन कहीं सुराग तक नहीं मिला। उसके बाद शनिवार की अहले थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत कर दी।

**पुलिस बोली-समझौता नहीं हुआ तो युवक को भेज देंगे जेल**

## ट्रैक्टर के धक्के से घायल बाइक सवार युवक की रिम्स में इलाज के दौरान मौत

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र के रानी चेरी गांव में बीते देर शाम एक बालू लदे ट्रैक्टर ट्राली के धक्के से गंभीर रूप से घायल युवक की मौत रांची रिम्स में इलाज के दौरान हो गई। बताते चलें कि शनिवार शाम मुख्यालय के नेमना टोला निवासी राजेंद्र सिंह का 30 वर्षीय पुत्र देवानंद सिंह मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी व एक दूध मुंहे बच्चे को लेकर अपने निजी कार्यों से कहीं जा रहा था। इसी बीच रानी चेरी गांव निवासी परवेज अंसारी के घर के पास



विपरीत दिशा से तेज गति में आ रहे बालू लदे ट्रैक्टर से मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे देवानंद सिंह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था।

सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों के सहयोग से घायल युवक को गढ़वा सदर अस्पताल में भेजा, जहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद डॉक्टरों ने उसे रांची रेफर कर दिया। रांची रिम्स में इलाज के दौरान रविवार को 3:30 बजे देवानंद सिंह की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव के लोग भी मर्माहत हैं। देवानंद सिंह अपने घर में सबसे बड़े व अकेला कमाने वाला था।

## कार व बाइक की टक्कर में 3 लोग गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**

भंडरिया-गोदरमाना मुख्य मार्ग पर अंडामहुआ के समीप रविवार को बाइक व कार की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बाइक सवार भंडरिया थाना क्षेत्र के नौका गांव निवासी पुषन सिंह के 30 वर्षीय पुत्र छोटु सिंह व उसकी पत्नी सबीता देवी अपने रिश्तेदार परो गांव निवासी कृष्णा सिंह के साथ बंगाली डेरा भगत के घर से झाड़ फूक करवा कर अपने गांव नौका लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक कार



की चपेट में आ गई। सभी घायलों को सीएचसी लाया गया। कार चालक घटना के उपरांत घटनास्थल पर ही कार छोड़कर भागने में सफल रहा। पुलिस ने बाइक व कार को कब्जे में भंडरिया थाना लाया।

## 46 वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड कार्यालय में तीन पंचायत के 46 वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को संपन्न हुआ। पहले बैच में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के विकास में वार्ड सदस्यों की भूमिका, योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने, विकास योजनाओं का चयन, ग्राम सभा के माध्यम से करने, स्थाई समिति कार्यकारिणी की बैठक करने सहित कई विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



प्रशिक्षक अरूण कुमार पांडेय और कर्ण थापा ने कहा कि वार्ड सदस्यों को गांव में विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि वार्ड सदस्य प्रशिक्षण में सिखाई गई बातों का अपने कार्य क्षेत्र में जमीनी स्तर पर उतारे एवं गांव के विकास में अहम भूमिका निभाएं। मौके पर प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, वार्ड सदस्य पप्पू चौधरी, प्रदुम्न प्रसाद, सबिता कुमारी आदि मौजूद थे।

### पहल: शाही ने कहा-पुल के बन जाने से आम अवाम को आवागमन में होगी सुविधा

# विधायक भानु प्रताप ने किया पुल का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के गटियरवा में पंडा नदी पर 8.88 करोड़ रुपये की लागत बनने वाले पुल का शिलान्यास रविवार को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने किया। इसके पश्चात एक जनसभा का आयोजन किया गया, जिसको संबोधित करते हुए शाही ने कहा कि पंडा नदी पर पुल बन जाने से आम अवाम को आवागमन में सुविधा होगी। बरसात के दिनों में पंडा नदी में बाढ़ आ जाने पर लोगों को बहुत परेशानी होती है। इसके लिए लोग अक्सर मुझसे पुल निर्माण की मांग करते थे। उसके आथक प्रयास से पुल को स्वीकृति मिली है। साथ ही उपस्थित लोगों से कहा आप लोगों ने जो मुझपर विश्वास करके विधायक बनाया था आज गटियरवा पंडा नदी का पुल लाकर आपको गौरवान्वित कराने आया हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश



में लगातार विकास का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कई योजनाओं को संचालित किया है, जिसका लाभ लोगों को मिलना शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में प्रदेश में लूट, भ्रष्टाचार, बलात्कार, अपहरण आदि घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रदेश के पदाधिकारियों को बालू पर लगा दिया है, जिससे प्रदेश में बालू 3000 से 5000 रुपये ट्रैक्टर बिक रहा है। लोगों को बालू स्थानीय स्तर पर नहीं मिल रहा है, जिससे आम लोगों का आवास समय पर नहीं बन पा रहा है। वहीं हेमंत सोरेन ने प्रदेश के पुलिस प्रशासन को मोटरसाइकिल पकड़ने पर लगा दिया है। गढ़वा जिले में मोटरसाइकिल पकड़कर लगभग दो करोड़ रुपये अवैध रूप से वसूल लिए। ब्लॉक में कर्मचारी जमीन का ऑनलाइन करने में लोगों से 10 हजार रुपये तक ले रहे हैं। प्रदेश में निकम्मी सरकार जनता को सिर्फ लूटने का काम कर रही है। चुनाव के समय पारा शिक्षकों से वादा किया थे कि सरकार बनते ही प्रदेश के सभी पारा शिक्षकों को तीन माह के अंदर स्थाई कर देंगे। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा युवाओं से किया था, लेकिन सरकार बनाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक भी वादा पूरा नहीं कर पाए। सभा का संचालन इग्नासियूस बाड़ा ने किया। इस दौरान भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, रामकृपाल द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, डॉ रामनाथ मेहता, मुखिया मंशा देवी, प्रमोद राम, मुखिया पति शिवकुमार यादव, सुशील यादव, बुधनाथ गुप्ता, सुनील रोशन, अमित रंजन, क्लामुद्दीन अंसारी, धर्मेंद्र पासवान, डॉ बिके सिंह, लालू ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### चौरियां में मनाई जाएगी सरदार पटेल की जयंती

**खरौंधी।** प्रखंड क्षेत्र के चौरियां में आगामी 31 अक्टूबर को लोह पुरुष सरदार पटेल की 148 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। उक्त जानकारी कुर्मी महासभा के जिला महासचिव गोरखनाथ चौधरी ने प्रेस वार्ता कर दी। इस कार्यक्रम में समाज के सम्मानित स्वास्थ्यकर्मी, स्वास्थ सहिया, जलसहिया, शिक्षक एवं सामाजिक व्यक्ति एवं जेएसपीएल समूह की सभी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कुर्मी महासभा के जिला अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद सिंह तथा विशिष्ट अतिथि खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया तथा केतार थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। मौके पर बैजनाथ चौधरी, चंद्रमा चौधरी, अंतू पटेल, लक्ष्मण चौधरी, राकेश पटेल, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ग्रामीणों की शिकायत, चार माह का राशन नहीं मिला

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता रविवार को मुकुंदपुर, ताली और बांसडीह कलां गांव का भ्रमण कर जानता की समस्याओं से अवगत हुये। इस दौरान बांसडीह कला गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बीस सूत्री अध्यक्ष से पीडीएस डीलर रवि राम के विरुद्ध जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर माह का राशन वितरण नहीं करने की शिकायत की।

ग्रामीण सुनैना देवी, गोपाल यादव, राम दुलार यादव, शकुंतला देवी, गीता कुमारी, सुषमा देवी, धनंजय यादव, रेशमी देवी, कुसुमी देवी, जमुनी देवी, जितेंद्र यादव, दिनेश यादव आदि ग्रामीणों ने कहा कि राशन की मांग करने पर डीलर रवि राम द्वारा राशन कम आवंटन मिलने और खत्म होने की बात कही जाती है। कहा कि इससे पूर्व भी बीडीओ और एसडीओ से शिकायत की गई है, लेकिन डीलर पर कारवाई नहीं की गयी। ग्रामीणों ने डीलर से बकाया राशन दिलाने की मांग की। बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि दस दिनों के भीतर डीलर द्वारा चार माह का राशन वितरण नहीं किया गया तो डीलर का लाइसेंस रद्द कराने के लिए प्रखंड कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा। वहीं इस संबंध में डीलर रवि राम ने बताया किग्रामीणों द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। लाभुक पॉश मशीन में अंगुठा नहीं लगाये हैं। इसी वजह उन्हें राशन से वंचित होना पड़ा है। मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि अजय कुमार, प्रदीप गुप्ता, अयोध्या यादव, गोपाल यादव आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### विधायक के बयान की कांग्रेस ने की निंदा

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी व कांग्रेस के प्रदेश कोऑर्डिनेटर प्रोफेशनल विंग रुद्र शुक्ला ने कुछ दिन पहले पांकी के विधायक द्वारा की गई कथित असामाजिक टिप्पणी की निन्दा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पांकी विधानसभा के वर्तमान विधायक विकास में फेल हो ही चुके हैं। इससे क्षेत्र में उनका व्यापक विरोध हो रहा है। इसी बौखलाहट में वे हिंदू - मुस्लिम का धार्मिक कार्ड खेल रहे हैं। उन्हें पता नहीं कि पांकी विधानसभा आपसी भाईचारगी के लिए जाना जाता है। उन्होंने झारखंड सरकार से विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की है।

### सुरों से सजी महफिल, दिया गया साझा संस्कृति का पैगाम



**मेदिनीनगर।** शरद पूर्णिमा पर शनिवार की रात्रि सतबरवा में जय मां काली संघ द्वारा भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने फीता काटकर किया। बतौर मुख्य वक्ता शिक्षाविद सह झामुमो के युवा नेता अविनाश देव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम एकरस जीवन में नई उमंग का संचार करते हैं। शुरूआत में कमेटी के अध्यक्ष मेघराज ने मुख्य अतिथि सहित आगन्तुक कलाकारों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आफताब आलम ने रसखान, अब्दुल रहीम खानखाना, नानक, कबीर, मीरा आदि की रचनाओं का प्रयोग कर गंगा जमुनी तहजीब कायम रखने का आह्वान किया। देर रात तक सभी ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

### वंचितों को राजनैतिक सुरक्षा जरूरी: मुमताज



**मेदिनीनगर।** समाज के वंचित समुदाय के लोग आज राजनीतिक रूप से अनाथ है। उन्हें राजनैतिक सुरक्षा प्रदान करना निहायत जरूरी है। यह बातें रविवार को आयाजित वार्ता के दौरान आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज अहमद खान ने कही। नये सर्किट हाउस के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि वंचित, गरीब व हाशिये पर खड़े समुदाय के लोग अपने को राजनीति में अनाथ समझते हैं। ऐसे लोगों की गिनती सिर्फ और सिर्फ वोट के लिए है। उन्होंने बताया कि आजाद समाज पार्टी के जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया जा रहा है। पार्टी 2024 का विधानसभा चुनाव प्रमुखता से लड़ेगी। पांकी से वे खुद चुनाव मैदान में उतरकर विधान सभा में व्याप्त जन समस्याओं को दूर करेंगे।

### देश के विकास में कांग्रेस की भूमिका अहम



**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम इटहे में कांग्रेस नेता (स्टेट चेयरमैन) श्याम नारायण सिंह ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि देश को आजाद करने के साथ ही विकास में भी कांग्रेस पार्टी की अहम भूमिका है। राज्य की कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने इस कार्यकाल में किसानों की कर्ज माफी, पूरानी पेंशन व्यवस्था लागू कर प्रशंसनीय कार्य किया है। आने वाले दिनों में संविदा कर्मियों के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण फैसले लेने जा रही है। बैठक में उपस्थित युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा की राज्य सरकार जल्द हीं व्यापक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने वाली है। युवाओं को खुलकर कांग्रेस के साथ खड़े होने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वास सिंह चेरो ने किया व संचालन पूर्व मुखिया सूर्यदेव भुइयां ने किया। इस दौरान रामदुलार सिंह चेरो, प्रबल सिंह, भरदुल सिंह चेरो, महताब, अकबर मियां ने भी विचार व्यक्त किया।

### डालटनगंज से नगर उंटारी के बीच विशेष चेकिंग अभियान

# रिकार्ड 360 बेटिकट यात्री गिरफ्तार, दो लाख जुर्माना वसूला




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज से नगर उंटारी रेलवे स्टेशनों के बीच विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पकड़े गये रिकार्ड 360 बेटिकट यात्रियों से दो लाख रूपये से अधिक जुर्माना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपुंज, पलामू एक्सप्रेस, सासाराम इंटरसिटी आदि लंबी दूरी की ट्रेनों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। सीआईटी श्री पांडेय ने बताया कि इस दौरान रिकार्ड 360 बेटिकट यात्री अनाधिकृत रूप से यात्रा करते पकडे गये। बेटिकट यात्रियों से राजस्व के रूप में 2 लाख 7 हजार 800 रुपये वसूला गया। इससे पूर्व अधिकतम 305 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा गया था। अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव के अलावे आरपीएफ के जवान शामिल रहे।

### तस्वीर झूठ ना बोले



ढंड बढ़ते ही गर्म कपड़ों की जरुरत महसूस होने लगी है। इसका एहसास होते कपड़ा दुकानदार भी अलर्ट हो चुके हैं और दुकानों में गर्म कपड़ों को सजा कर बैठ गये हैं। शहर की दुकानों में गर्म कपड़ों की एक से बढ़कर एक डिजाइन की दुकाने सज गई हैं।

### उपायुक्त के निर्देश पर डीएमओ ने की कार्रवाई

# अवैध बोल्डर लदा हाईवा जब्त, शिवालया कंपनी के खिलाफ एफआईआर

**जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि हाईवा द्वारा अवैध पत्थर का परिवहन किया जाना गंभीर मामला है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में डीएमओ ने अवैध रूप से बोल्डर परिवहन कर रहे हाईवा को जब्त कर वाहन मालिक,चालक सहित शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ पिपरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जात है कि पिपरा थाना प्रभारी को लगातार सूचना मिल रही थी कि एनएच 98 फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान अवैध रूप से पत्थर तोड़कर ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वाहन संख्या जेएच03एएल-0570 हाईवा को अवैध बोल्डर ले जाते पाया गया। चालक कोई वैध कागजात भी नहीं दिखा पाया। थाना प्रभारी ने इसकी सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दी । जब इसकी जांच जेम्स पोर्टल पर की गई तो यह पूर्ण रूप से अवैध पाया गया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि हाईवा द्वारा अवैध पत्थर का परिवहन किया जाना गंभीर मामला है। मामले की पूरी गहनता के साथ जांच की जाएगी एवं अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पाल्हे-जतपुरा महायज्ञ में आये श्रद्धालुओं को पौधा वितरित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर के पाल्हे-जतपुरा गांव में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आये श्रद्धालुओं को पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने पौध प्रदान कर उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व उन्होंने डाली की मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, प्रो. अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल आदि के साथ यज्ञशाला की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की। पर्यावरणविद् ने कई राज्यों से महायज्ञ में पहुंचे श्रद्धालुओं को थाईलैंड का बारहमासी आम, हिमाचल का कपूर, कर्नाटक का चंदन और नेपाल का रुद्राक्ष का पौधा प्रदान किया। इस अवसर पर डा. शशिकांत शुक्ला, मुखिया अजय गुप्ता, आशीष कुमार चौबे, सिद्धार्थ शुक्ला, सुदामा प्रजापति, मनोहर प्रजापति, विनीत शुक्ला, पुष्कर शुक्ला, अनुराग चौबे, आराध्या कुमारी, अशिविका कुमारी, आद्रिका कुमारी, अनुषा कुमारी, सत्य सिंह, मालदेव चंद्रवंशी, विकास सिंह आदि उपस्थित थे।

# आरपीएफ ने जख्मी व्यक्ति की बचाई जान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तत्परता दिखाते हुए आरपीएफ जवानों ने रेलवे लाइन के किनारे जख्मी हालत में मिले एक व्यक्ति को समय रहते चिकित्सा सुविधा मुहैया कराकर उसकी जान बचाई। बताया जाता है कि डेहरी आनसोन स्थित एक ईंट-भट्ठे पर कार्य करने वाला 40 वर्षीय प्रमोद भुईयां पिछले दिनों यात्रा के दौरान ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर पहुंचे आरक्षी तरूण कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ जवानों ने तत्काल उसे सदर अस्पताल गढवा में भर्ती कराया। घायल के होश में आने पर उससे पता लगाकर परिजनों को सूचना दी गई।

### अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान, विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, बेबी शेख, सुधांशु कुमार सिंह,ओम प्रकाश सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह,राहुल कुमार चौहान, दीपक प्रजापति, विकास कुमार,दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी, शिल्पा कुमारी, रेशमा सैयद,रिमझिम देवी, उम्म सैयद, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे, परिचायिका राजवंती देवी आदि ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास सामूहिक जिम्मेदारी है।

### युवा जागृति केंद्र का नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

# उद्घाटन मुकाबले में कूटकू ने मंजू टोला को हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** युवा जागृति केंद्र की भंडरिया प्रखंड समिति द्वारा आयोजित नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा, भंडरिया थाना प्रभारी सुभाष कुमार यादव एवं उप प्रमुख शारदा देवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष होने वाले इस आयोजन से क्षेत्र के युवाओं को संगठित करने के साथ उनमें स्वस्थ स्पर्धा की भावना का प्रसार करना है। थाना प्रभारी सुभाष कुमार यादव ने कहा कि आयोजन समिति का प्रयास सराहनीय है। केंद्र के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि समिति के कार्यकर्ता इस आयोजन को सफल एवं प्रभावशाली बनाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। मुख्य संरक्षक हरिदास तिर्की ने कहा कि संस्था खेल के माध्यम से युवाओं के बीच अनुशासन एवं



राष्ट्रभक्ति का प्रसार कर रहा है। टूर्नामेंट का प्रथम मैच कूटकू और मंजूटोला के बीच खेला गया। जिसमें कूटकू की टीम एक गोल से विजयी रही। कूटकू टीम के प्रदीप सिंह को मैन ऑफ द मैच प्रदान किया गया। बालिका वर्ग के मैच में केसीसी जैविक प्रतिभा की टीम को वॉक ओवर मिला। कार्यक्रम मे केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा, वाईजेकेएसएफ के प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह, जिला सचिव अमित रंजन, राकेश विश्वकर्मा, सिंटू सिन्हा, नगर अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, श्रवण सिंह, विकास यादव, विपिन, प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, सचिव विजय सिंह, उप सचिव अर्जुन राम, सिंधु कच्छप,अंकुश कुमार, अशोक जितेंद्र सिंह, दिलीप मुंडा, मुख्य संरक्षक अशोक केसरी, देवानंद कुमार, भागीरथी विश्वकर्मा, सतीश कुमार, जोगेंद्र पासवान, मिथिलेश कुमार, जितेंद्र सिंह, बबलू सिन्हा उपस्थित थे।

## धर्म

### तैयारी में जोर शोर से जुटी है आयोजन समिति, सुरक्षा, सफाई पर विशेष ध्यान

# देवकी नंदन की कथा के लिए 2 लाख वर्ग फीट में बन रहा पंडाल

**महायज्ञ सह भागवत कथा का शुभारंभ 21 नवंबर को विशाल कलश यात्रा के साथ किया जायेगा**

**22 से 28 नवंबर तक धर्म प्रेमियों को देवकी नंदन ठाकुर का सानिध्य प्राप्त होगा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** परशुराम सेना युवा वाहिनी के तत्वावधान में मेदिनीनगर में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह प्रख्यात भागवत कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर के कार्यक्रम को लेकर दो लाख वर्ग फीट में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। आयोजन समिति जोर शोर से कार्यक्रम की तैयारी में जुटी है। बाईपास रोड स्थित हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित महायज्ञ सह भागवत कथा का शुभारंभ 21 नवंबर को विशाल कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। 22 से 28 नवंबर तक धर्म प्रेमियों को देवकी नंदन ठाकुर का सानिध्य प्राप्त होगा।



सुबह 7 बजे से यज्ञाचार्य ब्रह्मचारी उदितानंद महाराज द्वारा पूजन सह यज्ञ का श्रीगणेश होगा। वहीं भागवत कथा का आयोजन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक किया जाएगा। महायज्ञ की पूणार्हुति 29 नवंबर को की जाएगी। समापन पर वृहद भंडारा का आयोजन होगा। यज्ञ कमेटी के संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं को यज्ञ स्थल तक पहुंचने में कठिनाई न हो इसके लिए जगह-जगह बैनर पोस्टर चिपकाए जा रहे हैं। शहर के सभी प्रवेश द्वारों पर तोरण द्वार बनाया जाएगा। यज्ञ स्थल के मुख्य द्वार पर श्रीकृष्ण के बाल रूप में गोवर्धन पर्वत को उंगली पर धारण किये प्रारूप में मनोरम तोरण द्वार बनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्य द्वार के समीप एक अतिरिक्त द्वार भी बनाया जाएगा, जहां सभी तरह के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। यज्ञ प्रभारी कमलाकांत चौबे ने बताया कि 70,000 वर्ग फीट में यज्ञ मंडप और पूजा पंडाल बनाया जा रहा है, जहां श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करेंगे। यज्ञ मंडप से 25-25 फीट की दूरी पर परिक्रमा स्थल बनाया जाएगा। जिसमें महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग बेरिकेडिंग की जाएगी। परिक्रमा स्थल पर प्रवेश के लिए चार द्वार बनाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। सुरक्षा के मद्देनजर इस स्थल की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। दो व चार पहिया वाहनों के ठहराव हेतु 50 हजार स्क्वायर फीट में पार्किंग एरिया बनाया जाएगा। कथा पंडाल के लिए 2 लाख वर्ग फीट का एरिया रिजर्व रखा गया है। जहां 50,000 से भी अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। 1 लाख स्क्वायर फीट में मेला लगाया जाएगा, जहां बच्चों के लिए छोटे-बड़े झूले और खाने-पीने के स्टाल लगाये जाएंगे। संरक्षक प्रवीण सिंह ने बताया कि महायज्ञ में विशेष रूप से स्वच्छता का ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग 25 टॉयलेट बनाए जाएंगे। महासचिव शैलेश दुबे ने बताया कि यज्ञ स्थल तक श्रद्धालु निजी वाहन से भी पहुंच सकेंगे।



गागर में सागर

## राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिले की बेटी अंजनी उरांव का चयन



**लोहरदगा।** गोवा में आयोजित 37 वें राष्ट्रीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता के लिए झारखंड महिला कबड्डी टीम में लोहरदगा जिले की कबड्डी खिलाड़ी अंजनी उरांव का चयन किया गया है। अंजनी को कबड्डी एसोसिएशन लोहरदगा के संरक्षक मदन मोहन पांडेय, सचिव रामस्वरूप प्रसाद, उपसचिव सतीश रंजन उरांव ने शुभकामना देते हुए विदा किया। पांडेय ने 5001 रुपये नकद राशि देकर अंजनी उरांव की हौसला आफजाई की। मौके पर पांडेय ने कहा कि अंजनी उरांव ने राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2020 में राजस्थान में आयोजित प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया था। पुनः मार्च 2023 में हरियाणा में आयोजित महिला महोत्सव में तृतीय स्थान पर रही। पुनः राष्ट्रीय खेल गोवा के लिए झारखंड टीम में सम्मिलित की गयी। इतनी उपलब्धि के बावजूद लोहरदगा खेल विभाग एवं जिला प्रशासन ने अन्य खेलों के खिलाडियों को पुरस्कार एवं सम्मान दिया, लेकिन इस ग्रामीण क्षेत्र की निर्धन आदिवासी बालिका पर किसी का ध्यान नहीं गया। जिला प्रशासन को निर्धन खिलाड़ियों के लिए भी कुछ कार्य करना चाहिए। तभी खेल प्रतिभा में निखार आएगा और यहां के गरीब परिवार के खिलाड़ी भी आगे बढ़ने का कार्य करेंगे और जिले का नाम रौशन करेंगे।

## आयोजकों ने की मेला स्थल की सफाई



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के बक्सीडीपा में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित मेले के दौरान हुए कचरे की साफ सफाई की गई। बीते मंगलवार को विजय दशमी के दिन बक्सीडीपा में आयोजित दशहरा मेला मैदान में कूड़ा कचरा से मेला स्थल पर गंदगी फैल गई थी, जिसकी केंद्रीय दुर्गा पूजा के अध्यक्ष संतोष लकड़ा उर्फ इंद्रजीत लकड़ा के नेतृत्व में साफ सफाई की गई। मौके पर सचिन सिंघानिया, सत्यम कुमार, मिथुन तमेड़ा, चंदन कुमार, अशोक कांस्यकार, अभिजीत कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## यादव समाज की वीरता को भुलाया नहीं जा सकता : सांसद सुदर्शन भगत



**लोहरदगा।** यादव समाज की वीरता को भारत के इतिहास में भुलाया नहीं जा सकता है। चीन से युद्ध के दौरान 120 यादव योद्धाओं ने 1300 चीनी सैनिकों को धूल चटाया था। उक्त बातें सांसद सुदर्शन भगत ने बीआईडी मुहल्ले स्थित यदुवंशी विकास मंच कार्यालय में आहूत भीड़ के समक्ष कहीं। भगत ने अहीर रेजिमेंट की मांग के साथ खड़ा होने का संकल्प दिलाया और सांसद में इस पर चर्चा की बात कही। प्रांतीय यादव सभा के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास ने यादव समाज के इतिहास पर प्रकाश डाला और सामाजिक एकता के साथ शिक्षित होने का आह्वान किया। महिला शिक्षा के प्रति भी समाज को आगे बढ़ाने की अपील किया। सरकार से अहीर रेजिमेंट के जल्द गठन की मांग रखी। सभा को प्रांतीय यादव समाज के प्रदेश संयोजक रंजन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव, युवा अध्यक्ष विमलेश यादव, अहीर रेजिमेंट संयोजक हृदय नंद यादव, तपेश्वर यादव, श्याम बिहारी यादव, राम प्रसाद आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कविराज यादव ने की। स्वागत भाषण शैलेंद्र सुमन व कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र गोप ने किया।

### लोहरदगा में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद, लगभग 37 पीस सागवान और शीशम के बोटा जब्त

# टिम्बर से भारी मात्रा में अवैध इमारती लकड़ी की गई बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इन माफियाओं को किसी का भय नहीं है। ये धड़ल्ले से लकड़ी की तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। पहले तो जंगल से लकड़ी काटते हैं और फिर लोहरदगा के टिंबर में बेच देते हैं। वहीं वन विभाग इन माफियाओं को हर समय धर दबोचने में लगा हुआ है। लगातार वन विभाग की कार्रवाई के बाद भी इन माफियाओं पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। वन विभाग की टीम लगातार अपनी सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए लकड़ी माफिया को पकड़ने में लगी हुई है। बावजूद सिर्फ लकड़ी की बरामदगी होती है, लेकिन माफिया कभी गिरफ्त में नहीं आते हैं। इसके पीछे के कारणों को जानने के लिए विभाग लगा हुआ है। पिछले दिनों विभाग में कार्यरत चालक के द्वारा लकड़ी तस्कर से मिलीभगत की बात सामने आई थी।

इधर इस क्रम में वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए शहरी क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने स्थित लक्ष्मी विलाश टिंबर में छापेमारी कर वहां से भारी मात्रा में अवैध इमारती लकड़ी बरामद की है।



लगभग 37 पीस सागवान और शीशम के लकड़ी के बोटों को जब्त किया गया है। इसमें उक्त लकड़ी के बोटा को चीरने हेतु चिरई मशीन में लगाया गया था जिसे टीम द्वारा जब्त की गई। इन जब्त लकड़ियों की कीमत लगभग चार लाख रुपये है। बता दें कि दशहरा पर लोहरदगा के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लकड़ी की भारी मात्रा में कटाई हुई है, जिसे लकड़ी माफियाओं के द्वारा चिराई हेतु स्थानीय टिंबर लाया गया था। इतनी भारी मात्रा में इमारती लकड़ी का टिंबर पहुचना कहीं न कहीं वनकर्मियों की मिलीभगत की ओर इशारा करता है। इतनी आसानी से माफिया लकड़ी को लेकर मुख्य शहर कैसे भेज रहे हैं इसको लेकर सवाल उठ रहे हैं। इधर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार के द्वारा सभी वनकर्मियों को सख्त निर्देश दिया है कि जिनके क्षेत्र में अवैध लकडी की तस्करी पायी जाएगी, उन पदाधिकारियों पर सख्त करवाई की जाएगी। टीम में जया उरांव, गौतम राम, महावीर उरांव, किशोर नंद कुमार और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

**इतनी भारी मात्रा में इमारती लकड़ी का टिंबर पहुचना कहीं न कहीं वनकर्मियों की मिलीभगत की ओर इशारा करता है। इतनी आसानी से माफिया लकड़ी को मुख्य शहर कैसे भेज रहे हैं?**

# जविप्र दुकानदार करता था घोटाला, लाइसेंस रद्द

### कैरो के राशन कार्डधारियों की शिकायत जांच में सही पाई गई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के कैरो प्रखंड के लाभुकों की ओर से जन वितरण प्रणाली के डीलर के खिलाफ की गई शिकायत जांच में सही पाई गई। जिला आपूर्ति विभाग ने इस संबंध में कार्रवाई करते हुए संबंधित डीलर का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

बता दें कि गत 18 अक्टूबर को उपायुक्त के जनता दरबार में ग्राम गीतिलगढ़ कैरो के सैकड़ों ग्रामीणों ने सरिता महिला मंडल जन वितरण प्रणाली विक्रेता के विरुद्ध शिकायत समर्पित की थी। शिकायत में लिखा गया था कि डिजिटल कांटा में राशन के स्थान में ईंट- पत्थर रखकर फिंगर लिया जाता है। वहीं कंप्यूटराइज्ड बिल किसी भी कार्डधारी को नहीं दिया जाता है। प्रत्येक 5 किलोग्राम राशन पर 1 किलोग्राम काट लिया जाता है। वर्तमान में दो माह का फिंगर लेकर एक माह का राशन दिया जा रहा है। वहीं पिछले वर्ष अक्टूबर 2022 का राशन अभी तक बहुत से कार्डधारियों को नहीं दिया गया है। उक्त परिपेक्ष में उपायुक्त के निर्देश पर जांच का आदेश जारी किया गया था। इसपर आपूर्ति कार्यालय से प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कैरो से स्थलीय जांच हेतु पत्र भेजा गया। उनके द्वारा जांच प्रतिवेदित समर्पित किया गया, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि विगत माह अगस्त एवं सितंबर 2023 के खाद्यान्न वितरण के क्रम में दो माह का अंगूठा एक ही बार में लगवाया गया है, परंतु खाद्यान्न वितरण एक ही माह का उपलब्ध कराया गया। इससे ग्रामीणों की शिकायतों की पुष्टि हुई है। निलंबन की कार्रवाई की अनुशंसा के साथ चेतना जागृति महिला मंडल स्वयं सहायता समूह जन वितरण प्रणाली विक्रेता ग्राम हनहट प्रखंड करो के साथ संबंध करने उल्लेख है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी जीएस जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2022 के अनुज्ञप्ति धारी के उत्तरदायित्व कंडिका 20 उपकंडिका का उल्लंघन के आरोप में सरिता महिला समिति जविप्र के दुकानदार ग्राम गीतिलगढ़ प्रखंड कैरो को तत्काल प्रभाव से लाइसेंस निलंबित किया गया है।




## दो दर्जन गौवंश लोडेड ट्रक जब्त चालक गिरफ्तार

**गुमला।** पुलिस ने एक ट्रक में ले जाए जा रहे दो दर्जन गौवंश को मुक्त कराने में सफलता प्राप्त की है। बताया कि ट्रक में गौ तस्करी के लिए रांची की तरफ जा रहा था। इस गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने एक टीम गठित कर भरनो चौक में वाहन चेकिंग के लिए नाकेबंदी करवा दी। इसी क्रम में लगभग 3:00 बजे रात्रि में एक ट्रक सिसई की तरफ से काफी तेजरफ्तार से रांची की तरफ जाता दिखा। ट्रक को रुकने का इशारा किया गया, परंतु उक्त ट्रक और तेज रफ्तार से भागने लगा। इस पर भरनो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने अपने दल बल के साथ नेशनल हाईवे-23 पर पीछा किया तो ट्रक को खड़ा कर तीन तस्कर भागने लगे। पुलिस बल द्वारा खदेडे जाने पर दो तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे, जबकि उक्त ट्रक चालक को पुलिस बल ने खदेड़कर पकड़ लिया। अटरिया ग्राम निवासी उक्त चालक ने बताया कि भागने वाले तस्करखलील शाय और सेराज भंडारी है। बाद में ट्रक सहित दो दर्जन गौवंशों को चालक को थाना लाया गया। मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार चालक को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

# गुमला में दो नशेड़ियों ने महिला की गर्दन पर टांगी से कई वार कर की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के बिशुनपुर थाना स्थित महुवा टोली ग्राम निवासी सह पूर्व उप प्रमुख जय मंगल उरांव और उनकी 60 वर्षीय पत्नी बिहानी देवी बगल के गांव से करम त्योहार मनाकर अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में दो अज्ञात नशेड़ी अपराधी उक्त दंपती से शराब पिलाने की जिद करते हुए उनके घर में घुस गये। विरोध करने पर दो अपराधियों बिहानी देवी के गर्दन पर टांगी से लगातार कई वार कर उसकी निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी। हत्याकांड को अंजाम देकर दोनों अपराधी भागने में सफल रहे। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी कुंदन सिंह ने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर बिहानी देवी के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव रविवार को परिजनों को सौंप दिया गया है।

**शराब पिलाने की जिद पूरी नहीं की तो घर में घुसकर मार डाला**

## गुमला से चोरी की गई बाइक व सेंट्रिंग प्लेट छत्तीसगढ़ से बरामद

**गुमला।** अल्बर्ट एक्का जारी थाने में गोविंदपुर निवासी मोजम अंसारी ने अपने ही गांव के दो युवकों राजू कुम्हार और अल्ताफ खान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में 26 अक्टूबर की रात्रि घर के सामने से बाइक व 4 सेंट्रिंग प्लेट चोरी करने का आरोप लगाया गया है। केस के अनुसंधान के दौरान थाना प्रभारी मनीष कुमार ने गुप्त सूचना पर एक टीम का गठन किया और राजू कुम्हार को दबोच लिया। उसने अपने दोस्त अल्ताफ खान के साथ छत्तीसगढ़ में बाइक व 4 सेंट्रिंग प्लेट बेच दी। पुलिस ने जशपुर नगर स्थित कबाड़ी दुकान से बाइक और चार सेंट्रिंग प्लेट बरामद किया।

## हिरही में मनी कार्तिक उरांव जयंती, जतरा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

स्वर्गीय कार्तिक उरांव जयंती जतरा का आयोजन हिरही में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शान्ति भगत, रांची डीएसपी संजीत भगत, महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीता देवी, केंदीय प्रवक्ता अंजू देवी, लोहरदगा प्रखंड सचिव हेमंती देवी उपस्थित थे। मौके पर नीरू शान्ति भगत ने कहा कि जतरा हम झारखंडियों की पहचान है। ये हमारी राष्ट्रीय धरोहर है, हमें इसे आगे भी बनाए रखना है। कार्तिक उरांव ने हमारी आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रबल करने के लिए लोगो को हमेशा शिक्षा व अपनी आदिवासी संस्कृति को लेकर आगे बढ़ने का उद्देश्य दिया। केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी ने कहा कि जब हमारे दादा कमल किशोर भगत इस धरती पर थे वे हमेशा अपनी आदिवासी संस्कृति को लेकर बहुत ही गंभीर रहते थे। आज उन्ही की दी हुई उत्साह लोगों में देखने को मिलती है। महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीता देवी ने कहा जतरा सिर्फ आदिवासियों के लिए मेला ही नही हमारे बच्चों, बच्चियों के विवाह के लिए भी लड़का लड़की देखने का कार्य भी होता है, जिसे लोग अपने यहा आए मेहमानों से मिलते हैं। इस कार्यक्रम में नगर सचिव कौशिक राज मेहता (राजन), मीडिया प्रवक्ता सोनू राज, लोहरदगा छात्र संघ प्रभारी विजय मेहता, आनंद कुमार ठाकुर एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नाबालिग लड़की को कुडू पुलिस ने 24 घंटों में किया बरामद

**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र के एक गांव से अचानक गायब हुई नाबालिग लड़की को घटना की सूचना प्राप्त होने के 24 घंटे के अंदर ही कुडू पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से शकुशल बरामद कर लिया है। ज्ञात हो कि लड़की की मां ने 28 अक्तूबर को कुडू थाना में आवेदन देकर अपनि 14 वर्षीय नाबालिग लड़की की बरामदगी की गुहार लगाई थी। अपने आवेदन में बताया था कि 23 अक्तूबर की दोपहर करीब 2 बजे अचानक से गायब हो गयी। अपने स्तर पर काफी खोजबीन करने के बाद भी लड़की का कुछ पता नही चला। अंततः कुडू थाना को सूचना दी। कुडू थाना प्रभारी बिश्वजीत सिंह और उनकी टीम ने घटना की सूचना प्राप्त होने के 24 घंटे के अंदर ही तकनीकी आधार पर उसे यूपी के आजमगढ़ से शकुशल बरामद करने में सफलता पाई है। हालांकि लड़की कैसे और किसके साथ वहां पहुंची उसकी जानकारी लड़की को कुडू पहुंचने पर मिलेगी। लेकिन 24 घंटे में लड़की के बरामद किये जाने पर कुडू पुलिस की तारीफ हो रही है।

## घर-घर बनी अल्पना, विधि विधान से हुई लक्ष्मी की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शरद पूर्णिमा के अवसर पर शहर और आसपास के क्षेत्र में लक्खी पूजा की गई। मौके पर बंगाली समाज के हर परिवार ने अपने घर में धन की देवी लक्ष्मी की पूजा पूरी श्रद्धा व भक्तिभाव से की। ऐसी मान्यता है कि इस दिन धन की देवी लक्ष्मी घरों में प्रवेश करती हैं। इसलिए घर-घर में आकर्षक अल्पना के साथ देवी लक्ष्मी के पैरों की छाप बनाई गई। भजन-कीर्तन के साथ लक्ष्मी के घर आने का आह्वान किया गया।

शहर के अधिकांश घरों में प्रतिमा स्थापित नहीं की गई बल्कि मां लक्खी की तस्वीर से ही पूजा संपन्न किया गया। इसके लिए सुबह से ही साफ-सफाई कर पूरे घर व आंगन में सुंदर अल्पना के साथ मां लक्खी के पैर अंकित किए गए। इस अवसर पर पूजा स्थल पर धान की बालियां रखी गई। पूजा के दौरान देवी को नारियल का लड्डू, तिल का लड्डू, अन्न, सब्जी, भुजिया, चटनी, खीर, मिठाई, फल आदि का भोग लगाया गया। पंडितों के मंत्रोच्चार के बाद महिलाएं कथा भी सुनी। शारदीय नवरात्र के बाद आने वाले शरद पूर्णिमा के मौके पर बंगाली समाज के लोग लक्खी पूजा करते हैं।

## 'मांग पूरी नहीं हुई तो सभी ट्रक बेमियादी हड़ताल पर जाएंगे'

**लोहरदगा।** बिजली ऑफिस के समीप झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला एवं लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से विमरला माइंस में आ रही परेशानियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। ट्रक मालिकों ने कहा की कंपनी एग्रीमेंट के मुताबिक महीने में 12 ट्रिप नहीं दे रही है। 12 की जगह महीने में 6 -7 ट्रिप ही मिल पा रही हैं। इसके कारण ट्रक चलाना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। सड़क की स्थिति भी खराब है। इन सब मांगों को लेकर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को हिंडाल्को कंपनी के महाप्रबंधक एवं खान उपाध्यक्ष से मिलकर मांग पत्र सौंपेंगे और एक सप्ताह के अंदर स्थिति में सुधार नहीं होने पर विमरला माइंस में चलने वाले सभी ट्रक अनिश्चितकालीन बंदी में चले जाएंगे। बैठक में लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला के अध्यक्ष विनोद राम बिन्नू, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, मोहम्मद आफताब आलम गुड्डू, शशिकांत दास, अजमल कुरैशी, शंकर उरांव, विनोद उरांव, मोहम्मद अमानुल्लाह, संजीव शर्मा, राजेश शर्मा, संजय साहू, परमानंद कुमार, मोती सिंह, पवन कुमार साहू, प्रकाश उरांव, एन कुजूर, तोहिद कुरैशी, तारकेश्वर महतो, शंकर प्रजापति, रामायण प्रजापति, मनोज साहू, मोहम्मद इनामुल, वीरेंद्र महतो, साकेत कुमार, अनिसुर रहमान, शमशाद अंसारी, सैयद अंसारी, मुनव्वर आलम, कैलाश उरांव, संतोष कुमार, हबीबुल्लाह अंसारी, मोहम्मद गुड्डू आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम

### त्रैमासिक परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक गोष्ठी आयोजित

# रोशन, रोशनी, अवंतिका व ज्योति रही प्रथम

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अभिभावक गोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी की अध्यक्षता में की गई। इसमें परीक्षा प्रमुख रश्मि साहू और सह प्रमुख प्रीति उपस्थित थी।

प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ अनेक सारी गतिविधियों का भी आयोजन किया जाता है, जिसमे छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को आगे और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। 11वीं विज्ञान में रोशन कुमार, सुनील उरांव व बंटी भगत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं कला में ज्योति प्रिया कुजूर, किरण कुमारी व शिल्पा कुजूर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कियो 12वीं विज्ञान में प्रथम अवंतिका कुमारी पुजारी, द्वितीय अंकित कुमार साहू व रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कला में रोशनी उरांव, नेहा कुमारी व चंदन महतो ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को वंदना सभा में अभिभावक इंडियन आर्मी के जवान जेम्स वाल्टर मिंज व उनकी पत्नी देवप्रिया मिंज के द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। अभिभावक गोष्ठी में अभिभावकों ने कहा कि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए पढ़ाई के अलावा जो सारी गतिविधियां कराई जा रही है जो काफी सराहनीय है। इससे बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। अभिभावकों में बसंती उरांव, सुशीला उरांव, नरेश कुमार, राजकुमार साहू, सुनीता कुमारी, ब्रजेश किशन, एकता टोप्पो, सीमा देवी, रीता देवी, जयमुनी देवी, प्रफुल्लित कुजूर, आशामुनि उरांव, रेश्मि उरांव, हुलसी देवी, फुलमनी टोप्पो, दीपा शिखर, संजना देवी, पुष्पा कुमारी, सविता देवी, सरिता भगत, सुजाता भगत, उर्मिला तिर्की, सती उरांव, मीरा देवी, पुष्पा देवी, राजमणि उरांव, प्रभु उरांव, उपेंद्र कुमार, विजय मांझी, सुमित्रा उरांव, माधुरी कुजूर, रेणु आदि शामिल थे।



# 'सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

गुमला जिला अंतर्गत श्री रामभक्त भगवान हनुमानजी की जन्मस्थली आंजन धाम को विश्वपटल पर ले जाने के उद्देश्य को लेकर आंजन धाम विकास मंच कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान 12 जनवरी को आंजन धाम में युवा दिवस पर भव्य कार्यक्रम को लेकर परिचर्चा की जाएगी। इसमें मुख्य संरक्षक पंडित ज्योतिविद दिवाकर पाठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मदन मोहन पाठक, बबलू तिवारी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। दिवाकर पाठक ने कहा कि आंजन धाम को विश्वपटल पर ले जाना उद्देश्य है। हमें अपनी प्राचीन सभ्यता, संस्कृति को बचाना चाहिए। आने वाले 12 जनवरी को आंजन धाम में प्रोग्राम होगा। प्राचीन धरोहर को बचाने से ही हमारा विकास होगा। 12 जनवरी को पूरे देश में एकसाथ सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इसके लिए हर जिले में स्क्रीन लगाया जाएगा, जिसपर लोग इसका प्रसारण भी देख सकेंगे। इसके लिए हर जिले में कमेटी के गठन किया जा रहा है। वहीं मदन मोहन पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान हिंदू समाज को रसातल में ले जाने का कार्य किया गया है। आज हम अपने ही देश में ही सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। राजनीतिक द्वेष और स्वार्थपूर्ति के लिए विधर्मी लोग हमारे धर्म संस्कृति को ह्रास करने में लगा हुआ है। धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए एक सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। आंजन धाम का विकास करने की सोच हमारी है। सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। मौके पर प्रदुम्न सिंह, मनीष रजगड़िया, उदय चंद्र मुखर्जी, जयंत सिंह, प्रदीप सिंह, पवन भगत, गोपाल मौजूद थे।



## गागर में सागर

### फेडरल रिजर्व बैंक के ब्याज दर के नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, वैश्विक रुझान, वृहद आर्थिक आंकड़े तथा कंपनियों के तिमाही नतीजों से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, सभी की निगाहें एक नवंबर को फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों पर है। विशेषरूप से अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल कई साल के उच्चस्तर पर पहुंचने के मद्देनजर बैठक के नतीजे और महत्वपूर्ण हो जाते हैं। इसके अलावा बैंक ऑफ जापान के नीतिगत निर्णय पर भी बारीकी से नजर रखी जाएगी।" उन्होंने कहा, ह्यह्यइन प्रमुख घटनाक्रमों के अलावा वैश्विक कारक भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। अमेरिका और चीन के आर्थिक आंकड़ों के अलावा लगातार बदलती भू-राजनीतिक स्थिति से भी बाजार धारणा प्रभावित होगी।" इस सप्ताह अडानी ग्रीन एनर्जी, डीएलएफ, टीवीएस मोटर कंपनी, भारती एयरटेल, गेल, हीरो मोटोकॉर्प, टाटा स्टील, अडाणी एंटरप्राइजेज, टाटा मोटर्स और इंटरग्लोब एविएशन के तिमाही नतीजे आने हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे फर्मों की वित्तीय सेहत की तस्वीर पेश करेंगे। वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़ों पर भी सभी की निगाह रहेगी। इससे दशहरा त्योहार के दौरान वाहनों की मांग का पता चलेगा।

### कंपनियों का गिरा मार्केट कैप, टीसीएस व एचडीएफसी को हुआ सबसे ज्यादा नुकसान



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,93,181.15 करोड़ रुपए की गिरावट आई। शेयर बाजारों में कमजोर रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एचडीएफसी बैंक को हुआ। कम कारोबारी सत्रों वाले पिछले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,614.82 अंक या 2.46 प्रतिशत नीचे आया। समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 52,580.57 करोड़ रुपए घटकर 12,25,983.46 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 40,562.71 करोड़ रुपए घटकर 11,14,185.78 करोड़ रुपए रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में 22,935.65 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 15,32,595.88 करोड़ रुपए रह गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 19,320.04 करोड़ रुपए घटकर 5,73,022.78 करोड़ रुपए रह गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 17,161.01 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ 5,13,735.07 करोड़ रुपए रह गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 15,759.95 करोड़ रुपए घटकर 4,54,814.95 करोड़ रुपए रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में 13,827.73 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 6,39,292.94 करोड़ रुपए पर आ गया।

### एनटीपीसी का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 38% सबढ़कर 4,726 करोड़ रुपए पर




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक एनटीपीसी का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 38 प्रतिशत बढ़कर 4,726.40 करोड़ रुपए हो गया। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। एनटीपीसी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि एक साल पहले समान अवधि में इसका शुद्ध लाभ 3,417.67 करोड़ रुपए था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 45,384.64 करोड़ रुपए हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 44,681.50 करोड़ रुपए थी। इस बीच एनटीपीसी के निदेशक मंडल ने 10 रुपए के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयर पर 2.25 रुपए प्रति शेयर की दर से अंतरिम लाभांश देने का फैसला किया है। चालू वित्त वर्ष के इस लाभांश का भुगतान/ प्रेषण 23 नवंबर को किया जाएगा। अप्रैल-सितंबर की अवधि में एनटीपीसी का औसत बिजली शुल्क 4.61 रुपए प्रति यूनिट था, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 4.77 रुपए प्रति यूनिट था। दूसरी तिमाही में एनटीपीसी का सकल बिजली उत्पादन बढ़कर 90.30 अरब यूनिट हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 85.48 अरब यूनिट था।

## दिवाली पर जमकर होगी खरीदारी, व्यापारियों की रहेगी चांदी

# देश भर में करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में दिवाली का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार लोगों के साथ ही व्यापारियों के लिए भी खुशियां लेकर आता है। इस दिवाली व्यापारियों को बड़े मुनाफे की उम्मीद है। एक रिपोर्ट का अनुमान है कि देश के बाजारों में करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने की उम्मीद है। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के 30 शहरों में व्यापारी संगठनों के जरिए कराये गये एक सर्वे की समीक्षा में दिखा है कि इस साल व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर ग्राहकों की मांग और पसंद को पूरा करने के लिए व्यापक तैयारी की है। इस साल देश भर में रक्षा बंधन, गणेश पूजा, नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दशहरा पर ग्राहकों ने खुलकर खरीदारी की है, उसे देखने से ऐसा लगता है कि इस बार त्योहारी



सीजन का व्यापार 3.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल के मुताबिक, दिवाली के अवसर पर करीब 65 करोड़ कस्टमर कारोबार करते हैं। अगर औसतन हम प्रति व्यक्ति 5500 रुपये की खरीद को देखें तो यह 3.5 लाख करोड़ के व्यापार को पार कर जाएगा। देश में इस त्योहार पर केवल 500 रुपये या उससे कम खरीदारी करने वाले लोग है। वहीं हजारों और लाखों खर्च करने वालों की भी कमी नहीं है। खंडेलवाल ने कहा कि खासकर गिफ्ट आइटम्स, मिठाई नमकीन, ड्राई फ्रूट, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, वस्त्र, आभूषण, कपड़ा, बर्तन, क्राकरी, मोबाइल, फर्नीचर, फर्निशिंग, रसोई के उपकरण, घर सजाने का सजावटी सामान, फुटवियर, सौंदर्य प्रसाधन, कास्मेटिक्स, कंप्यूटर उपकरण, स्टेशनरी, बिजली का सामान, फल, फूल और पूजा सामग्री आदि चीजों की ज्यादा बिक्री की संभावना है। इसके अलावा, सर्विस सेक्टर में होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हाल, कैटरिंग, इवेंट मैनेजमेंट, कैब सर्विस, डिलीवरी सेक्टर, कलाकारों आदि में भी कारोबार बढ़ेगा। खंडेलवाल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए वोकल फॉर लोकल से चीनी प्रोडक्ट की मांग तेजी से घटी है। उन्होंने कहा कि इस साल के त्योहारी सीजन में चीन का कोई भी सामान बाजारों में नहीं बिकेगा। देश भर में व्यापारियों ने त्योहारों से बिकने वाला कोई भी प्रोडक्ट ऑर्डर नहीं किया है और अब कस्टमर चीनी प्रोडक्ट खरीदना नहीं चाहते हैं।

## अंबानी या जिंदल का होगा बिग बाजार ?

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** यदि 11000 करोड़ रुपए के कर्ज में डूबी किशोर बियानी की कंपनी फ्यूचर एंटरप्राइजेज को जिंदल खरीदने में सफल हो जाते हैं ,तो व्यापारी जगत में मुकेश अंबानी को केन्द्र से बड़ा झटका का संदेश जाएगा। 2014 के बाद से जिन उद्योगपतियों की रात दिन बढ़त हुई है , उसमें अडानी तो नंबर वन हैं, लेकिन अन्य सात उद्योगपति भी हैं जिनको हर तरह से लगातार फायदा हुआ है। ये भी अब बहुत मालामाल हो गये हैं। इनमें से एक सज्जन जिंदल भी हैं। मालूम हो कि कर्ज के बोझ से लदे फ्यूचर इंटरप्राइजेज के डेट रेजोल्यूशन के लिए मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल वेंचर्स के मुकाबले में जिंदल इंडिया सामने आ गई है। जिंदल पॉली फिल्म्स को नियंत्रित करने वाले जिंदल परिवार की एक सहयोगी कंपनी ने मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल वेंचर्स को चुनौती देते हुए फ्यूचर एंटरप्राइजेज के लिए कर्ज समाधान प्रस्ताव पेश किया है। जिसके कारण दिवालियापन की प्रक्रिया से जूझ रहे फ्यूचर एंटरप्राइजेज पर कब्जे की मुकेश अंबानी की इस लड़ाई में दिलचस्प मोड़ आ गया है। क्योंकि रिलायंस रिटेल के साथ जिंदल इंडिया अब मुकाबला करने की तैयारी में आ गई है। 30 अक्टूबर तक रिलायंस रिटेल को यह फैसला करना है कि वह फ्यूचर एंटरप्राइजेज की बोली की प्रक्रिया में शामिल होगी या नहीं। इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत जिंदल इंडिया ने फ्यूचर एंटरप्राइजेज के लिए वित्तीय बोली जमा कर दी है। रिलायंस रिटेल फ्यूचर इंटरप्राइजेज की बोली की प्रक्रिया में शामिल होती है या नहीं, यह देखने वाली बात होगी लेकिन जिंदल इंडिया के इस बोली में शामिल होने की खबर से तहलका मच गया है। किशोर बियानी की कंपनी फ्यूचर एंटरप्राइजेज पर बैंकों का 11000 करोड़ रुपए का कर्ज है। कंपनी इस साल 27 फरवरी को दिवालियापन की प्रक्रिया में शामिल हुई थी। कंपनी को कर्ज देने वाले एक संस्थान ने भुगतान नहीं होने पर उसे इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोर्ट में खींच लिया था। फ्यूचर एंटरप्राइजेज की सहयोगी कंपनी फ्यूचर रिटेल को अब तक सिर्फ स्क्रैप डीलर से ही बोली मिली थी। कंपनी को कर्ज देने वाले संस्थानों का मानना है कि फ्यूचर एंटरप्राइजेज की दिवालिया प्रक्रिया के बाद उनके लिए भी सकारात्मक नतीजे सामने आ सकते हैं। फ्यूचर एंटरप्राइजेज लाइफ और जनरल इंश्योरेंस के ज्वाइंट वेंचर में अच्छी हिस्सेदारी रखती है। वर्ष 2006 में फ्यूचर ग्रुप के प्रमोटर किशोर बियाणी ने इटली की जनराली ग्रुप के साथ इंश्योरेंस का एक ज्वाइंट वेंचर बनाया था। फ्यूचर रिटेल को कर्ज देने वाले संस्थानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है। बैंक समेत कई वित्तीय संस्थाओं का फ्यूचर रिटेल पर 20000 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। गुरुग्राम की एक ऑनलाइन स्क्रैप डीलर से अब तक कंपनी के लिए सबसे अधिक 550 करोड़ रुपए की बोली मिली है। अगर फ्यूचर इंटरप्राइजेज की दिवालिया प्रक्रिया में शामिल सभी कर्जदाताओं को डेट रेजोल्यूशन प्लान समझ में आता है, तो बोली जीतने वाली कंपनी को फ्यूचर जनराली इंश्योरेंस कंपनी में भी 25.5 फीसदी हिस्सेदारी मिल जाएगी। पिछले साल इंश्योरेंस कंपनी की वैल्यू 5000 करोड रुपए लगाई गई थी, इसके बाद कंपनी ने अपनी हिस्सेदारी 49 से बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर ली थी।

### शेयरप्रो सर्विसेज मामले में सेबी ने 13 लोगों पर लगाया 33 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने नियामकीय मानकों का उल्लंघन करने पर शेयरप्रो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों समेत 13 लोगों पर कुल 33 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया है। बाजार नियामक सेबी ने इन लोगों पर एक लाख रुपए से लेकर 15 करोड़ रुपए तक का जुमार्ना लगाया है। इनमें शेयरप्रो की उपाध्यक्ष इंदिरा करकेरा पर 15.08 करोड़ रुपए और कंपनी के प्रबंध निदेशक गोविंद राज राव पर 5.16 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। इनके अलावा सेबी ने बलराम मुखर्जी, प्रदीप राठौड़, श्रीकांत भलकिया, अनिल जाठान, चेतन शाह, सुजीत कुमार अमरनाथ गुप्ता, भवानी जाठान, आनंद एस भलकिया, दयानंद जाठान, मोहित करकेरा और राजेश भगत पर भी जुमार्ना लगाया गया है। सेबी ने अपने 200 पृष्ठों के आदेश में कहा कि धोखाधड़ी में वास्तविक शेयरधारकों की कम-से-कम 60.45 करोड़ रुपए की प्रतिभूतियों और 1.41 करोड़ रुपए के लाभांश का दुरुपयोग किया गया था।

### अब सस्ता हो जाएगा प्याज, सरकार ने निर्यात शुल्क घटाने समेत कई फैसले लिये



**नई दिल्ली।** कुछ हफ्तों में प्याज के दाम दोगुने रफ्तार से बढ़े हैं। दिल्ली एनसीआर समेत कई जगहों पर प्याज के दाम 80 रुपये किलो तक पहुंच चुका है। एक हफ्ते में ही प्याज की कीमत 15 से 20 रुपये किलो बढ़ चुका है। अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों में प्याज की कीमत 100 रुपये को पार कर जाएगी। कुछ महीने पहले टमाटर के दाम भी आसमान छू रहे थे। टमाटर की कीमत 200 रुपये किलो पहुंच गए थे। अब इसी तरह प्याज के दाम भी तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे आम लोगों के किचेन का बजट बिगड़ सकता है। हालांकि सरकार ने आम लोगों राहत देने और प्याज की बढ़ती कीमत को कंट्रोल करने के लिए खास तैयारी कर ली है। त्योहारी सीजन में आम लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए दिल्ली एनसीआर में सरकार 25 रुपये प्रति किलो पर प्याज बेच रही है। यह बफर स्टॉक वाले प्याज हैं, जिसे आसपास के राज्यों से मंगाया गया है। सरकार बफर प्याज को दो सहकारी निकायों एनसीसीएफ और एनएएफईडी आउटलेट और वाहनों के माध्यम से 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेच रही है। सरकार ने प्याज की कीमत पर लगाम लगाने के लिए एक और बड़ा फैसला लिया है। विगत शनिवार को डीजेएफटी ने प्याज का निर्यात शुल्क 800 डॉलर प्रति टन करने का ऐलान किया है। इसका मतलब है कि भारत से बाहरी देशों के लिए प्याज करीब 67 रुपये प्रति किलो पड़ेगा। सरकार के इस फैसले से देश के बाहर प्याज की मात्रा कम ही पहुंचेगी और घरेलू बाजारों में ज्यादा प्याज आएगा। इससे बढ़ती कीमत पर लगाम लगेगी।

### दिल्ली-एनसीआर में डेढ़ करोड़ से अधिक कीमत के लक्जरी घरों की बिक्री दोगुनी हुई : एनारॉक




**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में चालू साल के पहले नौ माह जनवरी-सितंबर के दौरान 1.5 करोड़ रुपए अधिक कीमत के लक्जरी घरों की बिक्री दोगुना होकर 13,630 इकाई रही है। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल की समान अवधि में दिल्ली-एनसीआर में लक्जरी घरों की बिक्री 6,210 इकाई रही थी। एनारॉक ने सात बड़े शहरों में लक्जरी घरों की बिक्री के आंकड़े जारी किए हैं। इस साल जनवरी-सितंबर के दौरान सात प्रमुख शहरों में लक्जरी आवासीय इकाइयों की बिक्री दोगुना से अधिक होकर 84,400 इकाई रही है, जो पिछले साल की समान अवधि में 39,300 इकाई थी। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि कोविड महामारी के बाद मांग बढ़ने से लक्जरी आवासीय खंड तेजी से बढ़ रहा है। इस खंड में आपूर्ति भी बेहतर हुई है। कोविड के बाद अपना घर रखने की अवधारणा भी मजबूत हुई है। इसके अलावा लोग अब बड़ा और बेहतर घर खरीद रहे हैं। एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, हैदराबाद में इस साल जनवरी-सितंबर के दौरान लक्जरी घरों की बिक्री तीन गुना होकर 13,630 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 3,790 इकाई रही थी।

## विदेश

# भारत हमारे लिए महत्वपूर्ण बाजार, निवेश और विद्युतीकरण में तेजी लाएंगे: सीईओ

**एजेंसी। तोक्यो**

जापान की प्रमुख वाहन कंपनी होंडा मोटर कंपनी लि. अपनी भविष्य की विकास रणनीति के तहत अपने प्रमुख बाजार भारत में निवेश करना जारी रखेगी। इसके साथ ही कंपनी अपने वाहनों के विद्युतीकरण में तेजी लाएगी। कंपनी का लक्ष्य 2050 तक कॉर्बन निरपेक्षता हासिल करने का है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। होंडा मोटर के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तोशीहिरो मिबे ने कंपनी के मुख्यालय में भारतीय पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, वैश्विक स्तर पर होंडा अन्य कंपनियों के साथ गठजोड़ और सहयोग के लिए तैयार है लेकिन यह गठजोड़ परिवहन के क्षेत्र में सभी के लिए लाभ का होना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमारी रणनीति 2050 तक कार्बन निरपेक्षता हासिल करने की है। इसके लिए हमने 2030-35 और 2040 के लिए लक्ष्य तय किए हैं...होंडा के लिए भारत एक



बड़ा बाजार है। यह ऐसा बाजार है जहां कार और दोपहिया दोनों में विद्युतीकरण तेजी से हो रहा है। भारत के महत्व को रेखांकित करते हुए एशियन होंडा मोटर कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ तोशियो कुवाहारा ने कहा, ह्यह्यभारतीय बाजार अपने आकार के कारण हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। यह पहले से ही बिक्री के मामले में हमारे लिए दुनिया में सातवें स्थान पर है।" उन्होंने कहा कि चीन को छोड़कर जब हम एशिया-प्रशांत क्षेत्र को देखते हैं, तो विद्युतीकरण या इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जो बाजार महत्वपूर्ण होने वाला है, वह भारत है। हमें लगता है कि भारत पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। भारत में अपने परिचालन के पुनर्गठन के साथ होंडा ने इस साल जून में वर्ष 2030 तक देश में अपने पूर्ण इलेक्ट्रिक मॉडल सहित पांच नए स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) उतारने की योजना की घोषणा की थी।

# बलूच छात्र की गिरफ्तारी को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में पुलिस और सादे कपड़े पहने लोगों ने विगत शुक्रवार को पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) के एक बलूच छात्र को न्यू कैंपस के गेट से गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, छात्रों और बलूच राष्ट्रवादियों ने विरोध प्रदर्शन किया। सोशल मीडिया पर प्रसारित सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, बीएस एजुकेशन 8वें सेमेस्टर के छात्र और पीयू के बलूच काउंसिल के सदस्य फरीद हुसैन बलूच मुख्य द्वार से परिसर से बाहर जा रहे थे, जब उन्हें दो पुलिसकर्मियों और साधारण वर्दी में दो अन्य लोगों ने रोक लिया। फुटेज से पता चला कि छात्र ने गिरफ्तारी का विरोध किया और भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसकी पिटाई की और उसे एक निजी कार में खींच लिया। जब पुलिस और सादे कपड़े पहने लोग छात्र को पकड़ने के लिए परिसर में दाखिल हुए तो पीयू सुरक्षा गार्डों ने हस्तक्षेप नहीं किया।

### पीओके में पाकिस्तान के खिलाफ उग्र प्रदर्शन, प्रशासन ने छात्रों को बनाया निशाना

**पेशावर।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में पिछले चार महीने से महंगाई, अप्रत्याशित बिजली बिल और अन्य करों के विरोध में प्रदर्शन जारी है। पाकिस्तान और कठपुतली प्रशासन के विरोध में ये प्रदर्शन अब उग्र हो गया है। क्षेत्र निवासियों का कहना है कि अगर उनकी चिंताओं का समाधान नहीं किया गया तो प्रदर्शन और तेज हो जाएगा। यही नहीं गुलाम जम्मू-कश्मीर प्रशासन के खिलाफ सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हो गया है।आंदोलन से परेशान प्रशासन ने छात्रों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। आंदोलन में शामिल मीरपुर विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष के छात्रों को स्थानीय प्रशासन ने फेल कर दिया है। 17 अक्टूबर को छात्र बिजली बिल के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे और प्रथम वर्ष का परिणाम घोषित किया गया। इसके बाद पूरे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के छात्रों ने और आक्रामक प्रदर्शन शुरू किया है।

## तबाही का मंजर | इजरायल ने एक रात में हमास के 450 ठिकानों पर किया हमला

# फाइटर जेट ने गाजा के हॉस्पिटल को बनाया निशाना

**एजेंसी। यूएई**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने परिषद में अरब प्रतिनिधि संयुक्त अरब अमीरात के अनुरोध पर सोमवार दोपहर को एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। एपी के अनुसार यह बैठक सोमवार दोपहर को गाजा पर इजरायल के जमीनी हमले को लेकर है। इजरायली सेना ने कहा कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक से रात भर में कम से कम 23 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें चार हमास लड़ाके भी शामिल हैं। अलजजीरा के मुताबिक युद्ध शुरू होने के बाद से कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 700 हमास लड़ाकों सहित 1,030 से अधिक फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया था। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने चेतावनी दी है कि गाजा पट्टी में इजरायल की सैन्य कार्रवाई बहुत आगे बढ़ गई है और दूसरों को भी संघर्ष में लाएगी। रायसी ने ब्रॉडकास्टर



अल-जजीरा के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जायोनी यूनिट ने खतरे की लाइन को पार कर गए हैं, जो हर किसी को कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। आईडीएफ ने जानकारी दी कि लेबनान की तरफ से गोलीबारी की गई है। आईडीएफ ने उत्तरी शहर मिस्गाव के निवासियों को होमशेल्टरो में जाने का आदेश दिया। फि लिस्तीनी रेड क्रिसेंट का कहना है कि इजरायली अधिकारियों ने अल-कुद्स अस्पताल को तुरंत खाली करने के लिए कहा है। यूएनआरडब्ल्यूए ने एक बयान में कहा कि रविवार को हजारों गाजा निवासियों ने संयुक्त राष्ट्र फिलिस्तीनी शरणार्थी एजेंसी के गोदामों और वितरण केंद्रों में घुसकर आटा और बुनियादी जीवित वस्तुओं को छीन लिया। यूएनआरडब्ल्यूए ने एक बयान में कहा कि ये एक चिंताजनक संकेत है कि तीन सप्ताह के युद्ध और गाजा पर कड़ी घेराबंदी के बाद नागरिक व्यवस्था टूटने लगी है। आईडीएफप्रवक्ता ने पीएम नेतन्याहू के बयान पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि हम इस वक्त वॉर मोड में हैं। क्ळ्रूट इसकी गंभीरता से जांच करेगा, हम जनता के विश्वास पर भरोसा करते हैं। आपको बता दे कि नेतन्याहू ने हमास हमले के लिए सुरक्षा प्रतिष्ठान पर दोष लगाया था। इजरायली विपक्ष के नेता यायर लैपिड ने नेतन्याहू की आलोचना करते हुए कहा कि 7 अक्टूबर के हमले के लिए जिम्मेदार हैं। आपको बता दें कि इजरायली पीएम नेतन्याहू ने देश के हमले के पीछे रक्षा प्रतिष्ठान को दोषी ठहराया था।

### बाइडेन का ऐलान : अमेरिकी सेना फिलीपींस के लिए चीन से लड़ने को तैयार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपींस के बीच बढ़ती दुश्मनी के बीच अमेरिकी सेना फिलीपींस की ओर से परमाणु-सशस्त्र चीन से लड़ने के लिए तैयार है। बाइडेन का यह बयान दक्षिण चीन सागर में एक विवादित गैर-आबादी वाले द्वीप के पास दोनों देशों के जहाजों की टक्कर के बाद आया है।न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार बाइडेन ने कहा कि फिलीपींस के साथ अमेरिका का रक्षा समझौता दृढ़ है। उन्होंने आगाह किया कि फिलिपीनी विमान, जहाजों या सशस्त्र बलों पर कोई भी हमला फिलीपींस के साथ हमारी पारस्परिक रक्षा संधि को लागू करेगा। 1951 के आपसी रक्षा समझौते के मुताबिक अमेरिका और फिलीपींस संयुक्त रूप से बाहरी सशस्त्र हमले के खिलाफ अपनी रक्षा करेंगे। इससे पहले रविवार को मनीला के दो सैन्य जहाज एक चीनी जहाज से टकरा गए थे।

# हिंदुजा समूह को अगले 5-6 साल में ओडब्ल्यूओ से रिटर्न मिलने की उम्मीद

**एजेंसी। लंदन**

हिंदुजा परिवार को द्वितीय विश्व युद्ध के समय के पूर्व ओल्ड वॉर ऑफिस' (ओडब्ल्यूओ) में अपने 1.3 अरब पाउंड के निवेश से करीब पांच से छह वर्ष में रिटर्न या प्रतिफल मिलने की उम्मीद है। हिंदुजा समूह की कंपनी गल्फ ऑयल लिमिटेड के चेयरमैन संजय हिंदुजा ने कहा कि यह पहली बार है जब हिंदुजा समूह ने ऐसी किसी विरासत वाली संपत्ति में निवेश किया तथा वृद्धि दर्ज की है। ओडब्ल्यूओ में पहले व्हाइटहॉल में स्थित विंस्टन चर्चिल का युद्ध कार्यालय था। अब इसमें 120 कमरे और सुइट होटल (रैफल्स लंदन), नौ रेस्तरां, तीन बार और 85 निजी आवास हैं, जो लक्जरी होटलों की सिंगापुर श्रृंखला रैफल्स द्वारा ब्रांडेड हैं। इतने बड़े निवेश के औचित्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, शुरूआत में, हमने सोचा कि (हमें एक परिवार के रूप में) लंदन में कुछ बनाना चाहिए। हमें इस देश में एक विरासत छोड़नी चाहिए। हिंदुजा ने इस ओडब्ल्यूओ परियोजना में करीब 1.3 अरब पाउंड (लगभग 13,151 करोड़ रुपए) का निवेश किया है, जिसमें स्टाम्प के साथ 37.4 करोड़ पाउंड की अधिग्रहण लागत और परियोजना के विकास पर शेष राशि शामिल है। निवेश से मिलने वाले प्रतिफल के बारे में पूछे जाने पर हिंदुजा ने कहा कि इस संपत्ति में 85 अपार्टमेंट निवास हैं, जो करीब 1,88,000 वर्ग फुट में फैले हुए हैं। उन्होंने कहा, अपार्टमेंट से वास्तविक मुनाफा होगा। मुझे लगता है कि इस साल दिसंबर तक हम 50 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे। हम अधिकतम पांच से छह साल की अवधि में इन सभी की बिक्री करने में सफल होंगे।

कभी कभी तकलीफ में भी हमें मुस्कुराना पड़ता है ताकि हमारे घर वाले हमारे लिए परेशान ना हो ।
– अज्ञात



# भय का साम्राज्य खत्म हो

***झारखंड*** में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान का असर दिखना शुरू है। यही कारण है कि जगह-जगह से नक्सली या तो आत्मसमर्पण कर रहे हैं या गिरफ़्तार किये जा रहे हैं। पिछले दिनों लातेहार पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। आतंक का पर्याय बन चुके भाकपा माओवादी के सक्रिय सबजोनल कमांडर अघनु गंझू को गिरफ्तार करने में पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। वह कई घटनाओं को अंजाम दिया था। उसके उपर लातेहार, लोहरदगा, गुमला, रांची जिला के विभिन्न थानों में कुल 78 मामले दर्ज हैं। ऐसे में उसकी गिरफ़्तारी के बाद इस जिले से आतंक के युग का अंत हो गया है। राज्य के कई हिस्सों में नक्सली हाल के दिनों कमजोर पड़े हैं। लेकिन यह कहना कि इनका सफाया हो गया है। गलत है। अभी भी पश्चिम सिंहभूम के अलावे कई इलाकों में इनकी समानांतर सरकार चलती है। ये घनघोर इलाके जंगल और पहाड़ों से घिरे हैं। ऐसी जगहों पर पुलिस को ऑपरेशन को अंजाम देने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद हमारे जवान डटे हुए हैं। आने वाले दिनों में इनका सफाया निश्चित है। कारण आतंक का साम्राज्य और बंदूक का जोर ज्यादा दिनों तक न किसी का चला है ओर न आगे चलेगा। अच्छा होगा कि इसके पनपने के कारक तत्वों की नये सिरे से पड़ताल हो। इससे अभियान को बल मिलेगा। नक्सलियों की खेती के लिए पैदावार जमीन वे स्थान हैं,जहां सरकार की बुनियादी सुविधायें नहीं पहुंची हैं। साथ ही जंगल व पहाड़ इनकी शरण स्थली बनी हुई है। लेकिन हाल के दिनों में यह सब उल्टा पड़ता दिखाई दे रहा है। नक्सलियों को अब पहले की तरह ग्रामीणों का सहयोग नहीं मिल रहा है। इसके पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारण लोगों का जागरूक होना माना जा सकता है। आज का प्रत्येक व्यक्ति हानि व लाभ के आकाश पर बैठा है। उसे पता है कि गोली से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। उसे सिर्फ गुमराह करने के लिए ऐसे आपराधिक संगठन खड़े हो गये हैं। जिनका सिर्फ एक ही काम रहता है,एन-केन पैसा कमाना। लेवी के पैसे से इनके बेटे बड़े-बड़े स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। दूसरी तरफ यह गरीबों के बच्चे को गुमराह कर रहे हैं। सामाजिक न्याय के नाम पर समाज में जहर घोलने वाले नक्सली संगठनों को प्रारंभ में जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा था। बाद में उनकी नियत में खोट देखते हुए लोगों का इनसे मोहभंग होना स्वभाविक है। ऐसी स्थिति में ऐसे संगठनों का कमजोर होना स्वभाविक है। बहरहाल बाद के दिनों में सरकार भी समझ गयी कि बगैर इसके सफाये का किसी तरह का विकास संभव नहीं है। गांवों को सड़कों से जोड़ा गया। नदी पर पुल का निमार्ण हुआ। बरसात के दिनों में अब करीब-करीब सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से जाया जा सकता है। यही कारण है कि नक्सली के अभयाण्य कहे जाने वाले क्षेत्र विकास की नई गाथा लिखने को तैयार हैं। बूढ़ा पहाड़ फतह के बाद लगातार अभियान का तेज होना यह दर्शाता है कि अब बहुत जल्द अपना झारखंड भी नक्सल मुक्त होगा। भय का साम्राज्य खत्म होना चाहिए, तभी विकास की पटकथा यहां लिखी जा सकती है।

**नक्सलियों की खेती के लिए पैदावार जमीन वे स्थान हैं,जहां सरकार की बुनियादी सुविधायें नहीं पहुंची हैं। साथ ही जंगल व पहाड़ इनकी शरण स्थली बनी हुई है। नक्सलियों को अब पहले की तरह ग्रामीणों का सहयोग नहीं मिल रहा है। इसके पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारण लोगों का जागरूक होना माना जा सकता है। आज का प्रत्येक व्यक्ति हानि व लाभ के आकाश पर बैठा है।**

# रक्तहीन क्रांति के संवाहक सरदार पटेल



रमेश सर्राफ धमोरा



***सरदार*** वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश के वो पहले गृहमंत्री गृहमंत्री थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आईसीएस) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आईएएस) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवतः नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता। स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री, सूचना प्रसारणमंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोड़कर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी। सरदार पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की, लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगुनी ऊंची (182 मीटर) है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल रहा होगा। सरदार यानी नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षों में तपकर उनका

**स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री, सूचना प्रसारणमंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था।**

**इन दिनों**

मनोबल लोहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होंने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होंने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होंने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। अपराजेय पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निर्माता हैं। देश के विकास में सरदार पटेल के महत्व को सदैव याद रखा जायेगा। सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनों ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कराची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के संगठन को व्यवस्थित किया। अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे, लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते। सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ़ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी। लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है।

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने छठ पूजा की पौराणिक कथा*

***पहली*** बार चैत्र में और दूसरी बार कार्तिक में। चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाये जानेवाले छठ पर्व को चैती छठ व कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाये जाने वाले पर्व को कार्तिकी छठ कहा जाता है। पारिवारिक सुख-समृद्धि तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए यह पर्व मनाया जाता है। इस पर्व को स्त्री और पुरुष समान रूप से मनाते हैं। छठ पूजा चार दिवसीय उत्सव है। इसकी शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को तथा समाप्ति कार्तिक शुक्ल सप्तमी को होती है। इस दौरान व्रतधारी लगातार 36 घंटे का व्रत रखते हैं। इस दौरान वे पानी भी ग्रहण नहीं करते। छठ पर्व बांस निर्मित सूप, टोकरी, मिट्टी के बरतनों, गन्ने के रस, गुड़, चावल और गेहूं से निर्मित प्रसाद और सुमधुर लोकगीतों से युक्त होकर लोक जीवन की भरपूर मिठास का प्रसार करता है। यह मुख्य रूप से पूर्वी भारत के बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाता है। षष्ठी को मनाया जाने वाला छठ पूजा सूर्य उपासना का अनुपम लोकपर्व है।

**छठ व्रत पूजा विधि :** छठ देवी भगवान सूर्यदेव की बहन हैं। जिनकी पूजा के लिए छठ मनाया जाता है। छठी मैया को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की आराधना की जाती है। छठी मैया का ध्यान करते हुए लोग मां गंगा-यमुना या किसी नदी के किनारे इस पूजा को मनाते हैं। इसमें सूर्य की पूजा अनिवार्य है साथ ही किसी नदी में स्नान करना भी। इस पर्व में पहले दिन घर की साफ सफाई की जाती है। छठ पर्व पर गांवों में अधिक सफाई देखने को मिलती है।

(क्रमशः)

# हवा में घुलता जहर सांसों पर होता कहर



योगेश कुमार गोयल

***दीवाली*** से कई दिन पहले ही दिल्ली-एनसीआर की हवा में जहर घुल चुका है। वायु प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ रहा है कि दमघोंटू हवा में लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। वैसे तो वर्तमान में मुंबई में भी वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई है और वहां बीएमसी द्वारा बिगड़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं लेकिन देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तो वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में है। दिल्ली हो या नोएडा अथवा आसपास के अन्य इलाके, एक्यूआई 300 के ऊपर जा चुका है तथा माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह 400 के पार पहुंच जायेगा, तब लोगों को सांस लेने में काफी तकलीफ महसूस होने लगेगी। वैसे अभी से सांस संबंधी परेशानियों के साथ बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचने लगे हैं। 'सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग एंड रिसर्च' (सफर) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। सफर की स्थापना भारत में महानगरों के प्रदूषण स्तर और वायु गुणवत्ता को मापने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की पहल के तहत 2010 में की गई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसका कारण तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है। केंद्र सरकार के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (डीएसएस) ने पराली जलाये जाने की गतिविधियों में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे अगले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब होने की आशंका है। चिंता का विषय यह है कि हर साल दिल्ली सहित हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों में इस सीजन में खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलाई जाती है, जिसके चलते प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है। यह बेहद चिंता की बात है कि किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाये जाने के निरंतर अनुरोधों के बाद भी इस बार दशहरे के मौके पर तो जैसे किसानों में पराली फूंकने की होड़ सी लगी दिखी। खेतों में जलती पराली, विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ते हालात, वाहनों और औद्योगिक इकाइयों के कारण अत्यधिक प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को हम इसी प्रकार साल-दर-साल झेलने को विवश हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के मामले में देश में पहले से ही कई कानून लागू हैं लेकिन उनकी पालना कराने के मामले में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग में सदैव उदासीनता का माहौल देखा जाता रहा है। देश की राजधानी दिल्ली तो वक्त-बेवक्त 'स्मॉग' से लोगों का हाल बेहाल करती रही है। न केवल दिल्ली-एनसीआर में बल्कि देशभर में वायु, जल तथा ध्वनि प्रदूषण का खतरा निरन्तर मंडरा रहा है। वायु, जल तथा अन्य प्रदूषण के कारण अब हर साल देशभर में लाखों लोग जान गंवाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक मानव निर्मित वायु प्रदूषण के ही कारण प्रतिवर्ष करीब पांच लाख लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। अब देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां लोग धूल, धुआं, कचरा और शोर के चलते बीमार न हो रहे हों।

**दिल्ली हो या नोएडा अथवा आसपास के अन्य इलाके, एक्यूआई 300 के ऊपर जा चुका है तथा माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह 400 के पार पहुंच जायेगा, तब लोगों को सांस लेने में तकलीफ महसूस होने लगेगी।**

**वायु प्रदूषण**

पयार्वरण तथा मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत डेविड आर. बॉयड का कहना है कि विश्व भर में इस समय छह अरब से भी ज्यादा लोग इतनी प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं, जिसने उनके जीवन, स्वास्थ्य और बेहतरी को खतरे में डाल दिया है और सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि इसमें करीब एक-तिहाई संख्या बच्चों की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण के चलते दुनियाभर में प्रतिवर्ष करीब 70 लाख लोगों की असामयिक मृत्यु हो जाती है, जिनमें करीब छह लाख बच्चे भी शामिल होते हैं।

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से

**बाहर की चुनौतियों से नहीं हम अपनी अंदर की कमजोरियों से हारते हैं**

# इजराइल-हमास लड़ाई पर भी तुष्टिकरण की राजनीति



योगेंद्र योगी

***केंद्र*** की भाजपा सरकार ने पहले दिन से ही रुख साफ कर दिया कि किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई का भारत समर्थन नहीं करेगा। केन्द्र सरकार की यह नीति जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली आतंकी कार्रवाईयों से प्रभावित है। इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध में हमास के क्रूर आतंकी घटना की आलोचना करने की बजाये इजरायल की निंदा करने से साबित हो गया है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल अल्पसंख्यकों के वोट के लिए किस तरह तुष्टिकरण की नीति पर चलते हैं। यही वजह है कि भाजपा विपक्षी दलों पर आक्रामक रुख अख्तियार करती रही है। दरअसल विपक्षी दल आतंकी हमास की निंदा करके देश के अल्पसंख्यक वोट बैंक को नाराज नहीं करना चाहते। इस नये युद्ध की शुरूआत आतंकी संगठन हमास ने की। इसमें सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे गये और बड़ी संख्या में लोगों का अपहरण कर लिया। इसके विपरीत इस मुद्दे पर कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपना कर भाजपा को फिर से एक नया मुद्दा थमा दिया। केंद्र की भाजपा सरकार ने पहले दिन से ही रुख साफ कर दिया कि किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई का भारत समर्थन नहीं करेगा। केन्द्र सरकार की यह नीति जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली आतंकी कार्रवाईयों से प्रभावित है। आश्चर्य की बात यह है कि इस मामले में नये बने विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस को छोड़ कर ज्यादातर दलों ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की। ऐसे मुद्दों पर विपक्षी दल ज्यादातर बचाव या विरोध की नीति ही अपनाते रहे हैं। दरअसल कांग्रेस सहित गैर भाजपा दलों का निशाना भी अल्पसंख्यक वोट बैंक होता है। ऐसे में कोई भी दल सार्वजनिक तौर पर प्रतिक्रिया जाहिर करने से बचता है। इसमें हमास ने पहले हमला कर युद्ध को आमंत्रित किया, इसलिए विपक्षी दल स्पष्ट प्रतिक्रिया देने से कतरा रहे हैं। इसके विपरीत जम्मू-कश्मीर में धारा 370, तीन तलाक और अयोध्या में राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने भाजपा के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया जाहिर करने में देर नहीं लगाई। धारा 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर की शांति और तरक्की की हालत सर्वविदित हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं लगभग शून्य हो गई हैं। इस साल पर्यटकों की रिकार्ड आमद दर्ज की गई है। जम्मू-कश्मीर से एक अग्निवीर का दस्ता तक सेना में शामिल हुआ है। जम्मू-कश्मीर में जी20 की बैठक हो चुकी है। इसी से स्पष्ट होता है कि गैरभाजपा दलों को किस तरह से अल्पसंख्यक वोट बैंक के तौर पर नजर आते हैं। इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर फिलिस्तीन के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें निराशा और पीड़ा व्यक्त की और फिलिस्तीनी लोगों के भूमि (और) स्वशासन, गरिमा और सम्मान के साथ जीने के अधिकार के प्रति अपने समर्थन को तवज्जों दी। हमास ने जिस तरह बच्चों और महिलाओं के कत्ल करके इंसानियत को शर्मसार किया, उस पर कांग्रेस ने एक शब्द भी नहीं कहा और ना ही अपहृत लोगों को रिहा किये जाने की अपील की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा मानना रहा है कि इजरायलियों की राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को सुनिश्चित करते हुए फिलिस्तीन के लोगों की वैध आकांक्षाओं को बातचीत के माध्यम से पूरा किया जाना चाहिए। कांग्रेस के इस बयान पर भाजपा ने जोरदार हमला बोला। भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने एक पोस्ट में कांग्रेस के बयान को अत्यंत निंदनीय बताया। विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर राष्ट्रनीति और राष्ट्रहित के खिलाफ फैसला लेते हुए प्रस्ताव पारित किया है। एक धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए कांग्रेस किस हद तक गिर सकती है? उन्होंने कहा, अब कांग्रेस आतंकवाद से भी समझौता करने को तैयार है।

**धारा 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर की शांति और तरक्की की हालत सर्वविदित हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं लगभग शून्य हो गई हैं। इस साल पर्यटकों की रिकार्ड आमद दर्ज की गई है।**

**लड़ाई**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## गागर में सागर

### डीएसओ ने किया मतदान केंद्रों का दौरा

**प्रतापपुर (चतरा)।** निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर जिले के प्रतापपुर प्रखंड के सभी 103 मतदान केंद्रों पर दो दिनों का विशेष अभियान चलाया गया। 28 व 29 अक्टूबर को चलाए गए विशेष अभियान में सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर रहकर बचे हुए नये मतदाताओं का पंजीकरण, नाम, पता व फोटो का सुधार व मृत मतदाताओं का नाम विलोपन का कार्य किया। वहीं वरीय पदाधिकारी के रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कई मतदान केंद्रों का दौरा कर भौतिक सत्यापन किया। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास भी शामिल थे।

### विकिरण संस्था ने लगाए नास्पाती के पौधे

**महुआडांड़।** नेतरहाट स्थित बटुवाटोली ग्राम में विकिरण संस्था ने रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आवासीय विद्यालय नेतरहाट के प्राचार्य डॉ. प्रसाद पासवान उपस्थित हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में टीआरआई के असिस्टेंट डायरेक्टर राकेश रंजन उरांव, एनटीपीसी के मंजूला भगत, विशनपुर हास्पिटल के राकेश रंजन कुमार, अंशूमान चटर्जी आदि उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा नास्पाती के कई पौधे लगाए गए। इस दौरान संस्थान द्वारा 350 पेड़ लगाए गए। मौके पर शिक्षक सुनील उरांव, काफी संख्या में आदिम जनजाति परिवार के सदस्य व बच्चे मौजूद थे।

### सेरेगड़ा व भगिया पंचायत कमेटी गठित

**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार बालूमाथ जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव की अध्यक्षता में बालूमाथ प्रखंड के सेरेगड़ा पंचायत और भगिया पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन किया गया। सेरेगड़ा पंचायत में प्रकाश राम को अध्यक्ष, राजू उरांव को सचिव, बालेश्वर भोक्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। भगिया पंचायत में संदीप साव को अध्यक्ष, सुनील उरांव को सचिव, जानकी पाहन को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर जेएमएम प्रखंड सचिव परमेश्वर गांझू के अलावे जेएमएम के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दीपावली पूजा को लेकर की गई बैठक

**टंडवा (चतरा)।** दीपावली पूजा को लेकर टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत किसुनपुर में रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जहां पूजा उत्सव को भव्य बनाने हेतु विस्तार से चर्चा करने के पश्चात पूर्व गठित समिति को भंग करते हुवे 31 सदस्यीय समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मनोज पाठक, सचिव जितेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति मनोनीत किये गये। मौके पर उत्तम साहु, अरविंद पाठक, फुलचंद साहु, सतीश पाठक, शिवदयाल साहु, सीताराम महतो, मनु महतो, खुदन प्रजापति आदि मौजूद थे।

### न्यू मां तारा इलेक्ट्रॉनिक्स का उद्घाटन



**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय महावीर चौक के समीप न्यू मां तारा इलेक्ट्रॉनिक्स नामक प्रतिष्ठान का उद्घाटन सच्चिदानंद अग्रवाल ने किया। दुकान के संचालक राजीव अग्रवाल ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की बिक्री एवं मरम्मती की सुविधा ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दुकान में एलईडी, बैटरी इनवर्टर, स्टेबलाइजर, एलईडी बल्ब, इंडक्शन चूल्हा, सोलर प्लेट, मिक्सी सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामान ग्राहकों को उचित मूल्य पर दी जाएगी। मौके पर अरुण प्रसाद, प्रदीप कुमार आकाश कुमार, निरंजन अग्रवाल, किशोर कुमार, राजदीप कुमार आदि मौजूद थे।

### आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय से उत्पाद अधिनियम व ट्रेड मार्क एक्ट के फरार आरोपी संतोष रविदास 26 वर्ष पिता सुरेश रविदास को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध थाना में उत्पाद अधिनियम व ट्रेड मार्क एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज है। जिसमें कई महीनो से फरार चल रहा था। छापामारी दल में थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पुलिस अवर निरीक्षक जैरा बाखला व पुलिस कर्मी शामिल थे।

### पूर्व जिप सदस्य नेताजी की पुण्यतिथि को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित

**गिद्धौर(चतरा)।** पूर्व जिला परिषद सदस्य स्वर्गीय बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा उर्फ नेताजी के 4थी पुण्यतिथि मनाने को लेकर गिद्धौर ब्लॉक मोड़ में ग्रामीणों की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मनित सेवानिवृत्त शिक्षक देवचारन दांगी व संचालन राजू लाल वर्मा ने किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने पूर्व जिप सदस्य नेताजी की पुण्यतिथि धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया। बताया गया कि पुण्यतिथि कार्यक्रम में कई बड़े नेताओं का आगमन होगा। बैठक में पुत्र राजेश कुशवाहा, मनोज कुमार वर्मा, देवनारायण दांगी, शिक्षक अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, मुकेश दांगी व विकास कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर हुआ ध्वजारोहण



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड की शिबला पंचायत के ग्राम भाटचतरा स्थित स्कूल खेल मैदान में 21 कुंडीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर शनिवार को पंडित मधुसूदन के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात मकरा, भाटचतरा, कुशमाहा, बेसरा, झिरमतकोमा गांव में भ्रमण कर पुनः देवी मंडप परिसर में ध्वजारोहण किया गया। यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहल्लाद सिंह व सचिव उदय सिंह ने बताया कि 21 नवंबर को जलयात्रा भी की जाएगी और यज्ञ का आयोजन 21 नवंबर से 27 नवंबर तक किया जाएगा। मौके पर कोषाध्यक्ष विजय यादव, उपसचिव तुलसी राणा, डब्लू सिंह, अवध सिंह, बब्लू सिंह, गौरी यादव, दिलीप सिंह त्रिवेणी यादव, रवि यादव, अरविंद यादव, उमेश लोहरा, पुलु राम, राजू पासवान आदि मौजूद थे।


## तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द व प्लेटलेट्स में गिरावट से सैकड़ों लोग ग्रसित

# बालूमाथ में बढ़ रहा है डेंगू का प्रकोप

**अजित कुमार। बालूमाथ**

शहर में इन दिनों तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द के पश्चात प्लेटलेट्स में गिरावट से सैकड़ों लोग ग्रसित हैं। ऐसे लक्षणों के मरीज की जांच के पश्चात डेंगू पॉजिटिव के मामले सामने आ रहे हैं। दिन प्रतिदिन इसका प्रकोप बढ़ता चला जा रहा है।

डेंगू के मरीज बेहतर इलाज की तलाश में अस्पतालों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियां इसके निदान के मामले में शून्य प्रतीत हो रही हैं। पिछले एक महीने से बालूमाथ में सैकड़ों डेंगू के मरीज मिले हैं। सामर्थ्यवान लोग बेहतर इलाज के लिए रांची, हजारीबाग एवं मेदिनीनगर जाकर इलाज तो करवा ले रहे हैं, परंतु अधिकतर लोग स्थानीय स्तर पर इलाज करवाने के लिए मजबूर हैं। स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण प्राइवेट अस्पतालों एवं नर्सिंग होम में मरीज की भीड़ देखने को मिल रही है। देश की राजधानी दिल्ली डेंगू के मामले में पिछले कुछ वर्षों तक प्रसिद्ध रहा था। हाल के दिनों में आम आदमी एवं सरकारी प्रयास से बहुत हद तक डेंगू के मामले में नियंत्रण किया है, परंतु सरकारी स्तर पर इससे निपटने के लिए जो प्रयास किये जा रहे हैं, वे नाकाफी साबित हो रहे हैं।




इस संबंध में जिले के सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बालूमाथ में बढ़ते डेंगू के प्रकोप से अनभिज्ञ होने की बात कही। उन्होंने बताया कि अगर ऐसा मामला है, तो सीएचसी प्रभारी से बात कर तत्काल इसके निदान के लिए ठोस कदम उठाए जाने का निर्देश दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि डेंगू का कोई प्रॉपर इलाज नहीं है, लेकिन फिर भी इसके बचाव एवं इलाज के लिए गाइडलाइन है उसका पालन किया जाएगा।

# प्लस टू की मान्यता मिली, पर नहीं हुई शिक्षकों की नियुक्ति

## स्वामी विवेका नंद उच्च विद्यालय मयूरहंड में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड(चतरा)**

एक ओर जहां प्रदेश की सरकार बेहतर शिक्षा व्यवस्था होने का दावा करती है। वहीं दूसरी ओर कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी होने के कारण अध्यापन व्यवस्था लडखड़ा गई है। चतरा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र मयूरहंड थाना अंतर्गत राजकीयकृत स्वामी विवेका नंद उच्च विद्यालय मयूरहंड को दो वर्ष पूर्व प्लस टू की मान्यता तो मिल गई, लेकिन इस विद्यालय में अभी तक एक भी शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई। इसके कारण 11 वीं व 12 वीं के 309 विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में है। बच्चों का कहना है कि क्या करें? हमलोगों की मजबूरी है इस विद्यालय में नामांकन करवाना। क्योंकि मयूरहंड थाना अंतर्गत कोई भी अन्य सरकारी प्लस टू विद्यालय नहीं है।

विद्यार्थियों का कहना है कि शिक्षा न मिले तो न सही लेकिन डिग्री तो मिल ही जाएगी न। इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेंद्र दास का कहना है कि विभाग द्वारा पिछले सत्र से तीनों फैकल्टी में नामांकन लेने का आदेश तो कर दिया गया, लेकिन साइंस, आर्ट्स व कॉमर्स के लिए एक भी शिक्षक नहीं रहने के कारण 11 वीं व 12 वीं की क्लास चलाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसी तरह 9वीं व 10वीं के लिए प्रतिनियुक्त शिक्षकों द्वारा क्लास ली जा रही है।

### प्रधानाध्यापक बोले, चहारदिवारी व शौचालय नहीं होने के कारण बच्चियों की सुरक्षा पर भी बना रहता है खतरा



प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस विद्यालय में लड़कों से ज्यादा लड़कियां नामांकित हैं। विद्यालय के नाम से लगभग दस एकड़ भूमि है, लेकिन चहारदिवारी व शौचालय नहीं होने के कारण बच्चियों की सुरक्षा से संबंधित हमेशा परेशानी बनी रहती है। विद्यालय में ग्यारहवीं में 121 एवं बारहवीं में 188 कुल 309 बच्चें नामांकित हैं।

### बीपीओ का पद रिक्त होने से मनरेगा कार्य हो रहा बाधित

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड में मनरेगा बीपीओ का पद रिक्त रहने से मनरेगा कार्यों में शिथिलता के साथ कई पंचायत में डिमांड शून्य हो जा रहा है। इसके कारण मनरेगा मजदूरों को रोजगार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ज्ञात हो कि प्रखंड में पदस्थापित बीपीओ नीरज कुमार की नियुक्ति शिक्षक में हो जाने के कारण बीपीओ से 18 अक्टूबर को त्यागपत्र दे दी गई है। तबसे प्रखंड में बीपीओ का पद रिक्त पड़ा हुआ है। विभागीय उदासीनता के कारण एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बीपीओ की प्रतिनियुक्ती नही हुई है। मनरेगा अधिनियम के तहत कार्य प्रारंभ करने के पूर्व बीपीओ की स्वीकृति अनिवार्य होती है, परंतु पद रिक्त रहने के कारण दीदी बाड़ीए टीसीबीए मेढबंदी कार्य रुका हुआ है। आकांक्षी प्रखंड को विकास कर इससे छुटकारा पाना है। इस तरह की लापरवाही सवाल खड़ा कर रही है। क्या आकांक्षी हीं रहेगा प्रखंड केवल बैठक पर हीं सीमित है।

# एक सप्ताह से लोध ग्रामीण योजना से जलापूर्ति ठप



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

लोध ग्रामीण जलापूर्ति योजना 44 करोड़ रुपये खर्च कर 2018-19 में शुरू हुई थी। पानी सप्लाई को लेकर मुख्य बाजार में थाना के समीप टंकी का निर्माण कराया गया है ताकि यहां से महुआडांड़ में पानी की सप्लाई की जा सके, लेकिन कुछ गांवों में पानी की सप्लाई होती है और कुछ गांव में नहीं। कहीं पाइप बिछा कर छोड़ दिया गया है, तो कहीं पाइप बिछ जाने के बाद भी पानी की सप्लाई नहीं हो रही हैं, जबकि लोध जलप्रपात से महुआडांड़ टंकी तक पानी की सप्लाई सुचारु रूप से हो रही है। पिछले एक सप्ताह से पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप है। दुर्गा पूजा से पहले एक दिन पानी की सप्लाई की गई थी। इस संबंध में पंप ऑपरेटर अमित ने बताया कि पिछले कई महिनों से बिजली विभाग द्वारा नियमित रूप से बिजली सप्लाई नहीं हो रही है। जिस कारण पानी की सप्लाई प्रभावित है। पानी की सप्लाई तीन स्तर पर की जाती है। पहला मिरगी गांव, दूसरा हामी मेढ़ारी गांव व मेराम गांव से पानी की सप्लाई लोध ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत की जाती है। वहीं बिजली विभाग व पेयजल विभाग एक दूसरे पर आरोप लगाकर अपनी जवाबदेही से पल्ला झाड़ने की कोशिश में लगे हुए हैं। प्रशासन भी इस मामले में कोई पहल नहीं कर रहा है।

# कार्तिक उरांव की 99वीं जयंती समारोह व जतरा मेला का किया गया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड की साल्वे पंचायत के बारिखाप ग्राम स्थित आदिवासी कला सांस्कृति मैदान में रविवार को कार्तिक उरांव का 99वां जयंती समारोह व जतरा मेला का आयोजन पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में बतौर मुख्य प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी एवं विशिष्ट अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, बालुभांग मुखिया केदार गंझू, समाजसेवी धनेश्वर उरांव आदि मौजूद रहे। सभी अतिथियों को आदिवासी पारंपरिक पड़हा स्वशासन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इसके बाद कार्तिक उरांव के स्मारक स्थल के समीप चित्र पर माल्यार्पण व नारियल फोड़ कर जयंती मनाई गई। वहीं जतरा मेला का शुभारंभ सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। बीडिओ ने आयोजन समिति के सदस्यों की सराहना की। मौके पर बहादुर गंझू, राजदेव उरांव, दिगंबर टाना भगत, नंदु उरांव, जगरनाथ टाना भगत आदि मौजूद रहे।

### जंगली हाथी की चपेट में आने से एक युवक घायल

**लातेहार।** जिले के पलामू टाइगर रिजर्व गारू, सरयू प्रखंड में इन दोनों जंगली हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन जंगली हाथियों के हमले में आम ग्रामीण की मौत और घर क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सामने आ रही है। इसी कड़ी में सरयू प्रखंड के समीप ग्राम-कोरवा टोली के खुटी सखुवा टोला में शनिवार की शाम तकरीबन 6.45 बजे दो हाथी आ धमके और अनाज और आसपास की लगी फसल को बर्बाद कर दिया। वहीं सकलदीप सिंह के कच्चे मकान की दीवार गिरा दिया गया। दीवार गिरने से भयभीत होकर मकान से निकल कर मकान मालिक सकलदीप सिंह भागने लगा। इस क्रम में एक हाथी ने युवक को अपने सूड़ से पकड़कर फेंक दिया। इस घटना में सिंह का दाहिना पैर जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही वन क्षेत्र के पदाधिकारी नंद कुमार महतो ने वन कर्मियों के साथ घटना स्थल पहुंच कर घायल को सदर अस्पताल लाया। महतो ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार पीड़ित परिवार को मुआवजा भी दिया जाऐगा।

# बिरसा मुंडा जयंती को लेकर आयोजन समिति का गठन



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर चंदवा पूर्वी पंचायत के गुरिटांड़ स्थित बिरसा मुंडा स्मारक स्थल पर बिरसा मुंडा स्मारक समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता करमा मुंडा ने की। बैठक में बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मेले का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

इसको लेकर एक आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष बबन मुंडा को बनाया गया है। इसके अलावा सचिव पद पर बिनोद भगत, सह सचिव गणेश मुंडा, उपाध्यक्ष सुखदेव मुंडा, जतरु कुमार मुंडा, सकूल मुंडा, सुरेशनाथ लोहरा, लखन मुंडा, पुरुषोत्तम मुंडा, कोषाध्यक्ष करमा मुंडा, उप कोषाध्यक्ष चरकु मुंडा, मीडिया प्रभारी माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा को बनाया गया है। इसके अलावा युवा समिति व संरक्षक समिति का भी गठन किया गया है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गई है। बैठक में मुख्य रूप से चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव, शितमोहन मुंडा, पड़हा राजा धनेश्वर उरांव, सुमम सुनील सोरेंग, पूर्व मुखिया पुष्पा देवी, जितेंद्र सिंह, प्रमोद कुजूर, शांति देवी, संजय मुंडा, गणेश मुंडा, रंथु मुंडा, संतोष मुंडा, सनोज मुंडा, अनजन मुंडा, राजेंद्र मुंडा आदि मौजूद थे।

### कफन सत्याग्रह आज से, माकपा ने किया समर्थन

**चंदवा।** माकपा के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, अंचल सचिव बैजनाथ ठाकुर, वरिष्ठ नेता रसीद मियां ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ओवरब्रिज निर्माण शुरू कराने पर जोर डालने के लिए आगामी सोमवार से पंचायत समिति सदस्य अयुब खान के कफन सत्याग्रह को समर्थन दिया है। माकपा नेताओं ने कहा है कि फ्लाई ओवरब्रिज और फुटब्रिज निर्माण को लेकर पार्टी दशकों से आंदोलन कर रही है लेकिन इस समस्या के समाधान के प्रति एनएचएआई और संवेदक उदासीन हैं। दोनों ब्रिज का निर्माण नहीं होने से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज नहीं रहने से रेलवे स्टेशन, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, शहर और प्रखंड कार्यालय आने जाने वालों को मालगाड़ी के नीचे से पास होना पड़ता है। जनता के बीच केंद्र और राज्य सरकार के प्रति आक्रोश पनप रहा है। माकपा ने कफन सत्याग्रह को समर्थन देते हुए फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग उपायुक्त से की है।

**अल्टीमेटम** एनएच फोरलेन विस्थापित संघर्ष समिति की बैठक में किया गया ऐलान

# ‘समस्याओं का हल नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन’

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

एनएच फोरलेन विस्थापित संघर्ष समिति की बैठक ग्राम डुडंगीकला में संघर्ष समिति के अध्यक्ष गुंजर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसका संचालन संयोजक वीरेंद्र प्रसाद द्वारा किया गया। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि 2015-16 तक कटे ऑफलाइन रसीद को ऑनलाइन करते हुए बाजार मूल्य के आधार पर मुआवजा दिया जाय। सभी रैयतों की अधिग्रहित की जाने वाले जमीन का मुआवजा बाजार दर के आधार पर किया जाए।

राजधानी यादव ने कहा कि मांगों को लेकर पूर्व में भी उपायुक्त से संघर्ष समिति ने भेंट की थी। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारी एवं रैयतों के साथ बैठक की थी। उसमें सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। इसी को लेकर आगामी मंगलवार को संघर्ष समिति उपायुक्त से मुलाकात कर जल्द समस्या का समाधान का आग्रह करेंगी। अगर समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो सभी रैयत एक बड़े जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और इसकी तैयारी की जा रही है और यह आंदोलन छठ पूजा के बाद की जाएगी।



बैठक में परशुराम लोहरा, रामविलास प्रजापति, राम सहाय उरांव, सत्येंद्र कुमार यादव, नवल किशोर प्रजापति, नागमणी कुमार, देवनारायण तिवारी, विनायकांत पांडे, महेंद्र सिंह, सुलेमान अंसारी, रशीद अंसारी, महेंद्र नाथ दुबे, विजय सिह, वसंत कुमार साहू, वेद अमरदेव पासवान, आबिद अंसारी, विजय यादव. सलमानी कुमारी, कलावती देवी, मनीता देवी के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की बैठक आयोजित

**चतरा।** झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की बैठक चतरा जिला मुख्यालय के बाबा घाट परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह और गोपेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। सहायक अध्यापकों ने एक स्वर में कहा कि 15 नवंबर तक उनकी मांग पूरी नहीं की जाती है तो सरकार को उखाड़ फेंकने की तैयारी की जाएगी। प्रदेश महासचिव सुमन कुमार ने कहा कि सहायक अध्यापकों में सरकार गिराने और बनाने की क्षमता है। अगर 15 नवंबर तक सरकार उनकी मांग पूरा नहीं करती है तो हेमंत सोरेन सरकार को भी उखाड़ फेंका जाएगा। बैठक में कुमुद सिंह, मो. शेख सिद्दकी प्रदेश अध्यक्ष सहायक अध्यापक संघ, पिंकी राय, बोकारो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आदि मौजूद थे।

# पेसा कानून, वनाधिकार कानून पर हुआ कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड के ग्राम हामी में पेसा कानून, वनाधिकार कानून को लेकर झारखंड ग्राम सभा जागरूकता यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें हाल में लोकसभा में पारित वन संरक्षण अधिनियम 2023, भारतीय न्यायपालिका आदिवासी के लिए कितना सही कितना नुकसानदायक सहित पेसा कानून, वनाधिकार कानून, आदिवासी हितों से संबंधित कानूनों के इतिहास पर चर्चा की गई। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर ग्राम सभा के आंदोलनों के समन्वय पर विशेष चर्चा की गई। सभा में विशेष रूप से प्रखंड के ग्राम प्रधान सहित अन्य कई संगठन के लोग शामिल थे। मौके पर आलोक पाल, जेम्स हेरेजे, वकील बी आर रावत, प्रकाश कुमार, जितेंद्र सिंह आदि कार्यक्रम को संबोधित किया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### पीएम आज गुजरात में 5941 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे शिलान्यास

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 अक्टूबर को गुजरात के मेहसाणा जिले के डाभोड़ा गांव में 5941 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इनमें भारतीय रेल, गुजरात रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (जीआरआईडीई), जल संसाधन विभाग, जलापूर्ति विभाग, सड़क एवं आवास विभाग तथा शहरी विकास विभाग के विकास कार्य शामिल हैं। यह कार्यक्रम डाभोड़ा गांव में सुबह 11 बजे होगा। गुजरात के सात जिलों मेहसाणा, अहमदाबाद, बनासकांठा, साबरकांठा, महीसागर, गांधीनगर और पाटण को विकास कार्यों का लाभ मिलेगा। इन सभी जिलों को मिलने वाली कुल 16 विकास परियोजनाओं में से 8 का लोकार्पण और 8 का शिलान्यास किया जाएगा। रेलवे विभाग और जीआरआईडीई मेहसाणा और अहमदाबाद में रेलवे विभाग के दो विकास कार्य लोकार्पण के लिए तैयार हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति ने आतंकवाद पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने कल (शनिवार) टेलीफोनिक वार्ता में पश्चिम एशिया में बिगड़ती सुरक्षा और मानवीय स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। साथ ही आतंकवाद पर चिंता जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत और मिस्र आतंकवाद, हिंसा और नागरिक जीवन की हानि के संबंध में चिंता को साझा करते हैं। दोनों देश शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली और मानवीय सहायता को सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता पर सहमत हैं।

### तेलंगाना विस चुनाव नहीं लड़ेगी टीडीपी

**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने रविवार को अगले महीने होने वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। कथित कौशल विकास घोटाले में टीडीपी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू अभी भी जेल में हैं, इसलिए पार्टी ने चुनाव से दूर रहने का फैसला किया। चंद्रबाबू नायडू ने टीडीपी तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष कासानी ज्ञानेश्वर को फैसले से अवगत कराया, जब उन्होंने शनिवार को राजमुंदरी सेंट्रल जेल में उनसे मुलाकात की। टीडीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनसे कहा कि आंध्र प्रदेश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए पार्टी तेलंगाना चुनाव पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकती। नायडू ने उनसे तेलंगाना में पार्टी नेताओं को उन परिस्थितियों के बारे में बताने को कहा, जिनके कारण पार्टी को चुनाव से दूर रहना पड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री को अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 9 सितंबर को करोड़ों रुपये के कौशल विकास घोटाले में गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में हैं और सीआईडी दो अन्य मामलों में उनकी कथित संलिप्तता की भी जांच कर रही है। नायडू का परिवार और टीडीपी इस समय विभिन्न अदालतों में कानूनी लड़ाई में व्यस्त हैं।

### मिजोरम विस चुनाव : अमित शाह आज आएंगे आइजोल

**आइजोल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने के लिए 30 अक्टूबर यहां आ रहे हैं। एक दिवसीय दौरे पर शाह यहां सुबह ममित जिला मुख्यालय पर एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। मिजोरम भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक जॉनी लालथनपुइया ने कहा कि शुरूआत में यह तय था कि अमित शाह के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चुनाव प्रचार में आएंगे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से प्रधानमंत्री का दौरा फिलहाल रद्द कर दिया गया है, लेकिन प्रधानमंत्री का कार्यक्रम बाद में तय हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की जगह अमित शाह चुनाव प्रचार करेंगे।

# वोकल फॉर लोकल से होगा 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना साकार : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में लोगों से त्योहारों के सीजन में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की और कहा कि इससे देश का आत्मनिर्भर बनने का सपना साकार होगा। मन की बात के 106वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने खादी उत्पादों की रिकॉर्ड बिक्री का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों की खरीद से अन्य देशवासियों की भी दीपावली खुशी से मनेगी।



देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी आगामी जयंती पर याद करते हुए प्रधानमंत्री ने मेरी माटी मेरा देश अभियान और मेरा युवा भारत (माय भारत) कार्यक्रम का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि देश की एकता के सूत्रधार सरदार पटेल की जयंती पर देश के कोने-कोने से एकत्रित की गई माटी लेकर अमृत कलश यात्राएं दिल्ली पहुंच रही हैं। इन्हें एक विशाल कलश में डाला जाएगा और इस पवित्र मिट्टी से दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि माय भारत देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण के विभिन्न आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा। वे युवाओं से आग्रह करते हैं कि स्वयं को माय भारत डॉट जीओवी डॉट इन में रजिस्टर कर विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभागी बनें। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर की पुण्यतिथि पर भी उन्हें याद किया।

प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में साहित्य के माध्यम से देश को जोड़ने के लिए चलाए जा रहे एक प्रयास की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु की प्रसिद्ध लेखिका शिवशंकरी ने एक प्रोजेक्ट के माध्यम से 18 भारतीय भाषाओं में लिखे साहित्य का तमिल में अनुवाद किया है। इसके लिए उन्होंने देश के अलग-अलग कोनों तक की भी यात्रा की है। उनके इस प्रोजेक्ट से जुड़े हुए चार वॉल्यूम प्रकाशित हुए हैं। उन्हें उनकी इस संकल्प शक्ति पर गर्व है।

प्रधानमंत्री ने कन्याकुमारी के एके पेरूमल की तमिलनाडु के कहानी कहने की परंपरा को संरक्षित करने के कार्य की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि वे तमिलनाडु के अलग-अलग हिस्सों में यात्रा कर वहां की फोक आर्ट फोर्म को खोज कर अपनी पुस्तक का हिस्सा बनाते हैं। उन्होंने अब तक करीब 100 किताबें लिख डाली हैं। वे तमिलनाडु के मंदिर संस्कृति के बारे में भी शोध करना पसंद करते हैं। प्रधानमंत्री ने जनजाति गौरव दिवस अर्थात भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय समुदाय के नायकों से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। भगवान बिरसा मुंडा ने ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां अन्याय का कोई स्थान ना हो। वे चाहते थे कि हर व्यक्ति को सम्मान और समानता मिले। आज हमारे आदिवासी भाई-बहन प्रकृति की देखभाल और उसके संरक्षण के लिए हर तरह से समर्पित हैं। हम सबके लिए यह बात बहुत ही प्रेरणादायक है।

प्रधानमंत्री ने राजस्थान और गुजरात में जनजातीय समुदाय में विशेष महत्व रखने वाले गोविंद गुरु जी को भी याद किया। 30 अक्टूबर को उनकी पुण्यतिथि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंचित समुदाय के लिए गोविंद गुरु जी ने बहुत काम किया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मानगढ़ नरसंहार में बलिदान मां भारती के सपूतों को भी नमन किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री ने एशियाई गेम और पैरा ओलंपिक में भारत को मिले पदकों को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि वह इन खेलों में भाग लेने वालों को बहुत-बहुत बधाई देते हैं। साथ ही उन्होंने एक स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया। इसमें मानसिक रूप से दिव्यांग प्रतिभागी भाग लेते हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय दल ने 75 स्वर्ण पदक सहित कुल 200 पदक जीते। प्रधानमंत्री ने शक्तिपीठ अंबाजी के मार्ग में गब्बर पर्वत पर कूड़े कबाड़ से बनी प्रतिमाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रयास गब्बर पर्वत का आकर्षण बढ़ाने के साथ ही पूरे देश में वेस्ट टू वेल्थ अभियान के लिए लोगों को प्रेरित करेगा। इसी तरह से वेस्ट टू वेल्थ के एक अन्य प्रयास का भी उन्होंने उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि असम के कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिले में अक्षर फार्म स्कूल में हर हफ्ते बच्चों द्वारा प्लास्टिक से इको फ्रेंडली ईंटें और चाबी बनाने का काम होता है। यहां छात्र को रीसाइक्लिंग करना और प्लास्टिक वेस्ट से प्रोडक्ट बनाना सिखाया जाता है।

प्रधानमंत्री ने महान संत मीराबाई को उनकी 525वीं जयंती पर याद किया। उन्होंने कहा कि उस कालखंड में उन्होंने अपने भीतर की आवाज को सुना और रूढ़िवादी धारणाओं के खिलाफ खड़ी हुईं। एक संत के रूप में भी वह सबको प्रेरित करती हैं।

## आंध्र प्रदेश में 2 ट्रेनों की टक्कर में 6 यात्रियों की मौत, 40 घायल



**विजयनगरम।** आंध्र प्रदेश में ट्रेन हादसा सामने आया है। जानकारी के अनुसार विजयनगरम जिले के कोठावलासा मंडल के कंटाकपल्ली में यह ट्रेन दुर्घटना हुई। विशाखा से रायगड़ा तक जाने वाली पैसेंजर ट्रेन और पलासा से विजयनगरम की ओर आ रही पैसेंजर ट्रेन आपस में टकरा गईं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में 6 व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 40 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद रेल मंत्रालय ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। पूर्वी तटीय रेलवे क्षेत्र के एक अधिकारी ने कहा कि 'विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर (ट्रेन संख्या 08532), विशाखापत्तनम-रायगढ़ा पैसेंजर (ट्रेन संख्या 08504) से टकरा गई। इस घटना में कम से कम 40 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि ऐसी आशंका है कि दुर्घटना में कुछ मौतें भी हुई हैं, लेकिन उन्होंने इसकी तत्काल पुष्टि नहीं की है।' आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को बचाव कार्य करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर के कारण रायगढ़ा पैसेंजर ट्रेन की 3 बोगियां पटरी से उतर गईं। बताया जा रहा है कि बिजली के तार कट जाने के कारण घटनास्थल पर अंधेरा छाया रहा। अंधेरा होने के चलते यहां बचावकार्य में भी परेशानी हो रही है।

## किसानों के साथ राहुल के धान काटने से कांग्रेस को कितना होगा लाभ

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ के एक गांव में किसानों व मजदूरों से मुलाकात कर धान की कटाई में उनका हाथ बटाते हुए उनसे बातचीत की। उसके बाद राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार द्वारा किसानों के लिए किए जाने वाले काम को गिनाते हुए कहा कि जैसे यहां पर किसानों की बेहतरी के लिए काम किये जा रहे हैं ,उसी तरह सभी राज्यों में उनकी सरकार आने पर किसानों को सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यदि बीते कुछ दिनों में कांग्रेस की ओर से जारी किए गए बयानों और सोशल मीडिया पर आ रही प्रतिक्रियाओं को देखा जाए तो स्पष्ट हो जाता है कि इन विधानसभा चुनावों से लेकर लोकसभा चुनावों तक का सियासी एजेंडा क्या रहने वाला है। उसमें किसानों के मुद्दे सबसे महत्वपूर्ण है। उसके बाद ओल्ड पेंशन स्कीम के मामले में कांग्रेस ने जिस तरीके से हिमाचल प्रदेश कर्नाटक में जनता का बड़ा समर्थन पाया है उसको भी आगे रख रही है। कांग्रेस ने जिस तरह से दो दिन पहले अग्निवीर और सेना में भर्ती होने वाले सैनिकों को मिलने



वाली सुविधाओं की तुलना कर उसकी जानकारी साझा की वह भी इस विधानसभा से लेकर अगले लोकसभा के चुनावी मुद्दे के तौर पर ही सामने आई है। राज्य विधानसभा चुनावों में स्थानीय मुद्दों को आगे रखा जायेगा। और लोकसभा के चुनाव में भी इसे आगे रखा जाएगा। इसीलिए राहुल व प्रियंका लगातार कांग्रेस की गारंटी वाली योजनाओं का जिक्र हर सियासी रैलियों और जनता से सीधे मुलाकात के दौरान कर रहे हैं। ताकि जनता को इस बात का भरोसा हो सके कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में किस तरह कांग्रेस उन्हीं मुद्दों के साथ उनके साथ खड़ी है, जिन पर उन्होंने अलग-अलग राज्यों में सरकारें बनाई हैं।

## बनारस : चिकनगुनिया, डेंगू व मलेरिया से लोग परेशान

### लगभग हर दूसरे घर में हैं मरीज

**आरएनएम। वाराणसी**

वाराणसी शहर से लेकर देहात तक में लगभग हर घर में डेंगू, वायरल बुखार-चिकनगुनिया, मलेरिया के मरीज दिख रहे हैं। अस्पतालों में इन मरीजों की भीड़ लग रही है। हर दूसरे घर में कुछ लोग लंगड़ाते हुए चलते मिल जाल जाएंगे। पूछने पर कहते हैं - कुछ दिन पहले बुखार हुआ था, उसके बाद पैर में दर्द या हाथ में दर्द शुरू हो गया, जो खत्म ही नहीं हो रहा है। इसे डॉक्टर चिकनगुनिया बता रहे हैं। जिसको हो रहा है, जल्दी ठीक ही नहीं हो रहा है। वाराणसी के कई गांवों की तो हालत बहुत ही खराब है। पूरा का पूरा गांव ही बुखार की चपेट में हैं। कछवा रोड सेवापुरी ब्लाक के ठटरा गांव में वायरल बुखार व मलेरिया की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई है, दर्जनों लोग बीमार हैं। कोई भी ऐसा घर नहीं है, जहां बुखार का कोई मरीज ना हो। गांव की कुंती देवी (70 वर्ष) की वायरल बुखार के चलते 20 अक्टूबर को इलाज के दौरान मौत हो गई। 27 अक्टूबर को सोमारु बिंद (50 वर्ष), 28 अक्टूबर को किशन जमादार सफाई कर्मी (65 वर्ष) 29 अक्टूबर की सुबह बचाऊ राम गुप्ता (75 वर्ष) की वायरल बुखार के चपेट में आने पर इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव के दर्जनों लोग निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। ज्यादातर वायरल बुखार के चलते सर्दी, जुकाम, सिर में दर्द, पूरे शरीर में दर्द होने पर लोग निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं। निजी अस्पताल में जगह न मिलने पर घर में ही बीमार होने वाले मरीजों का इलाज किया जा रहा है। ऐसे तमाम गांव हैं जहां यह हाल है। बनारस शहर में भी लगभग हर घर में कोई न कोई चपेट में है। जिसके चलते यह चर्चा शुरू हो गई है कि बाहर से लगातार आ रही भीड़ के कारण बनारस में यह वायरल व चिकनगुनिया फैला है। नालियों, नालों व गंगा व वरूणा के किनारे कचरों की ठीक से सफाई नहीं होने के कारण भी इस तरह बीमारी बनारस में बहुत ज्यादा होने की बात कही जा रही है।

### संघ के वरिष्ठ प्रचारक रंगाहरि का निधन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रंगाहरि का रविवार सुबह कोच्चि के एक अस्पताल निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार थे। रंगाहरि 1991 से 2005 तक संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख रहे। सरसंघचालक व सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रंगाहरि के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।




### कमल हासन अभिनीत फिल्म 'इंडियन 2' का फर्स्ट लुक 3 नवंबर को होगा रिलीज

**तमिल** सुपरस्टार कमल हासन की आगामी फिल्म 'इंडियन 2' को लेकर फिल्म के निमार्ताओं ने कहा कि फिल्म का फर्स्ट लुक 3 नवंबर को जारी किया जाएगा। राजनीतिक-एक्शन-थ्रिलर-विजिलेंट-ड्रामा वाली यह फिल्म एस. शंकर द्वारा निर्देशित है। फिल्म के घोषणा पोस्टर का अनावरण लाइका प्रोडक्शंस ने अपने एक्स हैंडल पर किया, जहां उन्होंने लिखा था, 'इंडियन-2 एन इंट्रो' के लिए तैयार हो जाइए, 'इंडियन2' का फर्स्ट लुक 3 नवंबर को रिलीज होगा।''इंडियन 2' में कलाकारों की टोली है, जिसमें कमल हासन के अलावा अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह, प्रिया भवानी शंकर, सिद्धार्थ, समुथिरकानी, बॉबी सिम्हा, सुनील ग्रोवर और विवेक, नेदुमुदी वेणु जैसे अन्य कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म लाइका प्रोडक्शंस और डीएमके राजनेता उदयनिधि स्टालिन की अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड जाइंट मूवीज के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर 'जेलर', 'जवान' और हाल ही में थलपति विजय की 'लियो' में अपने काम के बाद एक बार फिर अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।




### कंगना रनौत ने दर्शकों से 'तेजस' देखने की अपील की



**बॉलीवुड** की 'पंगा क्वीन' के नाम से मशहूर एक्ट्रेस कंगना रनौत की हाल ही में फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद दर्शकों में इसे लेकर उत्सुकता बढ़ी थी, लेकिन दर्शकों की कमी के बाद कंगना ने एक वीडियो शेयर कर दर्शकों से इसे देखने की अपील की है। इस फिल्म में कंगना ने एक महिला पायलट की भूमिका निभाई है। दरअसल कंगना की फिल्म 'तेजस' बॉक्स ऑफिस पर सुपर फ्लॉप रही। फिल्म ने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। अब कंगना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर दर्शकों से इस फिल्म को सिनेमाघरों में जाकर देखने की अपील की है।

### 'बिग बॉस 17' के घर से बाहर हुई सोनिया बंसल

**एक्ट्रेस** सोनिया बंसल 'बिग बॉस' सीजन 17 के घर से बाहर होने वाली पहली कंटेस्टेंट बन गई हैं। और उन्होंने कहा कि वह वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप में वापस आना चाहती है, क्योंकि कई चीजें हैं जो पीछे रह गई हैं, और वह और ज्यादा खेलना चाहती है। शो के मेगास्टार और होस्ट सलमान खान ने घर में हो रही लड़ाइयों पर घरवालों को समझाया और फिर एविक्शन को लेकर चर्चा की। नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स में सनी आर्य, सोनिया, ऐश्वर्या शर्मा, नील



भट्ट और सना रईस खान शामिल थे। 'दबंग' होस्ट ने पब्लिक के वोटों के रिजल्ट का खुलासा किया और बताया कि सना और सोनिया को सबसे कम वोट मिले हैं। इन दोनों का भाग्य अधर में लटक गया, और यह तय करना घर के सदस्यों पर छोड़ दिया गया कि बिग बॉस के मोहल्ले में कौन रहेगा और कौन बाहर निकलने वाला पहला शख्स होगा। घर के सदस्यों से मिले कम वोटों के कारण, सोनिया बंसल का यह सफर खत्म हो गया। सोनिया, दोस्तों से धोखा खाने और बायस्ड सीजन की पहली शिकार हुईं। घर के सदस्यों के अपर्याप्त वोटों के कारण, सोनिया के लिए यह रास्ता खत्म हो गया, जिससे वह अपने तथाकथित दोस्तों से धोखा खाने के बाद पक्षपात के सीजन की पहली शिकार बन गईं।

## राजनीति : 2024 में ओबीसी वोटरों को साध कर जीत की हैट्रिक बनाने की कोशिश में भाजपा

# विपक्ष जातीय जनगणना का खेल रहा कार्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2014 और 2019 के लोक सभा चुनाव में भाजपा की जीत में एक बड़ी भूमिका निभाने वाले देश के ओबीसी वोटरों को लुभाने के लिए इस बार सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही गठबंधनों में होड़ मची हुई है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल जातीय जनगणना का कार्ड खेलकर भाजपा को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। इन दलों की कोशिश खासतौर से समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल जैसे दलों की कोशिश एक तरफ जहां अपने ओबीसी वोट बैंक को भाजपा के पाले में जाने से रोकना है तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा के पाले में जा चुके ओबीसी मतदाताओं को अपने साथ लाना है। विपक्षी दलों की रणनीति को देखते हुए भाजपा ने भी काउंटर रणनीति तैयार कर ली है। भाजपा न केवल देश के ओबीसी वोटरों को यह बार-बार याद दिला रही है कि देश को पहला ओबीसी प्रधानमंत्री भाजपा ने दिया बल्कि



यह भी याद दिला रही है कि ओबीसी समाज से जुड़े सबसे ज्यादा सांसद और विधायक भी भाजपा से ही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तो शुक्रवार को तेलंगाना के सूर्यापेट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह वायदा तक कर दिया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर पार्टी ओबीसी समाज के नेता को ही राज्य का मुख्यमंत्री बनाएगी। बयान जरूर तेलंगाना विधान सभा चुनाव के मद्देनजर तेलंगाना में दिया गया था लेकिन अमित शाह जैसे कद के नेता के यह कहने से देश भर के ओबीसी वोटरों को मैसेज चला जाता है। राहुल गांधी और विपक्षी दलों के अन्य नेताओं द्वारा ओबीसी वोटरों को साधने की कोशिश को विफल करने के लिए भाजपा देश भर में अभियान भी चला रही है।

भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य एवं पार्टी के ओबीसी मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के. लक्ष्मण राहुल गांधी की मांग पर पलटवार करते हुए कहते हैं कि राहुल गांधी और कांग्रेस को ओबीसी के बारे में बात करने का कोई हक नहीं है। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी से लेकर मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार तक ने ओबीसी समाज के लिए कुछ नहीं किया। यहां तक कि मोदी सरकार ने जब पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का प्रस्ताव रखा तब भी कांग्रेस, वामपंथी और क्षेत्रीय दलों ने संसद में इसका विरोध किया था। के. लक्ष्मण ने बताया कि भाजपा देश के ओबीसी वोटरों के बीच जाकर आउटरीच कार्यक्रम और ओबीसी समाज के बुद्धिजीवियों के साथ सम्मेलन कर लगातार कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय दलों के झूठ का पदार्फाश कर रही हैं। उन्हें तथ्यों और आंकड़ों के साथ यह बता रही है कि पिछले 9 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी समाज के लिए ऐसे कई अनगिनत ऐतिहासिक फैसले किए हैं जो इससे पहले की सरकारों ने सोचा तक नहीं था। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह से लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और डॉ के लक्ष्मण सहित सरकार के अनेक मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता अपने कार्यक्रमों, सम्मेलनों और चुनावी रैलियों में एक सुर में यह गिनाते नजर आते हैं कि भारत को पहला ओबीसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में भाजपा ने दिया, भाजपा के 85 लोक सभा सांसद ओबीसी समाज से है। ओबीसी समाज के सबसे ज्यादा विधायक और एमएलसी भी भाजपा के ही हैं। ओबीसी समाज के 27 नेताओं को केंद्र में मंत्री बनाकर प्रधानमंत्री ने ओबीसी समुदाय का मान, सम्मान और गौरव बढ़ाया है। मोदी सरकार ने केंद्रीय शिक्षण संस्थानों और नीट में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया और ओबीसी समाज में पिछड़ गए तबकों के लिए सबसे बड़ी विश्वकर्मा योजना को भी लॉन्च किया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा ने यह तय कर लिया है कि पार्टी विपक्षी दलों की जातीय जनगणना की मांग का विरोध नहीं करेगी बल्कि इसकी बजाय पार्टी सिर्फ ओबीसी समाज के लिए किए गए कामों को गिनाने के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब परिवार से आने और ओबीसी समुदाय से जुड़े होने पर ज्यादा फोकस करेगी।

## गागर में सागर

### राजभवन में एक नवम्बर को मनेगा कई राज्यों का स्थापना स्मृति दिवस



**रांची।** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की ओर से इस बार राजभवन के बिरसा मंडप में कई राज्यों का स्थापना दिवस एक नवम्बर को मनाया जाएगा। इनमें आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, अंडमान-निकोबार, चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप एवं पुडुचेरी शामिल हैं। स्थापना स्मृति दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसमें परफार्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग रांची विवि के विपुल नायक, केरोली स्कूल की नृत्य शिक्षिका कीम मिश्रा और पाजेब नृत्य संस्थान के दीपक सिन्हा को जिम्मेदारी दी गई है।

### मटका कारोबारी आनंद वर्मा हर हफ्ते दो थानों में लगाएगा हाजिरी

**रांची।** मटका (जुआ) कारोबार संचालित करने वाला आनंद वर्मा को थाना में अब हर सप्ताह हाजिरी लगानी होगी। रविवार को वर्मा को हर सप्ताह रविवार को सुखदेवनगर और नरकोपी थाना में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया गया है। हाजिरी नहीं लगाने पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए की रिपोर्ट के आधार पर इससे संबंधित आदेश एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के ऑफिस से जारी किया गया है।

### संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता से झामुमो हताश और निराश : प्रदीप वर्मा

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने रविवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने सुप्रियो भट्टाचार्य को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झामुमो भाजपा प्रदेश बाबूलाल मरांडी की 81विधानसभा क्षेत्रों में संपन्न ऐतिहासिक संकल्प यात्रा से हताश और निराश है। अपनी खिसकते जनाधार से झामुमो परेशान है। जनता में हेमंत सरकार की लूट, झूठ, भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न पूरी तरह उजागर हो चुका है। नाम बदलकर आदिवासियों की जमीन लूटने वाले को परेशान होना स्वाभाविक है। तुष्टिकरण से प्रदेश को अराजकता में झोंकने वाले परेशान होंगे ही। उन्होंने कहा कि जल,जंगल जमीन को किसने लूटा यह जनता को पता लग गया है। गरीबों के अनाज किसने लूटे जनता जान चुकी है। किसके राज में बहन बेटियों को टुकड़ों टुकड़ों में काटा गया, पेट्रोल छिड़क कर जलाया गया यह जनता जान चुकी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई के लिए भाजपा तैयार है। राज्य का ठगबंधन अपने पाप से ही पराजित हो जायेगा।

## अमृत वाटिका को अमरता प्रदान करेगी गांव-गांव की पवित्र मिट्टी : बाबूलाल मरांडी

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत की खुशबू बिखेरेगी अमृत वाटिका : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची रेलवे स्टेशन का वातावरण भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मौका था गांव-गांव से अमृत कलश में संग्रहित पवित्र मिट्टी का नई दिल्ली के लिए रवाना होना। स्पेशल ट्रेन से रविवार को सभी प्रखंडों से लाए गए 312 कलश को भाजपा के नेताओं ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर विदा किया। हाथ में तिरंगा लिए गाजे-बाजे के साथ 641 स्वयंसेवक नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। इनमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल शामिल रहे। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारत की आजादी के अमृत वर्ष में नई दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका का निर्माण भारत की राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूती प्रदान करेगी। भारत



के गांव-गांव की मिट्टी अमृत वाटिका को अमरता प्रदान करेगी। उन्होंने कलश लेकर नई दिल्ली जाने वाले पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों एवं सभी प्रखंडों के कार्यकताओं को बधाई दी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा। अमृत काल आत्मनिर्भर भारत का काल है। यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत का काल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर गांव-गांव से संग्रहित पवित्र मिट्टी, शहीदों की धरती की मिट्टी एक भारत श्रेष्ठ भारत की खुशबू बिखेरेगी। दिल्ली जाने वाले स्वयंसेवकों की टोली में प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डु, बबन गुप्ता, सूरज गुप्ता, भरत यादव, महादेव दुबे, मनीर उरांव, गुंजन यादव, केके गुप्ता, अमृत पांडेय, अशोक शर्मा, संजय चौधरी, अनिल सिंह, चंदन गुप्ता शामिल रहे। कुल 641 लोगों में 636 पुरुष और पांच महिला स्वयंसेवक शामिल हैं।

### 3 दिसंबर को जदयू का कोल्हान प्रमंडल में सम्मेलन आयोजित

**रांची।** जदयू चला गांव की ओर के मंत्र के साथ पार्टी को पंचायत स्तर तक मजबूत करना है। यह बात पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कोल्हान प्रमंडल में 3 दिसंबर को आयोजित प्रमंडलीय सम्मेलन से पूर्व रांची में बैठक के दौरान कही। कहा कि सामाजिक न्याय के साथ विकास के रास्ते संगठन को आगे बढ़ाएंगे। प्रमंडलीय सम्मेलन की शुरूआत वीर शहीदों की धरती कोल्हान से की जा रही है। इस्पात नगरी में मजबूत इरादों के साथ पार्टी आगे बढ़ेगी। तैयारी समिति का गठन किया गया है। बैठक में पार्टी महासचिव श्रवण कुमार समेत सभी नामित सदस्य उपस्थित थे। निर्मल सिंह युवा जदयू प्रदेश अध्यक्ष, विरेन्द्र पासवान अनुसूचित प्रकोष्ठ, प्रदेश अध्यक्ष अंजली सिंह, प्रदेश सचिव सरायकेला खरसावां विश्राम प्रसाद, जिला अध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम कौशलेन्द्र कुमार,युवा महासचिव प्रितेश्वर दुबे, युवा महासचिव यशवन्त सिंह महानगर अध्यक्ष, युवा जदयू बनाया गया है।

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में मनाई गई कार्तिक उरांव जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रसिद्ध शिक्षाविद, समाज सुधारक, टेक्नोक्रेट और राजनेता डॉ कार्तिक उरांव की जयंती बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में धूमधाम से बनाई गई। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मियों ने मुख्यालय स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा बोर्ड रूम में एक स्मृति सभा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं वानिकी संकाय के अध्यक्षता डॉ एमएस मलिक ने कहा कि लोहरदगा से तीन बार सांसद, एक बार विधायक और केंद्र में कई बार मंत्री रहे डॉ उरांव ने जनजातीय समाज के सांस्कृतिक उत्थान एवं उनकी पहचान को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। सांस्कृतिक नृत्य और संगीत को उसकी पारंपरिक गरिमा के साथ संरक्षित संवर्धित करने के लिए वे युवा-युवतियों को बराबर प्रोत्साहित करते थे और कहते थे 'जे नाची से बाची। अनुसूचित जनजातियों की जमीन की सुरक्षा के लिए उन्होंने भूदान आंदोलन का भी विरोध किया जिससे समाज के लोग उन्हें अपना मसीहा मानने लगे।

### झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव एक नवंबर से, मन्दाकिनी भी करेंगी शिरकत



**रांची।** झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव सीजन-4 का आयोजन जमशेदपुर में एक से सात नवंबर तक किया जाएगा। फिल्म फेस्टिवल में फिल्म अभिनेत्री और राम तेरी गंगा मैली फेम मन्दाकिनी भी शिरकत करेंगी। फिल्म फेस्टिवल में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। आयोजकों के अनुसार सामाजिक मुद्दों पर बनी फिल्मों से छात्र वर्ग में जागरुकता आती है। इससे छात्रों को ज्यादा से ज्यादा फिल्में देखनी चाहिए। वैसे इस महोत्सव के दौरान झारखंड की फिल्मों को ऊंचाइयों तक ले जाने वाले निमार्ताओं और कलाकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। एक से छह नवंबर तक अलग-अलग स्थानों पर फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को प्राथमिकता दी जाएगी। सात नवम्बर को फेस्टिवल का आखिरी दिन होगा, जिसमें एक्ट्रेस मन्दाकिनी फिल्म फेस्टिवल शामिल होगी और वे विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित करेंगी।

## आज मनरेगाकर्मी करेंगे मंत्री आलमगीर आलम के आवास का घेराव

# मांग पूरी नहीं होने पर करेंगे हड़ताल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेवा नियमितीकरण सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर राज्यभर के करीब 5600 मनरेगाकर्मी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। अपने आंदोलन के अगले चरण में सोमवार (30 अक्टूबर) को राज्यभर के मनरेगाकर्मी ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास का घेराव करेंगे। मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने क्या कहाः झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले होने वाले इस प्रदर्शन की तैयारी पूरी कर ली गई है। संघ से मिली जानकारी के अनुसार राज्यभर के मनरेगाकर्मी इसमें शामिल होंगे। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि राज्य सरकार मनरेगाकर्मियों की लगातार उपेक्षा कर रही है। जो वादे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था



उसे पूरा नहीं किया जा रहा है। इसलिए राज्यभर के मनरेगाकर्मियों को आंदोलन करने और विभागीय मंत्री काआवास घेरने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

**राज्य के मनरेगाकर्मियों की ये हैं मुख्य मांग :** मनरेगाकर्मियों की सेवा हिमाचल और राजस्थान की तर्ज पर स्थाई की जाए। सेवा स्थाई होने तक लेबर डिपार्टमेंट से निर्धारित वेतन और उसमें 10% प्रति वर्ष की बढ़ोतरी का प्रावधान हो। मनरेगाकर्मियों को सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिया जाए। बेवजह मनरेगाकर्मियों को प्रताड़ित करने पर रोक लगे और बात-बात पर मनरेगाकर्मियों की बर्खास्तगी की परंपरा बंद कर पूर्व में बर्खास्त मनरेगाकर्मियों को पुनः बहाल किया जाए। राज्य में सरकारी नौकरियों में बहाली के समय रोजगार सेवकों की उम्र सीमा में छूट दी जाए।महिला मनरेगाकर्मियों को सवैतनिक मातृत्व अवकाश का लाभ दिया जाए। राज्यभर के मनरेगाकर्मियों का ईपीएफ वर्ष 2018 से काटा जाए। मनरेगाकर्मियों के लिए बॉयोमैट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त की जाए। मनरेगा सामाजिक अंकेक्षण सिर्फ ग्राम सभा द्वारा चयनित लोगों से कराया जाए। मनरेगाकर्मियों की सेवा स्थानीय प्रखंड में ही सुनिश्चित की जाए। सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहींः झारखंड प्रदेश मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि वर्ष 2007 से रोजगार गारंटी योजना 'मनरेगा' में सेवा दे रहे करीब 5600 मनरेगाकर्मियों के हितों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। लगातार आंदोलन और कई बार आश्वासन मिलने के बावजूद सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

**बेवजह मनरेगाकर्मियों को प्रताड़ित करने पर रोक लगे और बात-बात पर मनरेगाकर्मियों की बर्खास्तगी की परंपरा बंद कर पूर्व में बर्खास्त मनरेगाकर्मियों को पुनः बहाल किया जाए**

# महर्षी बाल्मीकि जयंती पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महर्षी बाल्मीकि,शरद पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर रविवार को पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के सदस्यों के सहयोग से 51 किलो दुध की खीर का वितरण 12:30 बजे से किया किया गया। महर्षी बाल्मीकि, शरद पूर्णिमा के अवसर पर गुरू जी महाराज के परम भक्त शिष्य अपने स्वर्गीय भाई माधव कान्त अग्रवाल के जन्मदिवस पर अंजनी कुमार अग्रवाल एव परिवार के सौजन्य से निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे लगभग 1700 से अधिक श्रद्धालुओ ने निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक संस्था एमङ्ग आरङ्ग एसङ्गश्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा



रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) के प्रांगण मे गुरू जी महाराज के परम भक्त अंजनी अग्रवाल एव उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सह संयोजक ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार(ताउ) सदस्य पुरणमल सर्राफ के द्वारा वहां के भक्त जनों ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में 117 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। आज अन्नापूर्णा भंडारे के सह संयोजक ओमप्रकाश सरावगी और पवन कुमार पोद्दार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान की उपस्थिति में अंजनी कुमार अग्रवाल एव उनकी धर्म पत्नी सुमन अग्रवाल पुत्री राधिका अग्रवाल भतीजा आरव अग्रवाल को अन्नापूर्णा भंडारे का स्मृति चिन्ह एव अंग वस्त्र प्रदान कर अन्नापूर्णा माता और राज श्यामा जी(राधा-कृष्ण) भगवान का आशिर्वाद प्राप्त किया।

### झारखंड आंदोलनकारियों ने मानव शृंखला बना स्मार्ट मीटर का किया विरोध

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी के बैनर तले रविवार को बिजली के नये स्मार्ट मीटर के भारी बिल से परेशान होकर अल्बर्ट एक्का चौक में मानव श्रृंखला बनाकर इसका विरोध जताया गया। इसका नेतृत्व आंदोलनकारी लक्ष्मी नारायण मुंडा के किया। उनकी अगुवाई में लोगों ने तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। तख्तियों में लिखा था- झारखंड से विवादित स्मार्ट मीटर हटाओ, केरल की तर्ज पर झारखंड से भी बिजली का विवादित स्मार्ट मीटर हटाओ, स्मार्ट मीटर से तीन गुना से दस गुना बिल बढ़ोतरी वापस लो, विवादित स्मार्ट मीटर की थर्ड पार्टी से जांच कराओ, स्मार्ट मीटर की जांच निःशुल्क करो, दिल्ली की तर्ज पर 200 यूनिट बिजली निःशुल्क करो, बिजली अधिकारी उपभोक्ताओं को ही दोषी बनाना बंद करें। कहा गया कि विवादित स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन तेज किया जायेगा। सोमवार को बैठक कर आगे के आंदोलन की रूपरेखा तय की जायेगी।

## सीआरपीएफ के मेन्यू में अब मिलेट्स उत्पाद भी होंगे शामिल

# बीएयू में जवानों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और ऊर्जा के लिए अब केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के झारखण्ड सेक्टर के जवानों और अधिकारियों के भोजन मेन्यू में स्मॉल मिलेट्स (श्रीअन्न) भी शामिल किए जाएंगे। स्मॉल मिलेट्स में आयरन, सूक्ष्म पोषक तत्वों, प्रोटीन और फाइबर की मात्रा गेहूं, चावल की तुलना में अधिक रहती है। इसी उद्देश्य से सीआरपीएफ के 10 जवानों के एक दल ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान विभाग में स्मॉल मिलेट्स के गुणों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे बनने वाले विभिन्न प्रसंस्कृत पदार्थों की निर्माण प्रक्रिया की विधिवत जानकारी प्राप्त करने के लिए तीन दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सामुदायिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ रेखा सिन्हा तथा



एसआरएफ बिन्दु शर्मा ने उन्हें मिलेट्स से तैयार होने वाले विभिन्न उत्पाद जैसे चावल, रोटी, दलिया, खिचड़ी, हलवा, बिस्किट, कुकीज, केक, लड्डू, सेवई, चाऊमीन, मैक्रोनी आदि बनाने की तकनीकी जानकारी दी तथा विभिन्न मशीनों की कार्यप्रणाली, क्षमता और अनुमानित कीमत के बारे में बताया। पार्टी कमांडर शिव नारायण किस्कू के नेतृत्व में सीआरपीएफ प्रशिक्षणार्थियों का दल आया था। संयुक्त राष्ट्र के निर्णयानुसार वर्ष 2023 को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। श्रीअन्न में मडुआ, गुंदली, बाजरा, कंगनी, सावां, कोदो, कुटकी, चेना, हरी कंगनी आदि शामिल हैं। विभागाध्यक्ष डॉ रेखा सिंह ने बताया कि सीआरपीएफ के आईजी ने हाल में विभाग का भ्रमण किया था और यहां से मडुवा कुकीज खरीदकर ले गए थे। इसके स्वाद और गुणों से प्रभावित होकर उन्होंने अपने बल को प्रशिक्षण के लिए भेजा और कहा कि आवश्यकता अनुसार वहां मिलेट्स के प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्माण के लिए छोटे-छोटे प्लांट भी लगाए जाएंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**शिक्षा विभाग के समन्वय से लाखों...**

यह अभियान चलाया जा रहा है। शीघ्र ही इस अभियान में सीबीएसई तथा आईसीएसई समेत अन्य शैक्षिक बोर्ड के छात्रों को भी जोड़ा जाना है। बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी गीता चौबे तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार भी मौजूद थे।

**स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम देने...**

गुप्त सूचना पर चोरी की घटना में शामिल दानिश अकरम उर्फ विक्की, मो इमरान आलम ओर सरफराज अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार किया तथा चोरी के घटनाओं में शामिल अपने अन्य भागे हुए साथियों का नाम बताया। पुलिस को आरोपितों ने बताया कि वे लोग स्वीफ्ट कार से रेकी करते है तथा स्कूल व अन्य जगह चोरी कर सामान को टाटा मैजिक गाडी में लोड कर कबाडी एंव अन्य जगह बेच देते हैं। टाटा मैजिक गाडी भरनो स्थित डोम्बा में पकड़ा जाने के कारण मो रांची निवासी इमरान आलम के सिसई स्थित गैरेज में आने वाले माल वाहक ऑटो का प्रयोग करने लगा। ये लोग दो दर्जन स्कूल में मिड डे मिल का चावल, गैस सिलेन्डर चूल्हा, बर्तन, बैटरी, इन्वर्टर, किताब कॉपी व अन्य सामान की चोरी करने कि बात स्वीकार किया। इनके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर कुम्हारी स्कूल में चोरी किया गया इन्वर्टर, बैटरी एजाजुल अंसारी के घर सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित भडगांव से बरामद किया गया। आरोपी का कबाड़ी दुकान घाघरा में स्थित है। इस कांड में विभिन्न स्कूलों से मिड डे मिल का चोरी किया गया छह बड़ा गैस सिलेन्डर इश्तेखार अंसारी एचपी गैस सिसई के पास से बरामद किया गया। वाहीद अंसारी के डोम्बा, भरनो के कबाड़ी दुकान से चोरी किया गया बर्तन बरामद किया गया। ये लोग चोरी का सामान बेच कर मिले रुपया को अपने साथियों में डिजिटल पेमेंट के तौर पर बंटवारा करता था।

**देश भर की 300 यूनिवर्सिटी में चार...**

पाठ्यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क' का ड्राफ्ट अंतरराष्ट्रीय स्टैण्डर्ड के अनुसार है। शिक्षा के स्तर में अंतरराष्ट्रीय बराबरी का एक लाभ यह भी है कि भारतीय छात्र को अमेरिका और पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के लिए पहले से अधिक अवसर प्राप्त हो सकेंगे। हालांकि कुछ शिक्षाविद् इससे सहमत नहीं हैं। प्रसिद्ध शिक्षाविद् सीएस कांडपाल के मुताबिक एफवाईयूपी उन छात्रों को मदद करेगी जो अमेरिका के कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में एडमिशन पाने के इच्छुक हैं। लेकिन प्रोग्राम में इस तरह की स्किल सिखाने की जरूरत है जिससे रोजगार बढ़ाया जा सके। इस तरह की स्किल विदेश में पढ़ने वाले छात्रों के भी लिए बहुत मददगार होगी। इन स्किल में कम्युनिकेशन, एडाप्टिबिलिटी, विदेशी भाषा, और सेल्फ-अवेयरनेस शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मूल उद्देश्य देश में तीन साल के प्रोग्राम में ज्यादा संख्या में छात्रों को शामिल करना था। एफवाईयूपी, डिग्री तीन वर्षीय कार्यक्रम का विस्तार है। जैसे कि स्कूलों में आप क्लास में जाते हैं, नोट्स तैयार करते हैं और परीक्षा देते हैं। परीक्षा में आपके प्रदर्शन के हिसाब से आपको ग्रेड मिलता है। इस प्रकार की शिक्षा से छात्र विदेशों में अच्छी यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन शिक्षा पाने के साथ-साथ करियर बनाने के लिए तैयार नहीं होते हैं क्योंकि उनका उद्देश्य मात्र विदेश के विश्वविद्यालय में प्रवेश पाना है। जो संस्थान एफवाईयूपी शुरू करने की योजना बना रहे हैं, उन्हें उसे इस बारे में सोचने की जरूरत है।

**लहलहा रहे उम्मीदों के फूल...**

हो गए और पूरा खेत फूलों से खिल उठा। अजय चाहते हैं कि भविष्य में बड़े पैमाने पर फूलों की खेती करें। इसके लिए उन्होंने सरकार को पॉली हाउस के लिए आवेदन भी दिया है। अजय ने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कुंभ योजना का लाभ लिया है। इससे खेत में महज पांच हजार रुपए में सोलर पैनल लग गया और अब वह लगातार खेती कर सकते हैं। बोकारो के कसमार प्रखंड के चौरा गांव की लीलू देवी उन महिला किसानों में से एक है, जिसने महज कुछ माह में गेंदा फूल की खेती कर अपने परिवार की जिंदगी बदल दी है। उन्होंने महज कुछ हजार रुपये से गेंदा के फूल की खेती शुरू की थी। चार माह बाद ही उन्होंने एक लाख रुपये से अधिक का मुनाफा अर्जित किया। उन्होंने राज्य सरकार की मदद से उसने गेंदा फूल की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। बंगाल से लाकर हाईब्रिड नस्ल के पांच हजार गेंदा के फूल लगाए। झारखंड की राजधानी से 35-40 किलोमीटर दूर खूंटी जिले की पहचान हाल तक नक्सल प्रभावित इलाके के रूप में थी। यहां जंगलों से सटे दर्जनों गांवों में बंदूकें रह-रहकर गरज उठती थीं और पूरी फिजा में फैली बारूदी गंध लोगों को दहशत में डाल देती थी। पर ये गुजरे दौर की बात है। पिछले आठ-दस वर्षों से ये इलाके फूलों की खुशबू से महक रहे हैं। इस साल पूरे जिले में तीन सौ एकड़ से भी अधिक क्षेत्र में गेंदा फूल की खेती हुई है। खूंटी, मुरहू और अड़की प्रखंड के करीब आठ सौ किसानों के बीच इस साल विभिन्न संस्थाओं और कॉरपोरेट कंपनियों की ओर से गेंदा पूल के 15 लाख पौधों का वितरण किया गया है। स्थानीय पत्रकार अजय शर्मा बताते हैं कि खूंटी में फूलों की खेती सबसे पहले हितूटोला की दो महिलाओं ने 2004 में शुरू की थी। उन्होंने लगभग दो एकड़ क्षेत्र में खेती की और इससे उन्हें अच्छा मुनाफा हुआ। नक्सली आतंक का प्रभाव जैसे-जैसे कम होता गया, धीरे-धीरे बड़ी संख्या में महिलाएं फूलों की खेती के लिए प्रेरित हुईं। झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और स्वयंसेवी संस्था प्रदान ने इसमें इनकी खूब मदद की। पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के कंकारी, बसरिया कला, सलतुआ, बंदुआ आदि पंचायतों में इस साल 130 किसानों ने गेंदा, जरबेरा और ग्लैडियोलस के फूलों की खेती की है। यहां भी फूलों की खेती की कमान महिलाओं ने ही संभाली है। इसी तरह लातेहार जिले के चंदवा में राजेंद्र उरांव, निर्मला देवी, सगुना कुमारी सहित कई किसानों के खेतों में फूल लहलहा रहे हैं। इन सबको त्योहारी सीजन में अच्छी कमाई की उम्मीद है। गढ़वा जिले के कृषि सह उद्यान पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद बताते हैं कि जिले में 175 किसानों ने गेंदा फूल, 74 ने ग्लैडियोलस और 60 किसानों ने गुलाब फूल की खेती की है। राज्य बागवानी मिशन योजना के तहत इन सभी को फूलों के पौधे उपलब्ध कराए गए थे। उम्मीद की जा रही है कि दिसंबर-जनवरी तक किसान कुल लागत का पांच से आठ गुणा तक कमाई कर लेंगे। इसी जिले के मेराल प्रखंड के वनखेता निवासी तीन भाइयों रजनीकांत, रवि और मिथिलेश कुमार ने पिछले साल 50 डिसमिल क्षेत्र में गेंदा फूल की खेती की थी और लगभग 70 हजार रुपए की कमाई की थी। रजनीकांत बताते हैं कि पारंपरिक खेती की तुलना में फूलों की फसल ज्यादा मुनाफा देती है। पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत रसिकनगर पंचायत के शुक्ला ग्राम निवासी यशोदा महतो ने पहली बार व्यावसायिक दृष्टिकोण से लगभग 70 डिसमिल क्षेत्र में गेंदा फूल की खेती शुरू की थी। अब इससे हर माह करीब दस से बारह हजार रूपए मुनाफा हो रहा है। परंपरागत अनाज और सब्जियों की खेती से हटकर फूलों की खेती करने वाली महिला किसान यशोदा महतो की पहचान आज एक प्रगतिशील किसान के रूप में होती है।

जामताड़ा के मोहड़ा गांव निवासी अचिंत विश्वास ने दो बीघा जमीन में लगभग दस हजार रुपए की लागत से गेंदा फूल के पौधे लगाए और उन्हें बेहतरीन रिटर्न मिला। दिसंबर तक वह दूसरी बार फूलों के पौधे लगाएंगे और उन्हें उम्मीद है कि वह एक लाख रुपए से ज्यादा की कमाई कर लेंगे। झारखंड के रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो जैसे शहरों में त्योहारी और लगन के सीजन में फूलों की जबर्दस्त डिमांड रहती है। जानकार बताते हैं कि अकेले रांची प्रतिदिन दो लाख रुपये से ज्यादा के फूलों की खपत है। कोलकाता, आसनसोल, चितरंजन, वाराणसी, पटना, गया जैसे शहरों में भी झारखंड के खेतों में उगाए गए फूल पहुंच रहे हैं। पश्चिम बंगाल, बिहार और कर्नाटक के व्यवसायी अब यहां से फूल ले जाते हैं।

**स्पाइक लोह बना सुरक्षाबलों से बचने की...**

ऑपरेशन क्लीन चलाया जा रहा है। ऑपरेशन क्लीन में नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी बमों को जमीन के भीतर से निकालकर निष्क्रिय किया जा रहा है। सर्च के दौरान ही सुरक्षाबलों को बड़े पैमाने पर जंगलों से स्पाइक होल मिले हैं। दरअसल स्पाइक होल जवानों को नुकसान पहुंचाने का बहुत ही पुराना तरीका है , इस तरीके को ताइवान में गुरिल्ला योद्धा इस्तेमाल करते थे। कई छोटे देश भी अपनी सीमा के बचाव के लिए स्पाइक होल का इस्तेमाल करते हैं। अब इसी पुरानी प्रणाली का प्रयोग कोल्हान में नक्सली कर रहे हैं। स्पाइक होल बनाने के लिए जंगल के बीचो बीच गुजरने वाले रास्ते मे एक बड़ा गढ़ा खोद दिया जाता है। उस गड्ढे में टूटा हुआ कांच ,कांटी ,सरिया के टुकड़े और दूसरे शरीर मे तेजी से चुभने वाले समान को डाल कर उसे भर दिया जाता है। बीच में एक आईडी बम रख दिया जाता है जब सुरक्षा बल उस जमीन से होकर गुजरते हैं तब नक्सली उसमे विस्फोट करवा देते हैं।



# भारत-इंग्लैंड के बीच वर्ल्ड कप इतिहास बराबरी का



**एजेंसी। लखनऊ**
1975 में शुरू हुए क्रिकेट विश्व कप के बाद से वे आठ बार आमने-सामने हो चुके हैं। उनके बीच जीतः हार का अनुपात 4ः 4 है।

1975 में लॉर्ड्स में पहली भिड़ंत में, इंग्लैंड ने भारत को हराया था। भारत उस वक्त सीमित ओवरों के क्रिकेट का आदी नहीं था, जबकि इस प्रारूप का आविष्कार करने वाले अंग्रेज, काउंटी प्रतियोगिताओं में एक दशक के अनुभव से वाकिफ थे।

हालांकि, कपिल देव की टीम ने 1983 में ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर में इंग्लैंड को सेमीफाइनल में हरा दिया था और फाइनल में वेस्टइंडीज को हराकर खिताब जीता था।

चार साल बाद, फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने से पहले, इंग्लैंड ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत को हराया था। 1992 में भी पर्थ में इंग्लैंड ने भारत को हरा दिया था।

उनकी अगली मुलाकात 1999 में एजबेस्टन, बर्मिंघम में हुई; और भारत बाजी मार ले गया। दरअसल, भारत ने चार साल बाद किंग्समीड, डरबन में सफलता दोहराई।

उपमहाद्वीप में आयोजित एक टूर्नामेंट में, भारत ने ढाका में एक बार फिर इंग्लैंड को हराया; और महेंद्र धोनी के नेतृत्व में वानखेड़े में ताज हासिल करने के लिए आगे बढ़े।

हालांकि, सबसे हालिया संघर्ष में, चार साल पहले एजबेस्टन में, इंग्लैंड ने भारत को पछाड़ दिया और पहली बार विश्व कप जीता।

## विश्व कप में 20 साल बाद अंग्रेजों पर पायी फतह

# भारत ने इंग्लैंड को 100 रनों से हराया

**एजेंसी। लखनऊ**
क्रिकेट विश्व कप की पूर्व चैंपियन इंग्लैंड पर आखिरकार टीम इंडिया ने जीत हासिल की है। इसके साथ ही इंग्लैंड की टीम टूनार्मेंट से लगभग बाहर हो गई है। क्रिकेट विश्व कप में 6 में से 5 मुकाबले गंवाकर इंग्लैंड 10वें स्थान पर आ गया है। उनके लिए सेमीफाइनल में पहुंचना असंभव है। क्योंकि वह अगर अगले तीनों मुकाबले भी जीत ले तो उनके 8 ही प्वाइंट होंगे जो कि सेमीफाइनल में जाने के लिए काफी नहीं है। बहरहाल, लखनऊ में टीम इंडिया ने औसत बल्लेबाजी के बाद शानदार गेंदबाजी दिखाई और इंग्लैंड को 100 रनों से हरा दिया। टीम इंडिया ने टॉस गंवाने के बाद पहले खेलते हुए रोहित शर्मा के 87, केएल राहुल के 39 तो सूर्यकुमार यादव के 49 रनों की बदौलत 229 रन बनाए थे। जवाब में इंगलैंड की पारी 129 रनों पर ही सिमट गई।

टीम इंडिया की ओर से मोहम्मद शमी ने 4, जसप्रीत बुमराह ने 3 तो कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए। भारत की शुरूआत खराब रही और ओपनर शुभमन गिल (13 गेंदों पर 9 रन) 3.6 ओवर में क्रिस वोक्स की गेंद पर बोल्ड हो गए। भारत को दूसरा बड़ा झटका विराट कोहली के रूप में लगा जो 6.5 ओवर में विले की गेंद पर खराब शॉट के कारण स्टोक्स के हाथों कैच आउट हो गए। अय्यर भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके और वोक्स की 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर मार्क वुड को कैच थमाकर पवेलियन चल दिए। केएल राहुल 30.2 ओवर में विले की गेंद पर बेयरस्टो के हाथों कैच आउट हो गए। रोहित शर्मा 37वें ओवर की पांचवीं गेंद पर लिविंगस्टोन की शानदार कैच का शिकार बने, इस दौरान आदिल राशिद गेंदबाजी पर थे। रोहित ने 101 गेंदों पर 87 रन की शानदार पारी खेली जिसमें 10 चौके और 3 छक्के शामिल थे। टीम को जिस समय जडेजा की जरूरत थी तब मात्र 8 रन बनाकर राशादि की 41वें ओवर की तीसरी गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए।

शमी मात्र एक रन ही बना पाए और 41.2 ओवर में मार्क वुड की गेंद पर बटलर के हाथों कैच आउट हो गए। सूर्यकुमार यादव से मात्र एक रन से चूकते हुए विले की 47वें ओवर की दूसरी गेंद पर वोक्स के हाथों कैच आउट हो गए। सूर्यकुमार ने 47 गेंदों पर 4 चौकों और एक छक्के की मदद से 49 रन बनाए। भारत का 9वां और अंतिम विकेट बुमराह का गिरा जो 16 रन बनाकर 50वें ओवर की अंतिम गेंद पर बटलर की थ्रो पर रन आउट हुए।

जवाब में खेलने उतरी इंगलैंड ने बेयरस्टो की बदौलत अच्छी शुरूआत की लेकिन 5वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने लगातार 2 गेंदों पर दाविद मलान और जो रूट को आऊट कर दर्शकों में उत्साह बढ़ा दिया।



### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 6 | 6 | 0 | 12 | +1.405 |
| सा. अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 10 | +2.032 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.232 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.970 |
| श्रीलंका | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.205 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.387 |
| अफगानिस्तान | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.969 |
| नीदरलैंड्स | 6 | 2 | 4 | 4 | -1.277 |
| बांग्लादेश | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.338 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.652 |

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 87 | 101 | 10 | 3 |
| शुभमन गिल | 9 | 13 | 1 | 0 |
| विराट कोहली | 0 | 9 | 0 | 0 |
| श्रेयस अय्यर | 4 | 16 | 0 | 0 |
| के एल राहुल | 39 | 58 | 3 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव | 49 | 47 | 4 | 1 |
| रवींद्र जाडेजा | 8 | 13 | 0 | 0 |
| मोहम्मद शमी | 1 | 5 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह | 16 | 25 | 1 | 0 |
| कुलदीप यादव | 9 | 13 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 07, **कुल :** 229/9 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-26, 2-27, 3-40, 4-131, 5-164, 6-182, 7-183, 8-208, 9-229 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** डेविड विली 10-2-45-3, क्रिस वोक्स 9-1-33-2, आदिल रशीद 10-0-35-2, मार्क वुड 9-1-46-1, लियम लिविंगस्टन 4-1-29-0, मोईन अली 8-0-37-0

| इंग्लैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉनी बेयरस्टो | 14 | 23 | 2 | 0 |
| डाविड मलान | 16 | 17 | 2 | 1 |
| जो रूट | 0 | 1 | 0 | 0 |
| बेन स्टोक्स | 0 | 10 | 0 | 0 |
| जॉस बटलर | 10 | 23 | 1 | 0 |
| मोईन अली | 15 | 31 | 0 | 0 |
| लियम लिविंगस्टन | 27 | 46 | 2 | 0 |
| क्रिस वोक्स | 10 | 20 | 1 | 0 |
| डेविड विली | 16 | 17 | 0 | 2 |
| आदिल रशीद | 13 | 20 | 2 | 0 |
| मार्क वुड | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 08, **कुल :** 129/10 (34.5 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-30, 2-30, 3-33, 4-39, 5-52, 6-81, 7-98, 8-98, 9-122, 10-129 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 6.5-1-32-3, मोहम्मद सिराज 6-0-33-0, मोहम्मद शमी 7-2-22-4, कुलदीप यादव 8-0-24-2, रवींद्र जाडेजा 7-1-16-1

# करो या मरो मैच में श्रीलंका को अफगानिस्तान से रहना होगा सतर्क

**एजेंसी। पुणे**
लगातार दो जीत से उत्साहित श्रीलंका को वनडे विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ आज होने वाले मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। श्रीलंका और अफगानिस्तान ने अभी तक पांच मैच में दो-दो जीत दर्ज किए हैं और वह सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं। इसके लिए हालांकि उन्हें अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे और अन्य मैच के परिणाम अपने अनुकूल रहने के लिए भी दुआ करनी होगी। इस मैच में हालांकि एक टीम को ही जीत मिलेगी और ऐसे में दूसरी टीम की संभावना लगभग खत्म हो जाएगी। श्रीलंका ने पहले तीन मैच में पराजय झेलने के बाद अगले दो





मैच में जीत दर्ज करके अपनी उम्मीद जगाई है लेकिन वह अगर अफगानिस्तान को कम करके आंकते हैं तो यह उनकी बहुत बड़ी भूल होगी। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड और पाकिस्तान को हराकर अपनी क्षमता का अच्छा परिचय दिया है और वह अब श्रीलंका के खिलाफ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगा।

श्रीलंका को इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में लाहिरू कुमारा की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और मजबूत क्षेत्ररक्षण के कारण जीत मिली। अनुभवी ऑल राउंडर एंजेलो मैथ्यूज के जुड़ने से टीम को मजबूती मिली है। श्रीलंका को हालांकि अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से पहले करारा झटका लगा है क्योंकि कुमारा चोटिल होने के कारण प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह दुशमंत चमीरा को टीम में शामिल किया गया है।

कुमारा के बाहर होने से अन्य गेंदबाजों की जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। दिलशान मदुशंका और कुसान राजिथा ने प्रतियोगिता में अब तक 11 और 7 विकेट लिए हैं और श्रीलंका को अगर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखना है तो उन्हें और स्पिनर महेश तीक्षणा को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। बल्लेबाजी में पथुम निसांका और सदीरा समरविक्रमा इस साल अपने दो सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाजों के रूप में उभरे हैं।

### टीमें इस प्रकार है

**श्रीलंका :** कुसल मेंडिस (कप्तान), कुसल परेरा, पथुम निसांका, दुशमंत चमीरा, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, महेश तीक्षणा, डुनिथ वेलालेज, कासुन राजिथा, एंजेलो मैथ्यूज, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंथा, चमिका करुणारत्ने

**अफगानिस्तान :** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान और नवीन उल हक।

# रोहित बने भारत के 5वें बल्लेबाज

## इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरे किए 18000 रन



**एजेंसी। नयी दिल्ली**
भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने लखनऊ के मैदान पर इंगलैंड के खिलाफ 47 रन बनाते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 18000 रन पूरे कर लिए। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले भारत के केवल 5वें बल्लेबाज हैं। अगर सबसे कम पारियों में 18 हजार रन बनाने की बात हो तो इस लिस्ट में विराट कोहली सबसे ऊपर हैं जिन्होंने 382 पारियों में यह रिकॉर्ड बनाया। रोहित ने यह उपलब्धि 477 पारियों में हासिल की है। रोहित ने अब तक 52 टेस्ट में 3677 रन, 257 वनडे में 10510 रन, 148 टी20 इंटरनेशनल मुकाबलों में 3853 रन बनाए हैं।

### शर्मा ने साल 2023 में 1000 रन भी पूरे

रोहित शर्मा ने साल 2023 में वनडे फॉर्मेट के दौरान अपने 1000 रन भी पूरे कर लिए हैं। वह पांच बार एक साल में 1000 से ज्यादा रन बनाने का कारनामा कर चुके हैं। इस लिस्ट में विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर है जोकि 7 बार एक साल में 1000 से ज्यादा रन बना चुके हैं। सौरव गांगुली ने छह बार, मोहम्मद अजहरुद्दीन, अजय जडेजा, राहुल द्रविड़, महेंद्र सिंह धोनी 2-2 बार ऐसा कर चुके हैं। जबकि वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह, शिखर धवन और शुभमन गिल 1-1 बार ऐसा कर चुके हैं। रोहित टीम इंडिया के सातवें कप्तान हैं जोकि 100 इंटरनेशनल मैचों में कप्तानी कर चुके हैं। इस लिस्ट में महेंद सिंह धोनी 322 मैचों के साथ टॉप पर बने हुए हैं। इसके बाद 221 मैचों के साथ मोहम्मद अजहरुद्दीन दूसरे, 213 मैचों के साथ विराट कोहली तीसरे, सौरव गांगुली 195, कपिल देव 108 तो राहुल द्रविड़ 104 मैचों के साथ छठे स्थान पर बने हुए हैं।

### आंकड़े- सबसे कम पारियों में 18000 इंटरनेशनल रन

- 382 विराट कोहली
- 412 सचिन तेंदुलकर
- 436 राहुल द्रविड़
- 472 सौरव गांगुली
- 478 रोहित शर्मा

### विश्व कप में सर्वाधिक 50+ स्कोर

- 21 सचिन तेंदुलकर (44 पारी)
- 12 रोहित शर्मा (23)
- 12 विराट कोहली (32)
- 12 शाकिब अल हसन (34)
- 12 कुमार संगकारा (35)

# अंतरराष्ट्रीय मैराथन प्रतियोगिता में 30 हजार खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**एजेंसी। बीजिंग**
रविवार सुबह चीन की राजधानी पेइचिंग में एक अंतर्राष्ट्रीय मैराथन प्रतियोगिता में विभिन्न देशों और क्षेत्रों के 30 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। इथियोपिया के खिलाड़ी उल्फता ने 2 घंटे 7 मिनट 41 सेकंड में पुरुष वर्ग का खिताब जीता, जबकि केन्याई खिलाड़ी चेक्किरुई महिला वर्ग में 2 घंटे 21 मिनट 57 सेकेंड के समय के साथ प्रथम स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता रविवार सुबह 7:30 बजे बीजिंग के केंद्र में थ्येनआनमेन स्क्वायर से शुरू हुई और उत्तरी बीजिंग में ओलंपिक सेंट्रल जोन में समाप्त हुई। पुरुषों की दौड़ में 33



किलोमीटर के बाद अग्रणी समूह में सात खिलाड़ी थे। चीनी खिलाड़ी छन थ्येनयु को छोड़कर सभी अफ्रीकी थे। इसके बाद सात खिलाड़ी एक साथ दौड़ते रहे। इथियोपियाई खिलाड़ी उल्फता अंतिम स्प्रिंट में सबसे पहले फिनिश लाइन पर पहुंचे। केवल एक सेकंड ने उन्हें दूसरे स्थान पर मौजूद उनके साथी अमोसालु से अलग कर दिया। तीसरे स्थान पर केन्याई खिलाड़ी चिपुकिची चैंपियन से तीन सेकेंड से पिछड़ गये। चीनी खिलाड़ी छन थ्येनयु ने 2 घंटे, 8 मिनट और 11 सेकंड में दौड़ पूरी की। प्रतियोगिता में वह सातवें स्थान पर रहे और किसी चीनी खिलाड़ी द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाया। महिला वर्ग में केन्याई एथलीटों ने पहले तीन स्थान हासिल किए, जबकि चीनी खिलाड़ी लू इंग 2 घंटे 27 मिनट 49 सेकंड के साथ चौथे स्थान पर रहीं। बीजिंग अंतर्राष्ट्रीय मैराथन प्रतियोगिता 1981 में शुरू की गई थी, जो चीन की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी मैराथन प्रतियोगिता है।

# सुल्तान ऑफ जोहोर कप को भारत वापस लाना है : सीआर कुमार

**एजेंसी। बेंगलुरु**
भारतीय जूनियर पुरुष टीम के कोच सीआर कुमार ने मौजूदा सुल्तान ऑफ जोहोर कप के साथ-साथ आगामी एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 के लिए अपनी तैयारियों के बारे में बात की। टीम इस समय जोहोर बाहरू में है और 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है, जो 27 अक्टूबर को शुरू हुआ और 4 नवंबर को समाप्त होगा।

भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन शामिल हैं। कुमार ने तैयारियों पर प्रकाश डाला, ये खिलाड़ी बहुत भाग्यशाली हैं कि हम साई बैंगलोर में सीनियर पुरुष टीम के साथ रहते हैं। हमें उनके साथ मैत्रीपूर्ण मैच खेलने का अवसर मिलता रहा है और इसलिए लड़कों को उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए आवश्यक मांगों का प्रत्यक्ष ज्ञान है। यूरोपीय टीमों और एशियाई टीमों के बीच अंतर यह है कि वे सामरिक हॉकी और शारीरिक क्षमता का उपयोग करते हैं, जिसे हम अक्सर सीनियर पुरुष टीम के साथ भी अनुभव करते हैं, और यह हमारी मानसिकता को अंतरराष्ट्रीय मानकों के लिए तैयार करता है। हम जानते हैं कि अब इससे कैसे निपटना है और खिलाड़ियों ने अपना दिमाग ठीक कर लिया है।

### संजीत बधवार ने एमएफएन 13 में फेदरवेट खिताब बरकरार रखा

**नोएडा।** फेदरवेट खिताब के मौजूदा चैंपियन संजीत बधवार ने मैट्रिक्स फाइट नाइट के मुख्य कार्यक्रम में अपने प्रतिद्वंद्वी श्यामानंद के खिलाफ एमएफएन 13 में खचाखच भरे नोएडा इंडोर स्टेडियम में एक कठिन मुकाबले में सर्वोच्च स्थान हासिल किया और अपना खिताब बरकरार रखा। मुख्य कार्यक्रम पांच राउंड तक चला। पहले राउंड में, संजीत ने श्यामानंद के चेहरे पर बाएं हाथ का हुक मारा। दूसरे राउंड में संजीत ने जबरदस्त आक्रमण शक्ति का प्रदर्शन किया लेकिन श्यामानंद उन्हें दूर रखने में कामयाब रहे। संयोजन हमलों के साथ, संजीत ने श्यामानंद पर जोरदार प्रहार किये। पाँच राउंड के कड़े मुकाबले के बाद, संजीत को विभाजित निर्णय के माध्यम से विजेता घोषित किया गया।

## विश्व कप 2023 — श्रीलंका के तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा बाहर

# दुष्मंत चमीरा को प्रतिस्थापन के रूप में मंजूरी

**एजेंसी। पुणे**
आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की करने की श्रीलंका की कोशिश को झटका लगा है क्योंकि उनके फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा को बायीं जांघ की मांसपेशी में चोट के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों से बाहर कर दिया गया है। सोमवार को यहां एमसीए इंटरनेशनल स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ श्रीलंका के अहम मुकाबले से पहले पुणे में प्रशिक्षण के दौरान कुमारा की बाईं जांघ में चोट लग गई और उनकी जगह साथी तेज गेंदबाज दुष्मंत चमीरा को टीम में





शामिल किया गया है।

चमीरा के शामिल होने को रविवार को इवेंट टेक्निकल कमेटी ने मंजूरी दे दी। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 की इवेंट तकनीकी समिति ने श्रीलंका टीम में लाहिरू कुमारा के प्रतिस्थापन के रूप में दुष्मंत चमीरा को मंजूरी दे दी है। हालांकि चमीरा, जिन्होंने 44 एकदिवसीय मैच खेले हैं, के पास श्रीलंका के लिए 100 से अधिक मैचों का व्यापक अनुभव है, कुमारा की अनुपस्थिति ध्यान देने योग्य होगी, खासकर क्योंकि उन्होंने पिछले गुरुवार को बेंगलुरु में इंग्लैंड पर उनकी आश्चर्यजनक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां उन्हें अपने 3-35 के प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया था। , जिससे श्रीलंका को 8 विकेट से जीत मिली। कुमारा की चोट श्रीलंका के लिए तीसरा चोट का झटका है, कप्तान दासुन शनाका (क्वाड) और मथीशा पथिराना (कंधे) पहले ही अपनी-अपनी चोटों के कारण बाहर हो गए हैं। श्रीलंका ने वर्तमान में विश्व कप के पांच मैचों में से दो जीत हासिल की है और चार ग्रुप मैच शेष रहते हुए तालिका में पांचवें स्थान पर है।

## धोखाधड़ी का मामला

# बीसीसीआई ने क्रिकेटर वंशज शर्मा पर लगाया दो साल का प्रतिबंध



**एजेंसी। नयी दिल्ली**
भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने जम्मू के रहने वाले युवा क्रिकेटर वंशज शर्मा पर अलग-अलग जन्म तिथियों के साथ कई जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के लिए दो साल का प्रतिबंध लगाया है। शर्मा मूल रूप से जम्मू के बिश्नाह के रहने वाले हैं लेकिन वह बाद में बिहार चले गए थे और अभी वहां के राज्य संघ के तहत खेल रहे थे। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) के प्रमुख ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने कहा, वह वर्तमान में बिहार क्रिकेट संघ के साथ है। वह जेकेसीए के खिलाड़ी नहीं है।' उन्होंने यहां जारी भी विज्ञप्ति में कहा, ह्यवह पहले अंडर 19 खिलाड़ी के रूप में हमारे यहां पंजीकृत था। वह कभी जेकेसीए की तरफ से नहीं खेला। वह बाद में बिहार क्रिकेट संघ से जुड़ गया था और उसने अपनी जन्मतिथि के गलत प्रमाण पत्र दिए थे। बीसीसीआई ने उसे पकड़ लिया और कई जन्म प्रमाण पत्र देने के लिए उसे प्रतिबंधित कर दिया।' विज्ञप्ति में कहा गया है कि शर्मा दो साल तक बीसीसीआई के किसी भी टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकता। उस पर प्रतिबंध 27 अक्टूबर से लागू होगा।